आज का तापमान
| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 28°C | 13°C |

इनसाइड न्यूज
योगी सरकार ने संचारी रोग नियंत्रण में रचा इतिहास, मृत्यु दर में आई...
उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस



सोमवार 16 फरवरी, 2026 / पेज: 12 / मूल्य: ₹ 3.00/- लखनऊ वर्ष: 17, अंक: 126 www.janexpresslive.com/epaper

राहुल गांधी ने ट्रेड डील को बताया किसानों... 12

# ‘नए सिरे से रिश्ते हो शुरू’

## तारिक रहमान के सलाहकार बोले, बदली हुई वास्तविकता को स्वीकार करे भारत

- मोदी नहीं, ओम बिरला जाएंगे बांग्लादेश, तारिक रहमान के शपथ ग्रहण में होंगे शामिल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

बांग्लादेश के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री तारिक रहमान के शपथ ग्रहण समारोह में भारत की तरफ से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला प्रतिनिधित्व करेंगे। यह जानकारी भारतीय विदेश मंत्रालय की तरफ से साझा की गई है। इससे पहले कयास लगाए जा रहे थे कि पीएम मोदी बीएनपी अध्यक्ष के शपथ ग्रहण में शामिल होने के लिए पड़ोसी देश का दौरा कर सकते हैं। लेकिन भारत में एआई इम्पैक्ट समिट के आयोजन और कई देशों के गणमान्य अतिथियों के आगमन समेत अन्य प्रस्तावित कार्यक्रम में व्यस्तता के कारण पीएम मोदी बांग्लादेश नहीं जा सकते हैं। पीएम मोदी का 17 फरवरी को मुंबई में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ द्विपक्षीय बैठक का कार्यक्रम पहले से तय है।



### विदेश मंत्रालय का आधिकारिक बयान

विदेश मंत्रालय की तरफ से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, लोकसभा स्पीकर ओम बिरला, 17 फरवरी, 2026 को ढाका में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के चेयरमैन तारिक रहमान के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की नई चुनी हुई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अहम कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष का शामिल होना भारत और बांग्लादेश के लोगों के बीच गहरी और पक्की दोस्ती को दिखाता है, और हमारे दोनों देशों को जोड़ने वाले डेमोक्रेटिक मूल्यों के प्रति भारत के पक्के प्रतिबद्धता को पक्का करता है। बयान में आगे कहा गया- साझा इतिहास, संस्कृति और आपसी सम्मान से जुड़े पड़ोसियों के तौर पर, भारत बांग्लादेश में तारिक रहमान के नेतृत्व में चुनी हुई सरकार के आने का स्वागत करता है, जिनके विजन और मूल्यों को लोगों का भारी समर्थन मिला है।

### बांग्लादेश के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री का शपथ ग्रहण

पड़ोसी देश में हाल ही में आयोजित हुए 13वें राष्ट्रीय चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने प्रचंड बहुमत हासिल किया है। इसके बाद 17 फरवरी यानी मंगलवार को तारिक रहमान के नेतृत्व में बीएनपी की नई सरकार का शपथ ग्रहण। जानकारी के अनुसार, तारिक रहमान के कैबिनेट में 32 से 42 सदस्य हो सकते हैं, जिसमें अनुभवी और युवा नेताओं को जगह मिलने की उम्मीद है।

### बांग्लादेश का 13वां राष्ट्रीय चुनाव

बीएनपी ने 300 में से 212 सीटों पर जीत दर्ज की है। जबकि जमात-ए-इस्लामी गठबंधन ने 77 सीटों पर जीत दर्ज की है। इसके अलावा अन्य दलों को प्रदर्शन नाकाफी रहा, इसमें इस्लामी आंदोलन बांग्लादेश पार्टी ने एक सीट और सात सीटों पर निर्दलीय उम्मीदवारों ने जीत हासिल की। जबकि पूर्व सत्ताधारी दल अवामी लीग (शेख हसीना की पार्टी) को इस चुनाव में हिस्सा लेने की अनुमति नहीं दी गई।

### बांग्लादेश ने इन देशों को किया है आमंत्रित

राजनयिक सूत्रों के अनुसार, आमंत्रित देशों की सूची में भारत, चीन, पाकिस्तान, सऊदी अरब, तुर्की, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, मलेशिया, ब्रुनेई, श्रीलंका, नेपाल, मालदीव और भूटान शामिल हैं। शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन संसद के साउथ प्लाजा में होगा।

### आपसी लाभ के लिए सहयोग की अपील

अपने बयान में उन्होंने काह कि बांग्लादेश, भारत के साथ नए सिरे से संबंध स्थापित करना चाहता है, क्योंकि अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनकी अवामी लीग पार्टी अब सत्ता में नहीं हैं। बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान के सलाहकार ने जोर देते हुए यह भी कहा कि दोनों देशों को ‘पारस्परिक लाभ’ के लिए मिलकर काम करना चाहिए। बता दें कि तारिक रहमान की पार्टी बीएनपी ने शुक्रवार (13 फरवरी) को जारी हुए चुनाव परिणाम में ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए दो-तिहाई से अधिक सीटों पर विजय हासिल की है। शनिवार (14 फरवरी) को दिए एक साक्षात्कार में कबीर ने इस बात पर जोर दिया कि बीएनपी की शानदार चुनावी जीत के बाद बांग्लादेश में बदली हुई राजनीतिक वास्तविकता को पहचानने की जिम्मेदारी भारत पर है।

### 16 फरवरी को भारत की यात्रा पर आ रहे फ्रांस के राष्ट्रपति

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों कल यानी 16 फरवरी से भारत की यात्रा पर आ रहे हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय ने मैक्रों के दौरे का पूरा शेड्यूल जारी किया है जिसमें वो 16 फरवरी को देर रात दिल्ली पहुंच रहे हैं और 17 फरवरी को उनका मुंबई में कार्यक्रम है। प्रधानमंत्री मोदी मुंबई में मैक्रों के साथ होंगे, जहां राजभवन के दरबार हाल में स्त्र पर हस्ताक्षर होंगे और प्रेस बयान जारी किया जाएगा। मैक्रों का दौरा 19 फरवरी तक रहने वाला है और वो शाम को पेरिस रवाना होंगे। इसलिए अनुमान लगाया जा रहा है कि अंतरराष्ट्रीय दौरे की व्यस्तता के चलते पीएम मोदी शायद ही तारिक रहमान के शपथ ग्रहण में जा पाएं, हालांकि अभी तक इस पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। ▸ संबंधित खबर पेज 12 पर

### शेख हसीना को बताया आतंकी

हुमायूं कबीर ने कहा, ‘यह बदलाव भारत की मानसिकता में आना चाहिए। शेख हसीना और अवामी लीग आज के बांग्लादेश में मौजूद नहीं हैं। जनता ने बीएनपी के पक्ष में स्पष्ट फैसला दिया है।’ इसी के साथ उन्होंने 2024 के अगस्त विद्रोह के बाद भारत आई हसीना को 1500 से अधिक लोगों की मौत के लिए जिम्मेदार ‘आतंकवादी’ बताया। वहीं कबीर ने भारत सरकार से आग्रह किया कि वह यह सुनिश्चित करे कि हसीना या अवामी लीग के अन्य नेताओं द्वारा उसकी भूमि का उपयोग ऐसे तरीकों से न किया जाए जिससे बांग्लादेश में स्थिरता प्रभावित हो सके।उन्होंने आगे कहा, ‘बांग्लादेश की संप्रभुता को कमजोर करने वाली किसी भी गतिविधि में भारत को सहभागी नहीं माना जाना चाहिए। एक बार यह समस्या हल हो जाए तो सामान्य राजनयिक सहयोग फिर से शुरू हो सकता है। हम पड़ोसी हैं और हमें आपसी लाभ के लिए मिलकर काम करना चाहिए।’

### बांग्लादेश का हित सबसे ऊपर: रहमान

तारिक रहमान ने भारत-बांग्लादेश रिश्तों से जुड़े सवाल पर कहा कि हम बांग्लादेश के हितों को सबसे ऊपर रखेंगे। रहमान ने यह भी कहा कि चीन बांग्लादेश का विकास में सहयोगी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में बांग्लादेश और चीन मिलकर काम करते रहेंगे। उनका कहना था कि दूसरे देशों की तरह चीन भी बांग्लादेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जब उनसे पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को भारत से वापस लाने के बारे में पूछा गया, तो रहमान ने कहा कि यह पूरी तरह कानूनी प्रक्रिया पर निर्भर करेगा।

# असम में बनेंगे 4 नए एयरपोर्ट

## चीन से निपटने को ब्रह्मपुत्र के नीचे बनेगी सुरंग

- सरमा ने कहा कि ये सुविधाएं सामरिक और आपदा प्रबंधन की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण हैं

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। दिसपुर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में असम के मोरान में पूर्वोत्तर की पहली इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी का उद्घाटन किया था। इसके ठीक एक दिन बाद मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने एक बड़ी घोषणा की है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने केंद्र से असम में और अधिक इमरजेंसी लैंडिंग सुविधाएं बनाने का अनुरोध किया है। सरमा ने कहा कि ये सुविधाएं सामरिक और आपदा प्रबंधन की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण हैं।

### राज्य में बनेंगे 4 नए एयरपोर्ट

गुवाहाटी में एक प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए सीएम सरमा ने यह जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि असम सरकार अगले महीने नागरिक उड्डयन मंत्रालय के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर करेगी। इस समझौते के तहत माजुली, दीफू, उमरांगसो और मानस में चार नए हवाई अड्डे बनाने के लिए एक स्टडी की जाएगी।

### असम बन रहा है ‘बैकअप स्टेट’


मुख्यमंत्री ने कहा कि मोरान में बनी इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी का असम और पूर्वोत्तर के लिए बहुत बड़ा सामरिक महत्व है। उन्होंने कहा कि चीन के साथ सीमा को देखते हुए अरुणाचल प्रदेश में कई रणनीतिक प्रोजेक्ट चल रहे हैं। वहीं, असम को युद्ध की स्थिति में एक ‘बैकअप स्टेट’ के तौर पर विकसित किया जा रहा है। सरमा ने आगे कहा, ‘हमने केंद्र को पत्र लिखकर राज्य में और अधिक श्वरूम्र बनाने की मांग की है। हमें बाढ़ जैसी आपदाओं के दौरान भी ऐसी सुविधाओं की जरूरत पड़ती है। इन हवाई पट्टियों पर ष्ट130 जैसे बड़े परिवहन विमान राहत सामग्री के साथ आसानी से उतर सकते हैं।‘

### कई बड़ी रणनीतिक परियोजनाएं भी मंजूर

मुख्यमंत्री ने बताया कि असम में एक श्वरूम्र पहले ही खुल चुका है और चार-पांच और बनाने की संभावना है। गौरतलब है कि शनिवार को प्रधानमंत्री मोदी ने डिब्रूगढ़ जिले के मोरान में ष्ट-130छ्व विमान से इस हवाई पट्टी पर ऐतिहासिक लैंडिंग की थी। इसके अलावा, केंद्र सरकार ने असम में कई अन्य बड़ी परियोजनाओं को भी मंजूरी दी है। इसमें ब्रह्मपुत्र नदी के नीचे एक ट्विन-ट्यूब सड़क-सह-रेल सुरंग और ‘चिकन्स नेक’ कॉरिडोर के नीचे एक भूमिगत राजमार्ग का निर्माण शामिल है। इन परियोजनाओं से असम की सामरिक स्थिति और मजबूत होगी।

# यूपी विधानसभा में बजट पर चर्चा आज से

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



विधानमंडल के बजट सत्र के तहत सोमवार से वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट पर चर्चा शुरू होगी। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना पहले विधायकों को बजट पर बोलने का मौका देंगे। शुक्रवार तक होने वाली इस चर्चा का अंत दलीय नेताओं, नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय और नेता सदन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन से होगा। ऐसा अनुमान है कि सीएम अंतिम दिन इस चर्चा पर अपना जवाब देंगे। इसके बाद बजट अनुदानों की मांगों पर विचार और मतदान होगा। अंतिम दिन शुक्रवार को सदन में बजट को पारित कराया जाएगा। बता दें कि वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बीती 11 फरवरी को विधानसभा में 9.12 लाख करोड़ रुपये का बजट प्रस्तुत किया था।

### 17 को विधानसभा का घेराव करेगी कांग्रेस

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने बताया कि भाजपा सरकार की नीतियों के विरोध में और किसान उत्पीड़न को लेकर 17 को विधानसभा का घेराव किया जाएगा। कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि किसानों का हर स्तर पर उत्पीड़न हो रहा है। उसका हर स्तर पर विरोध किया जाएगा।। उन्होंने बताया कि किसान कांग्रेस की ओर से प्रदेशभर में किसान अधिकार गांव संवाद अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत किसान कांग्रेस के पदाधिकारी गांवों में जाकर किसानों को जागरूक करेंगे। उन्हें भाजपा सरकार की गलत नीतियों की जानकारी देंगे। भारतीय राष्ट्रीय किसान कांग्रेस के उपाध्यक्ष एवं प्रभारी संगठन अखिलेश शुक्ला ने कहा कि किसान अधिकार गांव संवाद अभियान के तहत संगठन के पदाधिकारी गांव-गांव जाकर 50-50 किसानों के समूहों में इस समझौते से आने वाले खतरों और नुकसानों के प्रति किसानों को आगाह करेगा। इस दौरान कांग्रेस मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष हिंदवी, बृज मौर्या सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### हिंदुओं की आस्था का अपमान करने का आरोप

अजय राय ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरनंद के चयन पर सवाल उठाकर ना सिर्फ सनातन का बल्कि इस देश के करोड़ों हिन्दुओं की आस्था का अपमान किया है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि वाराणसी को भाजपा सरकार तबाह कर रही है।

### नोटिस के बहाने परेशान करने को मुद्दा बनाएगी सपा

सपा ने एसआईआर में नोटिस के बहाने अपने समर्थक मतदाताओं को परेशान करने का आरोप लगाया है। पार्टी नेताओं का कहना है कि इस मुद्दे पर गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक किया जाएगा। उन्हें संघर्ष के लिए तैयार किया जाएगा। प्रदेश में 1.04 करोड़ मतदाताओं को वर्ष 2003 की सूची से मिलान न हो पाने के कारण, जबकि तार्किक विसंगतियों के कारण 2.22 करोड़ मतदाताओं को नोटिस दिया गया है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एसआईआर में लगे अपने सभी पदाधिकारियों से कहा है कि सपा समर्थक मतदाताओं और खासकर अल्पसंख्यकों को नोटिस के जरिये परेशान किया जा रहा है। इसलिए ऐसे अधिकारियों को जो दस्तावेज देने पर भी नोटिस खत्म नहीं कर रहे हैं, उनकी शिकायत चुनाव आयोग से करने का फैसला किया गया है। कहा है कि आवश्यकता पड़ने पर इस मामले में अदालत का दरवाजा भी खटखटाया जाएगा।

# आनुष्ठानिक व्यस्तता में भी योगी ने जारी रखा जनसेवा अनुष्ठान

- गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री ने किया जनता दर्शन का आयोजन, करीब 150 लोगों से मुलाकात कर सुनीं समस्याएं
- लोगों से बोले सीएम योगी - चिंता मत करें, हर समस्या का होगा समाधान, सबकी होगी भरपूर मदद
- मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिए निर्देश- निष्पक्षता, संवेदनशीलता और तत्परता से करें जन समस्याओं का निराकरण

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर



गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन का आयोजन कर लोगों से मुलाकात की और समस्याएं सुनकर अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। रविवार को देवाधिदेव महादेव की आराधना के विशेष पर्व महाशिवरात्रि पर आनुष्ठानिक व्यस्तता में भी उन्होंने जनसेवा का अनुष्ठान जारी रखा। जनता दर्शन में आए लोगों से मुख्यमंत्री ने कहा, ‘चिंता मत करें, हर समस्या का समाधान होगा, सबकी भरपूर मदद की जाएगी।’ जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीड़ित व्यक्ति की समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और तत्परता से उसका निष्पक्ष और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कराएं। रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 150 लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनका समाधान करने के निर्देश दिए। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे। एक-एक कर सबकी समस्याएं सुनीं। उन्हें आश्वस्त किया कि वह सभी की समस्याओं का समाधान कराएंगे। किसी को भी घबराने की आवश्यकता नहीं है। प्रार्थना पत्रों को उन्होंने अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। जनता दर्शन में कुछ लोग इलाज में आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने उनसे कहा कि इलाज में धन की कमी बाधक नहीं होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज में अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द पूर्ण कराकर शासन में भेजें। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से इलाज के लिए पर्याप्त राशि दी जाएगी। इस दौरान सीएम ने अधिकारियों से कहा कि जो लोग पात्र हैं और किसी कारण से उनका आयुष्मान कार्ड नहीं बन पाया है, उनके आयुष्मान कार्ड बनवाए जाएं ताकि उन्हें इलाज के लिए परेशान न होना पड़े।

### मंदिर परिसर में सीएम ने बच्चों पर लुटाया प्यार

रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर के भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नजर परिजनों के साथ मंदिर आए बच्चों पर पड़ी तो उन्होंने बच्चों को अपने पास बुला लिया, उन पर खूब प्यार लुटाया। उन्होंने बच्चों से उनका नाम और पढ़ाई के बारे में पूछा। उनसे ठिठोली भी की और फिर स्नेहाशीष से खूब पढ़ने के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री ने इन सभी बच्चों को अपने हाथ से चॉकलेट भी दी। इस अवसर पर उन्होंने एक बच्चे को गोद में लेकर अन्नप्राशन भी कराया।

### सीएम ने पुकारा, ‘ओ भोलू’ और भाव विह्वल हो दौड़ आया गोवंश

दृढ़ संकल्पों वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की एक सुपरिचित पहचान गोसेवक की भी है। जब भी वह गोरखनाथ मंदिर प्रवास पर होते हैं गोशाला में जाकर गोसेवा उनकी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा रहती है। रविवार सुबह भी मंदिर की गोशाला में जाकर उन्होंने गोसेवा की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गायों और गोवंश को अपने हाथों से रोटी-गुड़ खिलाया। सीएम योगी यहां कई गोवंश को उनके लिए रखे नामों से बुलाते हैं। रविवार सुबह उन्होंने एक गोवंश को जब यह कहकर पुकारा, ‘ओ भोलू’ तो श्याम रंग का यह बछड़ा भाव विह्वल होकर सीएम योगी की तरफ दौड़ पड़ा। मुख्यमंत्री ने भोलू को खूब दुलारा और उसे अपने हाथों से रोटी-गुड़ खिलाया। मंदिर की गोशाला में जब भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहुंचते हैं तो प्रायः एक मोर भी उनके इर्द-गिर्द आ जाता है। मुख्यमंत्री ने मोर को भी दुलारा और अपने हाथों से रोटी के टुकड़े करके उसे खिलाया।

# कर्नाटक में केमिकल फैक्टरी में धमाका, दो मजदूरों की मौत, चार घायल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बंगलूरू

कर्नाटक के मांड्या जिले में रविवार को केरेकाटे गांव के पास स्थित एक केमिकल फैक्टरी में स्टोरेज टैंक फटने से दो मजदूरों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक धमाका उस समय हुआ जब फैक्टरी को दूसरी जगह शिफ्ट करने की प्रक्रिया चल रही थी और टैंक की सफाई की जा रही थी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि विस्फोट इतना तेज था कि दो मजदूरों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घायल कर्मचारियों को तुरंत मांड्या इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार फैक्ट्री पिछले कुछ समय से अपने उपकरण और रसायन केरेकाटे से नए स्थान पर ले जा रही थी। इसी दौरान टैंक साफ करते समय अचानक धमाका हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और यह पता लगाया जा रहा है कि सुरक्षा मानकों में कहीं लापरवाही तो नहीं हुई। स्थानीय लोगों ने फैक्ट्री के सुरक्षा रिकॉर्ड पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि वर्ष 2022 में भी यहां जहरीली गैस रिसाव की घटना हुई थी, जिससे आसपास की फसलों को नुकसान पहुंचा था और दो कुत्तों की मौत हो गई थी। ग्रामीणों का आरोप है कि उस घटना के बाद से इलाके के लोगों की सेहत पर भी असर पड़ा। ग्रामीणों और किसानों के विरोध के चलते तथा स्थानीय विधायक और जिला प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद पहले ही फैक्ट्री का काम रोक दिया गया था। अब ताजा हादसे के बाद सुरक्षा इंतजामों और प्रशासनिक निगरानी को लेकर फिर से सवाल उठने लगे हैं।

### अचनाक धमाका हुआ और कई लोग आए चपेट में

फैक्ट्ररी में काम करने वाले श्रमिक अमन ने बताया, कंपनी के केमिकल टैंक के पास छह लोग काम कर रहे थे, तभी अचानक धमाका हो गया, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई। उस समय मैं ड्यूटी पर नहीं था... आज सुबह करीब 9 बजे तीन लोगों को इमरजेंसी इलाज के लिए लाया गया... हमें यहां काम करते हुए सिर्फ एक महीना हुआ है... आकाश और कल्लू की मौत हो गई। कल्लू मेरे चाचा थे और कासिम भी घायल है... फैक्ट्री में केमिकल बनाया जाता था, लेकिन मुझे उस केमिकल का नाम नहीं पता।

# सबरीमाला मंदिर: महिलाओं के प्रवेश का मुद्दा फिर गरमाया, अदालत में सुनवाई से पहले विपक्ष ने सरकार से मांगा जवाब

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

केरल में सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश का मुद्दा एक बार फिर गरमा गया है। सुप्रीम कोर्ट में होने वाली अहम सुनवाई से ठीक पहले इस विषय ने राज्य की राजनीति में नई हलचल पैदा कर दी है। विपक्ष ने सत्तारूढ़ एलडीएफ सरकार से साफ रुख बताने की मांग की है। सवाल यह है कि सरकार अदालत में महिलाओं के प्रवेश का समर्थन करेगी या अपना पुराना हलफनामा वापस लेगी।

### सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई से पहले बढ़ी सियासी हलचल

यह मुद्दा इसलिए फिर सामने आया है क्योंकि सुप्रीम कोर्ट सोमवार को 2018 के फैसले से जुड़े रिव्यू और रिट याचिकाओं पर विचार करने वाला है। उस फैसले में हर उम्र की महिलाओं को भगवान अयप्पा के मंदिर में प्रवेश की अनुमति दी गई थी। विपक्षी कांग्रेस का कहना है कि सरकार को अदालत में जाने से पहले जनता को अपना रुख साफ-साफ बताना चाहिए। उनका आरोप है कि सरकार इस संवेदनशील मुद्दे पर अब तक असमंजस की स्थिति में है।

### विपक्ष का सवाल, सरकार का जवाब गोल

नेता प्रतिपक्ष वी डी सतीशन ने मुख्यमंत्री विजयन से पूछा कि क्या सरकार अब भी सुप्रीम कोर्ट में दायर अपने पुराने हलफनामे के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार महिलाओं के प्रवेश के पक्ष में है तो उसे मजबूती से अदालत में यही बात रखनी चाहिए। अगर नहीं है तो हलफनामा वापस लिया जाए। कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने भी कहा कि पूरे केरल में सरकार से साफ रुख की मांग हो रही है और पीछे हटना जनता के साथ धोखा होगा।


### सीपीआई(एम) का रुख, अभी कुछ कहना जल्दबाजी

सत्तारूढ़ दल सीपीआई(एम) ने विपक्ष के आरोपों को खारिज किया है। पार्टी के राज्य सचिव एम वी गोविंदन ने कहा कि सरकार अपना पक्ष अदालत में ही रखेगी और अभी इसे सार्वजनिक करना जरूरी नहीं है। उन्होंने कहा कि भक्तों की भावनाओं और लोकतांत्रिक मूल्यों दोनों का सम्मान किया जाएगा। पार्टी के वरिष्ठ नेता ए विजयराघवन ने भी कहा कि यह मामला बेहद जटिल है और सभी पक्षों को सुनने के बाद ही कोई ठोस फैसला लिया जाना चाहिए।

### एनएसएस और कानून मंत्री की अलग राय

इस बीच नायर सर्विस सोसाइटी ने भी सरकार से महिलाओं के प्रवेश का विरोध करने वाला नया हलफनामा दाखिल करने की मांग की है। संगठन का कहना है कि सदियों पुरानी परंपराओं से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। वहीं, राज्य के कानून मंत्री पी राजीव ने कहा कि सरकार पर जल्दबाजी का दबाव बनाना गलत है। उन्होंने साफ किया कि सरकार अपना पक्ष तभी रखेगी, जब सुप्रीम कोर्ट उससे पूछेगा। गौरतलब है कि 2018 के फैसले के बाद केरल में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए थे।

# महाशिवरात्रि पर तय हुई तिथि, 22 अप्रैल को खुलेंगे केदार मंदिर के कपाट



जन एक्सप्रेस। रुद्रप्रयाग

केदारनाथ धाम के कपाटइस वर्ष 22 अप्रैल को सुबह आठ बजे वैदिक मंत्रोचार और पूरे विधि विधान के साथ खोले जाएंगे। महाशिवरात्रि के महापर्व पर केदारनाथ के रावल जगद्गुरु भीमाशंकर लिंग की मौजूदगी में ओंकारेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना के बाद कपाट खुलने की तिथि तय हुई। भैरवनाथ पूजा 18 अप्रैल को की जाएगी। 19 अप्रैल को चल उत्सव डोली ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ स्थित शीतकालीन गद्दीस्थलस्थल से फाटा की ओर प्रस्थान करेगी। 20 अप्रैल को गौरीकुंड में डोली रात्रि विश्राम करेगी। जिसके बाद 21 अप्रैल को चल उत्सव डोली केदारनाथ पहुंचेगी।

### बदरीनाथ धाम के कपाट 23 अप्रैल को खुलेंगे

बदरीनाथ धाम के कपाट 23 अप्रैल को ब्रह्म काल मुहूर्त पर 6:15 पर खोले जाएंगे। वसंत पंचमी पर बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि घोषित की गई थी।

### अक्षय तृतीया पर खुलेंगे मंदिर के कपाट

उल्लेखनीय है कि गंगोत्री और यमुनोत्री मंदिर के कपाट अक्षय तृतीया पर खुलते हैं। 19 अप्रैल अक्षय तृतीय है। खोले जाएंगे। मंदिर समिति की मौजूदगी में इसका मुहूर्त बाद में तय किया जाएगा।

# उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति और जगद्गुरु ने किया 53वें राष्ट्रीय रामायण मेले का शुभारम्भ

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



राष्ट्रीय रामायण मेले के 53वें महोत्सव का उदघाटन समूहिक रूप से दीप प्रज्जवलित कर अयोध्या से पधारे जगद्गुरू राघवाचार्य महाराज व उच्च न्यायलय के न्याय मूर्ति अजीत कुमार व उत्तर प्रदेष षासन के जल षक्तिराज्य मंत्री रामकेष निषाद ने किया।

जगद्गुरू श्री राघवाचार्य ने राम चरित मानस विष्व का प्रथम ग्रन्थ बताते हुए मानस को राष्ट्रीय ग्रन्थ घोषित किये जाने कि जारूरत बतायी। रामायण विष्व में अनेक है जो दोष रहित है। रामायण भारत का प्राण है रामायण का संदेष जन-जन तक पहुँचाना रामायण मेले का ही उद्देष्य है। उन्होने श्रीराम को सभी जीवों की आत्मा बताया वहीं कहा भगवान का एक नाम न्याय भी हैं। चित्रकूट और अयोध्या दोनों समान है। उन्होने कहा की भगवान श्रीराम ने जानकी जी को बताया था कि चित्रकूट का पर्वत ही अयोध्या है। यहा के जीवों को अयोध्यावासी समझों यहाँ की मन्दाकिनी सरयू का ही रूप है। जगद्गुरू ने कहा की चित्रकूट में भगवान राम हमेषा बास करते हैं। चित्रकूट सतदिन बसत प्रभु श्री लखन समेत। उन्होने बताया कि जानकी जी को जब जक वो चित्रकूट में रही इतना अधिक आनन्द प्राप्त हुआ। उतना कभी मिथला और अयोध्या में नहीं प्राप्त हुआ। राष्ट्रीय रामायण मेला का मूल उद्देष्य धर्म की स्थापना करना है। वहीं उन्होने महर्षि वाल्मीकि के रामायण को विष्व का प्रथम ग्रन्थ बताया कि महर्षि वाल्मीकि ही तुलसी के रूप में जन्म लेकर रामचरित मानस की रचना की उच्च न्यायलय के न्याय मूर्ति अजीत कुमार ने कार्यक्रम की अध्याक्षता करते हुए कहा कि तुलसी बाबा ने यह लिख दिया है कि जो जिस कर्म को कर रहा हैं यानी जो जिस व्यवसाय में लगा है उस व्यवसाय में सत्य को धारण करे और उसी के मार्ग से ईष्वर की पूजा करे। भगवान त्रैता युग में अयोध्या में जन्म लिये थे चित्रकूट भी अयोध्या जैसा है। यहा भी उन्होने निवास किया द्वापर में भगवान कृष्ण के रूप में उन्होने अवतार लिया महाभारत भी सत्य की असत्य पर विजय का ग्रन्थ है जो यह बताता है कि धर्म की स्थापना करने के लिए ईष्वर बार-बार जन्म लेगे यानी जब भी हम अपने धर्म अपने सत्य से हटेगे तब तब ईष्वर इस भूमि की रक्षा करने के लिए स्वयं आयेगे क्योंकि मनुष्य ईष्वर की सबसे सुन्दर रचना है। 53 वें राष्ट्रीय रामायण मेले के उद्घाटन अवसर पर पधारे उ0प्र0 सरकार के जल षक्ति राज्य मंत्री रामकेष निषाद ने कहा कि यह ऐतिहासिक रामायण मेला है इसमें देष भर के विद्वान मर्मज्ञ अध्यात्मिक जानकार चर्चा करते है। रामायण का अनुवाद अनेक भाषाओं में हो चुका है। जो दुनिया के देष हमारी सनातन संस्कृति को मानते और जानते है वहाॅ निष्चित रूप से रामायण की चर्चा होती है।

# महाशिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब, श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर जनपद के समस्त शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। प्रातःकाल से ही भक्तों की लंबी कतारें मंदिरों के बाहर देखी गईं। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक एवं बेलपत्र अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। पूरे दिन और रात 'हर हर महादेव' के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। मंदिरों में विशेष सजावट की गई थी। रंग-बिरंगी रोशनी और फूलों से सजे शिवालय भक्तों के आकर्षण का केंद्र बने रहे। पुजारियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ रुद्राभिषेक एवं शिव विवाह की झांकी का आयोजन भी किया गया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े।

महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रमुख मंदिरों कामदगिरि, रामघाट, हनुमान धारा, चर के सोमनाथ मंदिर, ऋषियन आश्रम सहित अन्य शिवालयों में हजारों श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन किया। अनेक मंदिरों में रात्रि जागरण एवं भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। भजन मंडलियों ने शिव भक्ति से ओत-प्रोत गीतों की प्रस्तुति दी, जिससे श्रद्धालु देर रात तक भक्ति रस में डूबे रहे। शिव तांडव स्तोत्र और शिव महिमा के पाठ से वातावरण आध्यात्मिक बना रहा।

भीड़ को देखते हुए प्रशासन द्वारा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। पुलिस बल की तैनाती के साथ-साथ सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की गई। प्रमुख मंदिरों के बाहर बैरिकेडिंग कर श्रद्धालुओं की कतारों को व्यवस्थित किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम भी आपातकालीन सेवाओं के लिए मुस्तैद रही।

समाजसेवी संस्थाओं एवं स्थानीय संगठनों द्वारा जगह-जगह सेवा शिविर लगाए गए, जहां श्रद्धालुओं को जल, फल एवं प्रसाद वितरित किया गया। कुछ स्थानों पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर भी लगाए गए, जिससे भक्तों को सुविधा मिली। धार्मिक मान्यता के अनुसार महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था। इस दिन व्रत एवं पूजा करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और जीवन में सुख-शांति आती है। भक्त रात्रि में चार प्रहर की पूजा कर शिव की आराधना करते हैं।

### एसपी ने की पूजा-अर्चना

महाशिरात्रि के अवसर पर पुलिस अधीक्षक ए. के सिंह ने चर गांव स्थित सोमनाथ मंदिर में इलाहाबाद विश्विद्यालय के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष रघुनाथ द्विवेदी और मानिकपुर ब्लाक प्रमुख अरविन्द्र मिश्रा के साथ जलाभिषेक किया। इसके बाद अगरहुणा गांव में भागवत कथा के समापन में पहुंचे एसपी को आयोजकों ने सम्मानित किया।

### ऋषियन आश्रम में अनुष्ठान

मऊ क्षेत्र स्थित प्राचीन ऋषियन आश्रम में चल रहे एकादशदिवसीय शिव मंत्र जप श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के तहत महाशिवरात्रि पर्व धूम धाम से मनाया गया। मंदिर स्थित प्राचीन शिव लिंग के जलाभिषेक के लिए सुबह से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। आश्रम के संचालक पं. इन्द्रेश त्रिपाठी ने बताया कि ऋषियन ट्रस्ट द्वारा महाशिरात्रि के अवसर पर आयोजित एकादशदिवसीय शिव मंत्र जप श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ की पूर्णाहुति 17 को होगी तथा समापन अवसर पर विशाल भण्डारे का आयोजन किया जाएगा।

# सांस्कृतिक धरोहर को विकसित करने के लिए प्रदेश सरकार जोर दे रही है: रामकेश निषाद

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



प्रदेश के जल शक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद ने भव्य एवं दिव्य कालिंजर महोत्सव-2026 का फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।उन्होंने प्रदर्शनी के शुभारंभ के उपरांत कालिंजर महोत्सव में लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टाल तथा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा संचालित तीन दिवसीय विकास से संबंधित प्रदर्शनी का भी शुभारंभ किया।कार्यक्रम का आयोजन पर्यटन विभाग एवं जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश के जल शक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद ने कहा कि कालिंजर महोत्सव कालिंजर में नीलकंठ महादेव जी के स्थापित होने पर मनाया जा रहा है।उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक धरोहर को विकसित करने के लिए प्रदेश सरकार जोर दे रही है।उन्होंने कहा कि प्रदेश व केंद्र सरकार तेज गति से विकास कर रही है एवं सभी वर्गों के विकास के लिए विभिन्न जन कल्याणकारी कार्यक्रम एवं योजनाएं संचालित की गई हैं।कालिंजर महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया गया।कार्यक्रम में नटराज संगीत टीम के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया गया।इस अवसर पर मंत्री ने उन्नतशील किसानों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया क्षेत्रीय विधायक ओम मणि वर्मा,जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील सुनील सिंह पटेल,पूर्व सांसद आर के सिंह पटेल,ब्लाक प्रमुख मनफूल सिंह पटेल एवं पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा संजय सिंह एमएलसी प्रतिनिधि आलोक सिंह जनपद के जनप्रतिनिधि तथा जिलाधिकारी जे. रीभा,पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल, अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज,मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पांडे,अपर जिलाधिकारी कुमार धर्मेंद्र,जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# बामदेश्वर मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व पर उमड़ी भक्तो की भीड़



**जन एक्सप्रेस । बांदा**

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर के सुप्रसिद्ध बामदेश्वर मंदिर में महिला श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।सुबह से ही हजारों की संख्या में महिलाएं मंदिर में पूजा-अर्चना करने के लिए पहुंचीं।मंदिर परिसर में महिलाओं की लंबी कतारें देखी गईं,जो अपनी मनोकामनाओं को पूरा करने के लिए भगवान शिव की पूजा कर रही थीं।

महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए मंदिर परिसर में महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी। इसके अलावा,मंदिर में सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन कैमरों के माध्यम से सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी की जा रही थी।मंदिर प्रशासन ने महिला श्रद्धालुओं के लिए अलग से कतार की व्यवस्था की थी,जिससे उन्हें पूजा करने में आसानी हो।महाशिवरात्रि के अवसर पर बामदेश्वर मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया था।मंदिर के पुजारी ने बताया कि महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव की पूजा करने से मनोकामनाएं पूरी होती हैं और जीवन में सुख-समृद्धि आती है।इस अवसर पर मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद थे। उन्होंने मंदिर परिसर का निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

# पार्किंसंस रोग में सुधार करके लिखावट में सुंदरता लाता है आकर्ण धनुरासन: रमेश

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिला मुख्यालय के कुबेर गंज निवासी योगाचार्य रमेश सिंह राजपूत ने बताया कि विद्यार्थियों को अपनी लिखावट सुधारने के लिए बहुत ही उपयोगी आकर्ण धनुरासन योग करना चाहिए। योगाचार्य ने बताया कि इस योग का निरंतर अभ्यास करने वालों की लिखावट में सुधार होने के साथ ही पार्किंसंस रोग नहीं होता है। बताया कि बैठकर किया जाने वाला यह आसन तीन शब्दों आकर्ण, धनु और आसन से मिलकर बना है। जिसमें 'आ' का अर्थ लाना, कर्ण का अर्थ कान, धनु का अर्थ धनुष और आसन का अर्थ मुद्रा है। अर्थात इस योगाभ्यास में पैर के अंगूठे को खींचकर कान के पास लाया जाता है। आसन की पूर्णता की स्थिति में धनुष की तरह आकृति दिखती है। बताया कि इस योगाभ्यास को करने से घुटनों के जोड़, पिंडलियों, जंघा, हिप्स, भुजा, कंधे, सीना, पीठ सभी स्वस्थ लचीले और मजबूत बनते हैं। हाथ पैर की नसें मजबूत बनती हैं तथा जंघा व पेट की चर्बी कम होती है, जिससे मोटापा घटता है। साथ ही कब्ज व पाचन ठीक रहता है तथा लिवर व बड़ी आंत के दोष मिटते हैं। बताया कि इस योग को करने के लिए सर्वप्रथम दंण्डासन में बैठते हैं। फिर दाएं हाथ से बाएं पैर के अंगूठे को और बाएं हाथ से दाएं पैर के अंगूठे को पकड़ते हैं। इसके बाद बाएं पैर के अंगूठे को खींचकर दाएं कान के पास लाकर धनुष जैसी स्थिति बनाते हैं। यही क्रिया दूसरे पैर से दोहराते हैं। सावधानी के तौर पर पेट की सर्जरी या घुटनों के दर्द की दशा में इसे नहीं करना चाहिए।

### सद्गुरु ऋतेश्वर महराज पहुंचे आरोग्यधाम



चित्रकूट। वृन्दावन के श्री आनंदम् धाम ट्रस्ट के पीठाधीश्वर संत सद्गुरु ऋतेश्वर महराज रविवार को महाशिरात्रि के अवसर पर धर्मनगरी पहुंचे। धर्मनगरी स्थित आरोग्यधाम में रात्रि विश्राम के दौरान उन्होंने शिष्यों से मुलाकात की। गौरतलब है कि सद्गुरु ऋतेश्वर महराज श्री आंनदम् धाम के जरिए पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्ति अभियान, नि:शुल्क भोजन सेवा एवं भागवत शोध संस्थान के जरिए समाज कल्याण के कार्य कर रहे हैं। उनका मानना है कि भारत की शिक्षा व्यवस्था में सनातन बोर्ड का गठन किया जाना चाहिए, ताकि भारतीय संस्कृति परंपरा और मूल्यों को संजोया जा सके। उन्होंने शिष्यों को संदेश दिया कि जो कुछ भी किया जाए उसे भगवान का समर्पित किया जाए, जिससे व्यक्ति सदा जीवन मुक्त का अनुभव कर सके।

# विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा ने धूमधाम से मनाया संगठन मुखिया का जन्मदिवस

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



शहर के बबेरू रोड स्थित एक हाल में रविवार को अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा की जिला कमेटी ने संगठन के मुखिया रामआसरे विश्वकर्मा का जन्मोत्सव हर्ष के साथ केक काटकर मनाया।

जिसमें मुख्यातिथि के रूप में सिंचाई विभाग के रिटायर्ड वरिष्ठ लिपिक कल्लूराम विश्वकर्मा ने शिरकत की।जिला मीडिया प्रभारी ललित विश्वकर्मा ने केपी के सामान्य उपाध्यक्ष निर्वाचित होने माल्यार्पण कर कहा कि द्वारिकाधीश की नगरी के रचौया प्रभु विश्वकर्मा थे।सजातियो को रचनात्मक कार्य करने चाहिए।जिला मीडिया प्रभारी विश्वकर्मा ने इसी क्रम में बताया कि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री ने सपा सरकार के कार्यकाल में पिछड़े वर्गों की भलाई की ठीक उसी तरह समाज के हर व्यक्ति के संकट के दिनों में वरिष्ठों को मदद करनी होगी। कहा कि मेरे सहयोग जहां उचित जरूरत समझिए अवगत कराए हमारी सौ फीसदी मौजूदगी रहेगी ये वादा है। सजातीय युवाओं को रचनात्मक कार्य करने चाहिए। मुख्यातिथि ने वकील संघ के उपाध्यक्ष बनने में खुशी जताते हुए कहा कि पहली बार चुनावी मैदान में उतरे और सफलता मिली समाज का सहयोग भी रहा। चीफगेस्ट का जिलाध्यक्ष रामबाबू विश्वकर्मा ने बैज अलंकरण कर स्वागत किया। जिलाध्यक्ष ने सदर विधानसभा कार्यवाहक अध्यक्ष बाबूलाल विश्वकर्मा को घोषित किया। कोषाध्यक्ष एवं शिक्षक मनबोधन विश्वकर्मा ने कार्यक्रम का शानदार संचालन किया। इस दौरान बैंक कैशियर शिवलाल बाबू, संतोष विश्वकर्मा, अक्षय विश्वकर्मा, अभय, सूर्यांश आदि मौजूद रहे।

# स्काउट मास्टर जानकी शरण सहित पांच को हिमालय वुड बैज पार्चमेंट से किया गया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



जनपद के तीन रोवर लीडर एवं दो स्काउट मास्टर को लखनऊ में आयोजित प्रदेश स्तरीय सम्मान समारोह में हिमालय वुड बैज पार्चमेंट प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही बीएसजी ज्ञान प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्वी की रेंजर काजल देवी को भी पुरस्कृत किया गया।

समारोह में जनपद का प्रतिनिधित्व करते हुए रोवर लीडर रामदयाल (बृजेंद्र ओपन रोवर क्रू), ललित कुमार यादव (जिला संगठन कमिश्नर स्काउट), आशीष साहू (भगत सिंह ओपन रोवर क्रू) तथा स्काउट मास्टर सीताराम सिंह (प्राथमिक विद्यालय इटखरी) व जानकी शरण (निषाद राज ओपन स्काउट दल) को भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष डॉ महेंद्र सिंह एवं प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ प्रभात कुमार ने हिमालय वुड बैज पार्चमेंट प्रदान कर सम्मानित किया। सम्मनित हुए सभी रोवर लीडर व मास्टरर्स ने स्काउट-गाइड आंदोलन के माध्यम से ग्रामीण अंचलों से लेकर नगर क्षेत्र तक युवाओं में अनुशासन, सेवा-भावना, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रभक्ति के संस्कार विकसित करने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। जनपद के तीन रोवर लीडर व दो स्टाउट मास्टर्स के सम्मानित होने पर स्काउट के जिला सचिव सुरेश प्रसाद व ट्रेनिंग कमिश्नर मोहन लाल दीन ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाकर जिले का नाम रोशन करने की बात कही।

### मनाया गया ग्रामोदय का स्थापना स्मृति दिवस

चित्रकूट। महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय का स्थापना स्मृति दिवस महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर रविवार को श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर स्थित आनंदेश्वर मंदिर में रुद्राभिषेक, हवन एवं आरती कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. आलोक चैबे ने यजमान के रूप में विधिवत रुद्राभिषेक किया। वैदिक मंत्रोच्चार एवं भक्तिमय वातावरण के बीच संपन्न हुए इस अनुष्ठान में विश्वविद्यालय परिवार के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने श्रद्धाभाव से भाग लिया। स्थापना स्मृति दिवस के पर विगत दिनों आयोजित ग्रामोदय महोत्सव के अंतर्गत संपन्न विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को कुलगुरु प्रो आलोक चैबे ने सील्ड, स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

# नशा मुक्ति अभियान के तहत शिविर का हुआ समापन

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**



राठ में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत चतुर्थ एक दिवसीय सामान्य शिविर का समापन किया गया। इस शिविर का विषय नशा मुक्ति अभियान और युवा रहा। कार्यक्रम का विद्यार्थियों एवं युवाओं को नशे जैसी बीमारी और कुरुतियो से बचाना है। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) सुरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन एवं अध्यक्षता में हुआ। डॉक्टर वेद प्रकाश ने युवा क्या होता है ? उन्होंने बताया की वर्तमान समय में अपनी शक्तियों का सदुपयोग करने वाला व्यक्ति ही युवा है। डॉ आर बी शर्मा ने कहा कि नशे के कारण हमारे मस्तिष्क एवं स्नायु तंत्र पर बुरा प्रभाव पड़ता है । जिस कारण से व्यक्ति नशे का आदी हो जाता है और अपना वर्तमान एवं भविष्य दोनों बर्बाद कर लेता है। किसी के भी दबाव प्रभाव एवं अभाव में नशा को नहीं अपनाना चाहिए। डॉ राजेंद्र कुमार यादव ने कहा कि मानव इस धारा की सबसे सुंदर कृति है अतः नशा अपना कर हमें इस मानव जीवन को बर्बाद नहीं करना चाहिए।उन्होंने महाकवि तुलसीदास जी की कृतियों को उद्धत करते हुए कहा की बड़े भाग मानुष तन पाया।वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जितेंद्र सिंह ने बताया कि नशा एक बीमारी है जो सिर्फ अपने आप को ही बर्बाद नहीं करती है बल्कि आपके साथ आपके परिवार समाज एवं देश को भी खोखला बनाती है। डॉक्टर ऋषि शर्मा ने कहा की नशा शराब से लेकर खून तक आ गया है । व्यक्ति आइंस्टीन से लेकर एपस्टिन फाइल तक पहुंच गया है। हमें नशे की आदत से दूर रहना चाहिए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दुर्गेश कुमार ने विद्यार्थियों को सभी प्रकार के नशा से मुक्त रहने की सलाह दी उन्होंने बताया की डिजिटल मीडिया भी एक नशा है अतः हमें हर प्रकार के नशा से बचना चाहिए ,जो हमें आदि बनाते हो। प्रोफेसर नरेश कुमार सिंह ने कहा कि मानव ही इस प्रकृति का द्योतक है ।और वही आज अपने कुकृतियों द्वारा प्रकृति को नष्ट कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज हम विश्व गुरु बनने की बात करते हैं लेकिन हम किस जगह एवं किस विषय पर विश्व गुरु हैं? हमें अपने आप का स्वयं आकलन करना चाहिए। प्रोफेसर हल्के प्रसाद सिंह ने कहा नशा एक अभिशाप है जो हमारे समाज को पंगु बना रहा है अतः हमें नशा से दूर रहना चाहिए। इस कार्यक्रम के समापन अवसर पर बोलते हुए प्रोफेसर डॉ सुरेंद्र सिंह ने कहा कि मानव को किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहना चाहिए। यह हमारे मन मस्तिष्क पर बुरा प्रभाव डालता है। जिससे हमारे शरीर में विभिन्न प्रकार की केंसर जैसी बीमारी होती हैं। एल्कोहल, तम्बाकू आदि के प्रयोग गुर्दे एवं फेफड़े भी नष्ट हो जाते हैं।कार्यक्रम के दौरान सभी विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई, जिसमें उन्होंने नशा न अपनाने को शपथ ली। इस शिविर में उपासना, दिपांसी, ज्योति कुशवाहा, जूली, संगीता, रानी सूफिया, करिश्मा, सौम्या, महक,लेखराज, जितेंद्र, रोहित कुमार, समिद अली एवं पुष्पेंद्र ने अपने विचार किये।

### राजकिशोर बने माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष

जन एक्सप्रेस/बांदा। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठक आयोजित हुई।बैठक के दौरान सर्वसम्मति से राज किशोर शुक्ला प्रधानाचार्य गांधी इंटर कॉलेज पनगरा को जिलाध्यक्ष एवं राजा कैलाश चंद्र प्रवक्ता डीएवी इंटर कॉलेज को जिला मंत्री चुना गया। शिक्षकों के द्वारा निर्वाचित पदाधिकारियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया।रविवार को आदर्श बजरंग इंटर कॉलेज में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ जिला संगठन की बैठक संगठन के संरक्षक जमुना प्रसाद पांडे की अध्यक्षता में संपन्न हुई।जिसमें जनपदीय निर्वाचन पर विचार करते हुए सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष राज किशोर शुक्ला प्रधानाचार्य गांधी इंटर कॉलेज पनगरा एवं जिला मंत्री राजा कैलाश चंद्र प्रवक्ता डीएवी इंटर कॉलेज को चुना गया।तथा कार्यकारणी के गठन का दायित्व जिला अध्यक्ष एवं जिला मंत्री को दिया गया।बैठक में मंडलीय मंत्री मेजर मिथिलेश कुमार पाण्डेय, प्रांतीय सदस्य पतिराखन सिंह एवं राजेश कुमार तिवारी पूर्व जिला मंत्री अजीत सिंह,रामचंद्र सोनकर,रमेश चंद्र,देव कुमार वर्मा,नीरज शर्मा, रामबाबू वर्मा,ब्रजमोहन सिंह,संगठन मंत्री सूरज प्रजापति,सत्येंद्र कुमार, मंगल प्रसाद,शिवदत्त गुप्ता,गोरेलाल गुप्ता रामायणी आदि शिक्षक उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन भारत भूषण दिवाकर ने किया। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक की कार्यप्रणाली पर असंतोष व्यक्ति किया गया और जनपद स्तर पर शिक्षकों की लंबित समस्याओं के समाधान के लिए अति शीघ्र प्रभावी कदम उठाया जाएगा और समस्याओं का समाधान न होने पर बोर्ड परीक्षा के बाद धरना प्रदर्शन भी किया जायेगा।

# महाशिवरात्रि पर्व पर सिद्ध पीठ माँ मढीदाई में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

महाशिवरात्रि पर्व पर सिद्ध पीठ माँ मढीदाई में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ रही मां मढीदाई मे श्रद्धालु वो भगवान शंकर की मूर्ति पर जलाभिषेक कर हवन पूजन वेल बेलपत्र घतुरा पुष्प दूध दही व अन्य सामग्री चढ़ाकर पूजा अर्चना किया प्रसाद चढ़ाया इसी तरह आम चौराहा अद्धुभुत शिव मंदिर सुन्दर कुआ शिव मन्दिर में भी श्रद्धालुओं की अपार भीड़ रही पूजा अर्चना किया इसी तरह कस्बे के शिवालयो देवालयो में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ रही श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना किया क्षेत्र में भी दिवालयो शिवालयो में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ रही पूजा अर्चना कर प्रसाद चढ़ाया जगह जगह स्टाल लगाकर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया इसके अलावा जनपद रोड नाग बाबा के स्थान से भगवान शंकर जी की बरात डीजे व झांकियों के साथ निकाली गई उदयानंद महाराज द्वारा अद्धुभुत शिव मंदिर आम चौराहे पर पूजा अर्चना आरती करके कमासिन रोड मॉ मढ़ी दाई मन्दिर होते हुए कस्बे के विभिन्न रोड से होकर नाग बाबा के स्थान पर समापन हो गया बरात मे भारी संख्या श्रद्धालु महिला पुरूष बरात के साथ चल रहे थे जगह जगह पर बरात का स्वागत किया गया रोड स्थित पहाड़ी महादेव मंदिर से भगवान शंकर की झांकी निकाली गई जो कस्बे के विभिन्न मार्गो से होते हुये मंदिर में समापन हो गया तमाम श्रद्धालु डीजे के साथ थिरकते रहे। उधर कस्बे के गायत्री शक्तिपीठ बबेरू में पांच कुंडीय यज्ञ कन्या भोज व भण्डारा का समापन हुआ शक्तिपीठ शांतिकुंज के परिव्राजक राम संजीवन साहू एवं उनकी पत्नी सुदामा साहू द्वारा यज्ञ का संचालन किया गया और महाशिवरात्रि पर्व पर प्रकाश डाला और नगर के पुरुष एवं महिलाओं ने यज्ञ में भागीदारी किया और पुष्य लाभ अर्जित किया।

# महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर गौ-पूजन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

रविवार को महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर बड़ोखर ब्लाक के अंतर्गत ग्राम पंचायत अछरौड में संचालित अस्थाई गौशाला में गोपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया गौ माता को गुड़ एवं फल खिलाकर पूजा करके गौ माता का आशीर्वाद लिया। विश्व हिंदू महासंघ गौरक्षा के जिला अध्यक्ष महेश कुमार प्रजापति ने बताया कि आज महाशिवरात्रि का पावन पर्व है आज हम सब का दायित्व बनता है कि आज हम सब नंदी बाबा एवं गौ माता की पूजा करके ही महाशिवरात्रि का पर्व मनाना चाहिए जो आज ऐसी दुख की घड़ी पर गौ माता गौशालाओं में भूख और इलाज के अभाव में दम तोड़ रही हैं ऐसी स्थिति को देखते हुए महाशिवरात्रि का पावन पर्व हम सबको गौशाला में जाकर मानना चाहिए क्योंकि आज भगवान भोलेनाथ भी दुखी हैं क्योंकि उनके सेवक नंदी बाबा को दुख है आज भूख प्यास से मार रहे हैं

आगे महेश कुमार प्रजापति ने बताया कि लगातार गौशालाओं में गोवंश की संख्या कम मिल रही है जिसके वजह से गोवंशों की मौत हुई है या फिर गौशाला से गोवंश गायब किए गए हैं जैसा कि बिसंडा ब्लाक के अंतर्गत ग्राम पंचायत चौसड में संचालित गौशाला का है जहां पर अगस्त



माह में 400 गोवंश संरक्षित किए गए थे लेकिन वर्तमान में सिर्फ 200 गोवंश मिले हैं इसका मतलब गोवंश गौशाला में मृत्यु हुई है या फिर गोवंश वहां से गायब किया गया है।आखिरकार ऐसे गौशाला संचालकों के खिलाफ कार्रवाई कब होगी। जिले के जिम्मेदार अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही कब होगी। जो की लगातार पशु विभाग की जिम्मेदारी होती है गोवंश की गणना करना और समय-समय पर गोवंश की स्वास्थ्य को लेकर जांच पड़ताल करना लेकिन पशु विभाग इतना ज्यादा लापरवाही हो चुकी है की क्षेत्रीय पशु चिकित्सा अधिकारी कभी भी गौशाला में देखने तक नहीं जाते गोवंशों की संख्या कितनी है पहले कितनी थी अब कितनी है।



### फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों का तीन दिवसीय...

भारत और फ्रांस के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों भारत आ रहे हैं। वह अपनी पत्नी ब्रिगिट मैक्रों के साथ तीन दिवसीय दौरे पर रहेंगे। यह दौरा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पिछली फ्रांस यात्रा के बाद हो रहा है। मैक्रों का यह... पढ़ें पेज 12 पर...

# योगी सरकार ने संचारी रोग नियंत्रण में रचा इतिहास, मृत्यु दर में आई उल्लेखनीय कमी

- डेंगू, मलेरिया और एईएस/जेई पर किया प्रभावी प्रहार, डिजिटल सर्विलांस पोर्टल से मॉनीटरिंग हुई मजबूत
- वर्ष 2017 के मुकाबले 2025 में 89 प्रयोगशालाएं हो रहीं संचालित, 86 सेंटिनल और तीन एपेक्स प्रयोगशालाएं शामिल
- एईएस से होने वाली मौतों में 99 प्रतिशत और जेई में 98 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

योगी सरकार ने पिछले नौ वर्षों के दौरान संचारी रोगों के नियंत्रण को लेकर कई व्यापक और परिणामकारी कदम उठाए हैं। योगी सरकार ने डेंगू, मलेरिया तथा एईएस/जेई जैसे गंभीर रोगों पर प्रभावी प्रहार करते हुए जांच, उपचार और मॉनीटरिंग व्यवस्था को मजबूत बनाया। साथ ही डिजिटल सर्विलांस, प्रयोगशालाओं के विस्तार और त्वरित उपचार व्यवस्था से मृत्यु दर में ऐतिहासिक कमी दर्ज की गई है।

### 34 हजार से अधिक लैब में हो रही जांच

स्वास्थ्य सचिव रितु माहेश्वरी ने बताया कि प्रदेश में एकीकृत डिजिटल सर्विलांस पोर्टल (आईडीएसपी) विकसित कर रोगों की निगरानी को सशक्त किया गया है। पोर्टल पर कुल 34,334 लैब पंजीकृत हैं, जिनमें 31,885 सरकारी तथा 2,439 गैर-सरकारी लैब शामिल हैं। इन लैबों के माध्यम से 16 संक्रामक रोगों और 6 वैक्सीन प्रिवेंटेबल डिजीज की नियमित जांच की जा रही है। डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए समयबद्ध सूचना उपलब्ध होने से रोगों की पहचान और नियंत्रण की कार्रवाई तेज हुई है। यही वजह है कि डेंगू की जांच सुविधाओं में उल्लेखनीय विस्तार हुआ है। वर्ष 2017 में जहां 29 जनपदों में मात्र 36 प्रयोगशालाएं संचालित थीं, वहीं वर्ष 2025 तक प्रदेश के सभी जनपदों में 89 प्रयोगशालाएं क्रियाशील हो चुकी हैं। वर्तमान में 86 सेंटिनल प्रयोगशालाएं और तीन एपेक्स प्रयोगशालाएं कार्यरत हैं। इससे डेंगू की उन्नत जांच सुविधा प्रदेशभर में उपलब्ध कराई जा रही है। जांच और उपचार व्यवस्थाओं में सुधार से डेंगू की मृत्यु दर जहां वर्ष 2017 में 0.91 थी, जो वर्ष 2025 में घटकर 0.06 रह गई है। इस अवधि में मृत्यु दर में लगभग 94 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है।

### एईएस से होने वाली मौतों में 99 प्रतिशत और जेई में 98 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई

सचिव ने बताया कि मलेरिया नियंत्रण के क्षेत्र में भी प्रदेश ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। वर्ष 2017 में सूचित मलेरिया रोगियों की संख्या 32,342 थी, जो वर्ष 2025 में घटकर 14,688 रह गई। इस प्रकार कुल रोगियों में लगभग 55 प्रतिशत की कमी आई है। वहीं जांचों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। वर्ष 2017 में 46.69 लाख मलेरिया जांचें की गई थीं, जबकि वर्ष 2025 में यह आंकड़ा बढ़कर 1.54 करोड़ तक पहुंच गया है। यानी जांचों की संख्या में 229 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसी तरह एईएस/जेई नियंत्रण कार्यक्रम के तहत भी उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। वर्ष 2017 से लेकर 2025 तक एईएस रोगियों की संख्या में 85 प्रतिशत की कमी आई है। एईएस से होने वाली मौतों की संख्या में 99 प्रतिशत तथा रोग मृत्यु दर में 94 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। इसी प्रकार जेई के रोगियों की संख्या में 96 प्रतिशत की कमी आई है, जबकि जेई से होने वाली मृत्यु में 98 प्रतिशत और रोग मृत्यु दर में 76 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। यह उपलब्धि विशेष रूप से पूर्वांचल के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है, जहां कभी एईएस/जेई गंभीर चुनौती बने हुए थे।

### ब्लॉक स्तरीय इंसेफलाइटिस ट्रीटमेंट सेंटर से इलाज की क्षमता हुई सुदृढ़

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्ष 2017 में सूबे की कमान संभालने के बाद दिमागी बुखार के समूल उन्मूलन को उच्च प्राथमिकता देते हुए प्रभावित जिलों में व्यापक प्रयास सुनिश्चित किए। इसमें गोरखपुर और बस्ती मंडल के सभी सघन चिकित्सा इकाइयों में वेंटिलेटर सुविधा स्थापित की गई। इसके अतिरिक्त पीआईसीयू, ब्लॉक स्तरीय इन्सेफलाइटिस ट्रीटमेंट सेंटर, वेंटिलेटर, सेंटिनल तथा एपेक्स प्रयोगशालाओं की स्थापना कर उपचार क्षमता को सुदृढ़ किया गया। इससे गंभीर मरीजों को समय पर विशेषज्ञ उपचार उपलब्ध हो सका। योगी सरकार ने संचारी रोगों की रोकथाम के लिए केवल चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार ही नहीं किया, बल्कि जागरूकता अभियानों, स्वच्छता कार्यक्रमों और सामुदायिक सहभागिता पर भी विशेष बल दिया। गांव-गांव सर्वे, लार्वा निरोधक छिड़काव, फॉगिंग तथा आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से घर-घर संपर्क अभियान चलाए गए। डिजिटल मॉनिटरिंग के माध्यम से प्रभावित क्षेत्रों की त्वरित पहचान कर नियंत्रण उपायों को प्रभावी बनाया गया, जिससे संचारी रोगों पर पूरी तरह से नियंत्रण पाया गया।

# स्टाफ हाइडिल कॉलोनी में बढ़ती चोरियों से दहशत, पुलिस से गश्त बढ़ाने की मांग

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

- लगातार घटनाओं से सहमे निवासी, संदिग्धों की गिरफ्तारी के बाद सख्त कार्रवाई और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की अपील

स्टाफ हाइडिल कॉलोनी में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से कॉलोनीवासियों में भय और आक्रोश का माहौल है। इस संबंध में निवासियों ने सुल्तानगंज पुलिस चौकी के प्रभारी को पत्र भेजकर प्रभावी कानूनी कार्रवाई और क्षेत्र में नियमित पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है। निवासियों के अनुसार 13 फरवरी 2026 को आवास संख्या 2/52 में दिनदहाड़े चोरी की घटना हुई, जिसकी प्राथमिकी दर्ज कराई जा चुकी है। इसके बाद 14/15 फरवरी की रात कुछ संदिग्ध व्यक्ति आवास संख्या 2/31 और 2/32 में चोरी की नीयत से घुसने का प्रयास कर रहे थे, जिन्हें पुलिस ने मौके पर पकड़ लिया। लगातार हो रही घटनाओं ने कॉलोनी की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में पर्याप्त पुलिस गश्त न होने से असामाजिक तत्व सक्रिय हो गए हैं, जिससे लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। कॉलोनीवासियों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि पकड़े गए संदिग्धों से गहन पूछताछ कर पूरे मामले का खुलासा किया जाए, उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और क्षेत्र में नियमित गश्त बढ़ाकर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लग सके।

# निरीक्षण हुआ, सवाल बाकी : शिकायत पर कार्रवाई या औपचारिकता?

- आशियाना के वेज कबाब प्रतिष्ठान से पनीर का नमूना जांच को भेजा

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**




खाद्य प्रतिष्ठानों की निगरानी को लेकर प्रशासनिक सख्ती के दावे भले किए जाते हों, लेकिन जमीनी कार्रवाई पर सवाल लगातार खड़े हो रहे हैं। आशियाना क्षेत्र में संचालित 'राज वेज कबाब' नामक प्रतिष्ठान के खिलाफ दर्ज शिकायत पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने निरीक्षण कर आख्या जिलाधिकारी को भेज दी है, पर पूरी प्रक्रिया को लेकर पारदर्शिता और गंभीरता पर चर्चा शुरू हो गई है। सहायक आयुक्त (खाद्य) कार्यालय की रिपोर्ट के अनुसार शिकायत संख्या 40015726010454 के निस्तारण के लिए 4 फरवरी 2026 को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने मौके पर जांच की। निरीक्षण में प्रतिष्ठान को शाकाहारी भोजनालय पाया गया और वहां मांस या मछली नहीं मिली। प्रतिष्ठान संचालक द्वारा वैध खाद्य लाइसेंस भी प्रस्तुत किया गया। हालांकि गुणवत्ता को लेकर संदेह के आधार पर पनीर का नमूना जांच के लिए भेजा गया है तथा प्रतिष्ठान में पाई गई कमियों पर सुधार नोटिस जारी किया जा रहा है। विभाग ने कहा है कि रिपोर्ट आने और नोटिस के जवाब के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। लेकिन सवाल यह है कि शिकायतकर्ता की अनुपस्थिति में निरीक्षण की प्रक्रिया कितनी प्रभावी मानी जाए? क्या शिकायत की मूल आशंकाओं का ठोस परीक्षण हुआ या मामला औपचारिक कार्रवाई तक सीमित रह गया? खाद्य सुरक्षा व्यवस्था पर पहले भी उठते रहे सवालों के बीच यह मामला भी निगरानी तंत्र की गंभीरता की परीक्षा बन सकता है। अब नजरें जांच रिपोर्ट पर टिकी हैं – क्या कार्रवाई सख्त होगी या फाइलों में सिमट जाएगी।

# प्रदेश के मदरसा मिनी आईटीआई पर संकट, एक साथ बंद हो सकता है 58 का संचालन, रोका गया बजट



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

प्रदेश के 58 मदरसों के मिनी आईटीआई के संचालन पर ब्रेक लग सकता है। अल्पसंख्यक कल्याण निदेशालय ने इनका बजट जारी करने पर रोक लगा दी है। इन सभी मिनी आईटीआई सेंटरों के मानकों की जांच की रिपोर्ट आने के बाद निदेशालय ने शासन को पत्र भेज कर बजट आवंटित करने के लिए मार्गदर्शन मांगा है। मदरसा शिक्षा परिषद के मान्यता प्राप्त मदरसों के विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए वर्ष 2004 में प्रदेश के 140 मदरसों में मिनी आईटीआई की शुरूआत की गई थी। मौजूदा समय में मदरसा बोर्ड प्रदेश के 47 जिलों में 126 मदरसों में वोकेशनल ट्रेनिंग कोर्स (मदरसा मिनी आईटीआई) संचालित करता है। इसमें कारपेंटर, कम्प्यूटर आपरेटर एंड प्रोग्रामिंग एसिसटेंट, सिलाई, कढ़ाई, इलेक्ट्रीशियन, हेयर एंड स्किन केयर, प्लंबर सहित 21 ट्रेड में प्रशिक्षण दिया जाता है। मिनी आईटीआई में अनुदेशक, स्टोरकीपर और चपरासी के पद पर 510 कर्मचारी तैनात हैं। अल्पसंख्यक कल्याण निदेशालय से बजट जारी न होने की वजह से कर्मचारियों को बीते करीब 8 महीने से वेतन और एरियर का भुगतान नहीं हो पा रहा है। अल्पसंख्यक कल्याण निदेशक ने 68 मिनी आईटीआई के लिए 3 करोड़ 10 लाख 47500 रुपये का बजट जारी कर दिया लेकिन 58 मदरसों के मिनी आईटीआई के बजट पर रोक लगा कर मानकों की जांच के आदेश दिए थे। जांच में 35 मदरसों में 2 ट्रेड, 12 मदरसों में 1 ट्रेड, 2 मदरसों में एक भी ट्रेड संचालित नहीं पाई गई जबकि 7 मदरसां में ट्रेड का खर्च मदरसा प्रबंधन खुद वहन करता पाया गया। कार्यरत कर्मचारियों ने अपना बकाया वेतन भुगतान के लिए हंगामा किया तो निदेशक ने बजट आवंटन के लिए शासन को पत्र भेज कर गेंद शासन के पाले में डाल दी है।

### नहीं हो पा रहा है भुगतान

मदरसा बोर्ड की रजिस्ट्रार एवं मदरसा वोकेशनल ट्रेनिंग की निदेशक अंजना सिरोही ने बताया कि निदेशालय से बजट का आवंटन न होने की वजह से सेंटरों पर कार्यरत कर्मचारियों का वेतन भी भुगतान नहीं हो पाया है। उन्होंने बताया कि मदरसा मिनी आईटीआई के संचालन के लिए प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय कमेटी की बैठक में 10 फरवरी को बजट और सेंटरों के संचालन पर निर्णय लिया जाएगा। मदरसाज मिनी आईटीआई स्टाफ वेलफेयर एसोसिएशन की महासचिव सूफिया बानों का कहना है कि अगर किसी मिनी आईटीआई सेंटर पर कोई पद खाली है तो कर्मचारियों का वेतन रोकने का ये आधार नहीं हो सकता है। ट्रेड तभी संचालित होंगे जब प्रशिक्षकों की नियुक्ति होगी। नियुक्ति करने अधिकार मदरसों को नहीं है।

### ये हैं मानक

- प्रशिक्षक की अवधि न्यूनतम एक वर्ष, अधिकतम दो वर्ष होगी
- मदरसा प्रबंधन को न्यूनतम 3 ट्रेड का संचालन करना होगा लेकिन शुरुआत एक ट्रेड से हो सकती है
- प्रत्येक ट्रेड में विद्यार्थियों की संख्या न्यूनतम 12 व अधिकतम 16 होगी
- तीन ट्रेड वाले मदरसे में तीन अनुदेशक, एक चपरासी, एक स्टोरकीपर/लिपिक होगा

# 15 हजार समर्थकों के साथ कांग्रेस छोड़ सपाई हुए नसीमुद्दीन सिद्दीकी, कई पूर्व विधायकों ने थामा सपा का हाथ



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

बसपा सरकार में कई विभागों के कैबिनेट मंत्री रहे नसीमुद्दीन सिद्दीकी रविवार को अपने समर्थकों समेत सपा में शामिल हो गए। उनके साथ ही पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां उर्फ फूल बाबू ने भी सपा का दामन थाम लिया। सपा अध्यक्ष और पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने उन्हें पार्टी में ज्वाइनिंग दी। नसीमुद्दीन के कांग्रेस छोड़कर सपा में आने पर अखिलेश ने कहा कि उन्होंने सिर्फ मकान बदला है, मोहल्ला नहीं। यानी अभी भी इंडिया गठबंधन में ही हैं। इसके अलावा कई अन्य प्रमुख नेता भी सपा में हुए। शामिल होने वाले प्रमुख नेताओं में देवरिया के पूर्व विधायक दीनानाथ कुशवाहा, प्रतापगढ़ सदर के पूर्व विधायक राजकुमार पाल, कन्नौज से एआईएमआईएम के प्रत्याशी रहे डॉ. दानिश खान, पूर्व विधान परिषद सदस्य हुस्ना सिद्दीकी, पूनम पाल और पहली ड्रोन पायलट रंजना पाल भी समाजवादी पार्टी में शामिल हुईं। इस अवसर पर नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि 15 हजार 7 सौ 18 लोग विभिन्न दलों को छोड़कर समाजवादी पार्टी में शामिल हुए। सपा मजबूत होगी तो हम सब मजबूत होंगे। हमारा लक्ष्य 2027 में उत्तर प्रदेश में सपा की सरकार बनाना है। अखिलेश यादव ने कहा कि फूल बाबू के आने से बहुतों के फूल मुरझा गए हैं। जो नेता शामिल हुए हैं, उनके राजनीतिक सम्मान का पूरा ख्याल रखा जाएगा। इन नेताओं के चुनाव लड़ने की बात भी कही। होली मिलन से पहले यह पीडीए होली मिलन हो रहा है। यहां बता दें कि फूल बाबू भी बसपा सरकार में मंत्री रहे थे।

# सुभासपा विधायक बेदी राम का एक और ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल, जमीन कब्जे का है मामला

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के विधायक बेदी राम फिर विवादों में हैं। नगर निगम के लेखपाल को धमकाने के कथित वीडियो के बाद अब रविवार को उनका एक और ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें वह प्रॉपर्टी डीलर तारा सिंह बिष्ट के साथ रास्ते की जमीन को लेकर तीखी बहस करते सुनाई दे रहे हैं। ऑडियो में तारा सिंह बिष्ट विधायक पर भैंसोरा क्षेत्र में 40 फीट के रास्ते पर बाउंड्री बनाकर कब्जा करने का आरोप लगा रहे हैं। वहीं, विधायक बेदी राम का दावा है कि रास्ता केवल 16 फीट का है और उन्होंने खुद अपनी जमीन से 6 फीट रास्ता दिया है। बातचीत के दौरान दोनों के बीच तीखी झड़प हुई, जिसमें विधायक ने खुद को भी प्रॉपर्टी डीलर बताते हुए जमीन के कागजों की जानकारी होने की बात कही। इस मामले में अमर उजाला ने विधायक बेदी राम से बात की तो उन्होंने ऑडियो को करीब तीन साल पुराना बताते हुए इसे एक साजिश करार दिया है। उनका कहना है कि उन्होंने रास्ता रोकने के बजाय अपनी जमीन दान दी है। वहीं, तारा सिंह बिष्ट ने बताया कि वह पहले प्रॉपर्टी का काम करते थेए अब किसान यूनियन के नेता है। यह ऑडियो बीते साल नवंबर का है। उन्होंने आरोप लगाया कि विधायक ने उन्हें धमकाया था, जिसकी शिकायत पुलिस से की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# पंकज सिंह ने चौपाल कार्यक्रम में गिनाई बजट की जन कल्याणकारी योजनाएं

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



प्रदेश उपाध्यक्ष व नोएडा से विधायक पंकज सिंह ने राजाजीपुरम स्थित एसकेडी एकेडमी में 'बजट चौपाल' कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में विकसित भारत के बजट के प्रावधानों एवं केंद्र सरकार द्वारा गरीबों, वंचितों, युवाओं एवं महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण हेतु चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत चर्चा की। चौपाल में महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी और पश्चिम विधानसभा उपविजेता अंजनी श्रीवास्तव मुख्य रूप से उपस्थित रहे। पंकज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मार्गदर्शन' एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दृढ़ नेतृत्व में ऐसा बजट प्रस्तुत किया गया है जो स्थिरता, स्पष्ट नीति और दीर्घकालिक सुशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि आत्मविश्वास की अभिव्यक्ति है। तीव्र विकास गति के साथ उत्तर प्रदेश आज भारत की आर्थिक उन्नति के अग्रिम पंक्ति में खड़ा है। लगातार बढ़ती प्रति व्यक्ति आय, लगभग 6 करोड़ लोगों का बहुआयामी गरीबी से बाहर आना और बेरोज़गारी दर का लगभग 2.24% तक सिमटना – ये मात्र आंकड़े नहीं, बल्कि जनजीवन में आए वास्तविक परिवर्तन के प्रमाण हैं।सुशासन सुधारों से लेकर आधारभूत संरचना के विस्तार तक, प्रभावी कल्याणकारी योजनाओं से लेकर निवेश वृद्धि तक उत्तर प्रदेश आज अवसरों और आर्थिक सामर्थ्य की भूमि बनकर भारत की विकास गाथा को नई ऊर्जा दे रहा है। अब उत्तर प्रदेश अपनी चुनौतियों से नहीं, बल्कि अपनी उपलब्धियों से पहचाना जाता है। यहाँ युवा अपना भविष्य देखते हैं, उद्यमी संभावनाएँ देखते हैं और नागरिक गर्व अनुभव करते हैं।मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि बजट चर्चा कार्यक्रम में बड़ी संख्या में व्यापारी, डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी सहित महामंत्री राम अवतार कनौजिया, घनश्याम अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष दीप प्रकाश , सोमेंद्र पांडे, विमल चौधरी, संदीप तिवारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# इटौंजा क्षेत्र के एक गाँव गदेला में हर साल आयोजित होने वाला 2026 वार्षिक उत्सव संपन्न



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

'मायण-महोत्सव' हमारे जीवन में हमारी माँ की भूमिका की स्तुति करने के उद्देश्य से लखनऊ के इटौंजा क्षेत्र के एक गाँव गदेला में हर साल आयोजित होने वाला एक वार्षिक उत्सव है, जो शहर और गाँव दोनों संस्कृतियों को एक ही मंच पर मिलाने का एक ठोस प्रयास है। यह पांचवा सफल संस्करण था। इसके पीछे एक अन्य प्रमुख उद्देश्य लोगों को हमारे बीच के उन वर्गों को करीब लाना भी रहा है जो विभिन्न चुनौतियों से जूझते रहे हैं। विगत वर्षो में यह कार्यक्रम ग्रामीण युवाओं, पर्यावरण योद्धाओं, कैंसर विजेताओं एवं दिव्यांग वर्ग/ दृष्टिबाधित मित्रों को अर्पित रहा। इस वर्ष का कार्यक्रम ग्रामीण अंचल के वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान में समर्पित रहा है। बता दें कि राजस्थान की बोली में 'मायण' का मतलब 'मां' होता है। माँ निःस्वार्थ प्रेम, त्याग, प्रेरणा और क्षमा का प्रतीक होती है। वास्तव में वह इस धरा पर 'भगवान' का निकटतम प्रतिबिंब यदि कोई है तो वह माता के अतिरिक्त कोई और नहीं हो सकता है।इस वर्ष ग्रामीण अंचल के 07 कर्मयोगी महानुभावों क्रमशः कलीम-उल्लाह, संतोष सिंह, जगदेव यादव, रामजी, शिव दुलारी चौरसिया, अरुणा कुमारी व मधुरानी को मायण-सम्मान से अलंकृत किया गया। इनका ब्यौरा संलग्न किया गया है। वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान में लखनऊ की प्रसिद्ध गायिका डॉ0 प्रभा श्रीवास्तव ने गीता दत्त के नग्मों की प्रस्तुति कर पुराने दिनों की ही याद तजा नहीं की अपितु जय-जवान जय-किसान के उस युग की भी याद दिला दी जब ये गीत किसानों, फौजियों एवं वरिष्ठ नागरिकों की फरमाइश पर रेडियो पर सुने जाते थे और सभी उन गीत मालाओं या फरमाइशी गीतों का इंतजार करते थे। उन्होंने जाने कहां मेरा जिगर गया जी, ना जाओ सइयां छुड़ा के बइयां , बाबूजी धीरे चलना, तदबीर से बिगड़ी हुई तकदीर बना ले आदि गाने गाकर माहौल को भावभीना कर दिया।

# लखनऊ शहर एवं इटौंजा में निगोड़े नाथ मंदिर से निकली शिव बारात



- शिव बारात में ग्रामीण क्षेत्रिय नागरिक हुए शामिल, वीरेश्वर मंदिर में किये दर्शन
- शिव बरात में बम भोले के जयकारे से गूंज उठा पूरा इटौंजा

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के लखनऊ शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में महाशिवरात्रि का त्यौहार बड़ी ही धूमधाम से मनाया जाता हैं। इस पर्व पर नगर पंचायत इटौंजा में आराध्य देव शिव की अनोखी बारात निकाली गई। इटौंजा में दोपहर 2 बजे शिव बारात निकाली गई, शिव बारात में शिव पार्वती की के रूप सुंदर एवं मनमोहक प्रस्तुति दिख रही थीं,शिव बारात में घोड़ें के रथ पर शिव जी विराजमान थे, शिव की बारात निगोड़े नाथ मंदिर से चलकर वीरेश्वर महादेव मंदिर होते हुए इटौंजा मार्केट होते हुए फिर निगोड़े नाथ पहुंची और भोले की बारात में संपूर्ण इटौंजा नगर वासी एवं ग्रामीण क्षेत्र के भक्तों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। वही शिव की बारात में हजारों की संख्या में लोग बम बम भोले के जयकारे लगाते हुए, बाबा भोलेनाथ की भक्ति में मगन होकर नाचते गाते जयकारे लगाते शिव की बारात में चलते रहें। शिव बारात में ग्रामीण क्षेत्रों से आए भक्त नगर वासियों शिव बारात में शामिल हुए और वीरेश्वर महादेव मंदिर के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। समाज सेवी चमन पांडेय ने कहा कि संपूर्ण भारतवर्ष व उत्तर प्रदेश में महाशिवरात्रि बहुत ही हर्षोल्लास एवं भक्ति भाव के साथ मनाई जा रही हैं, चमन पांडेय ने कहा कि मेरे द्वारा 18 वर्षो से वीरेश्वर महादेव शिव मंदिर पर विशाल भंडारा कराया जाता है जिसमें हजारों की संख्या में शिव भक्त प्रसाद ग्रहण करते हैं। वही शिव भक्त शिवम बाजपेई ने बताया कि वीरेश्वर महादेव शिव शंभू की विधि-विधान से पूजा पाठ कर सिंगार किया जाता है और महाशिवरात्रि पर विशेष सिंगर होता है जो कि तीन बार किया जाता है सुबह दोपहर शाम और भोलेनाथ बाबा की 18 सालों से लगातार विशाल भंडारा व पूजा पाठ किया जा रहा हैं। यहां कन्याओं की शादी की जोड़े देखे जाते हैं और शादी तय होती और लोगों की मनौती पूर्ण होती है। इस दौरान चमन पांडेय, आलोक पाण्डेय,जेपी शुक्ला भुवनेश्वर द्विवेदी बच्चा महाराज, जे पी शुक्ला, मिथिलेश कुमार शुक्ला, अनुराग अवस्थी, शिवम बाजपेई, अमित गुप्ता,आकांक्ष मिश्रा,प्रिंस द्विवेदी गोलू, हजारों की संख्या में क्षेत्रीय लोग व भोले के भक्त बरात में शामिल हुए।

# अखिल भारतीय पासी समाज के राष्ट्रीय के नेतृत्व में 15 कन्याओं का हुआ विवाह

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ जिले के बख्शी का तालाब तहसील की ग्रामसभा पट्टी दिलवासी अमानीगंज लखनऊ में महाराजा टीकन नाथ पासी का किला अवशेष के रूप में स्थित है। महाराजा टीकन नाथ पासी का राज्य 12वीं शताब्दी में था। राजा का कार्यक्षेत्र जनपद बाराबंकी की सीमा से लगा हुआ एवं सीतापुर जनपद की सीमा तक फैला हुआ था। महाराजा टीकन नाथ पासी अपने किले पट्टी ढिलवासी से ही अपनी शासन व्यवस्था चलाते थे और न्यायपूर्वक निर्णय करते थे। महाराजा टीकन नाथ पासी की सेना में धनुषधारी, अस्तिधारी, भालाधारी, लट्ठधारी टुकड़ियां थीं जिससे वह दुश्मनों पर विजय प्राप्त करते थे। इस सेना को चतुरंगी सेना भी कहते थे। पासी समाज की बुद्धिजीवी व साहसी व्यक्तियों द्वारा ही प्रत्येक वर्ष महाशिवरात्रि के दिन महाराजा टीकन नाथ पासी का जन्मोत्सव व गरीब कन्याओं का दहेज रहित सामूहिक विवाह सम्पन्न कराया जाता है।

# जनपद में 85 केंद्रों पर होगी बोर्ड परीक्षा, 48 हजार से अधिक छात्र होंगे शामिल

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा आयोजित वर्ष 2026 की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाएं जिले में 18 फरवरी से शुरू होकर 12 मार्च तक संचालित होंगी।परीक्षा को सकुशल और नकलविहीन संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं।जिले में कुल 85 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं,जहां हाईस्कूल के 25,620 और इंटरमीडिएट के 22,713 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल होंगे।जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि परीक्षाएं दो पालियों में आयोजित की जाएंगी। पहली पाली सुबह 8:30 बजे से 11:45 बजे तक तथा दूसरी पाली दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:15 बजे तक चलेगी।केंद्रों में 13 राजकीय विद्यालय,22अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालय और 50 वित्तविहीन विद्यालय शामिल हैं। परीक्षा संचालन के लिए 85 केंद्र व्यवस्थापक,85 बाह्य केंद्र व्यवस्थापक,4 जोनल मजिस्ट्रेट,13 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 85 स्टेटिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं।डीएम ने निर्देश दिया है,कि सभी केंद्रों पर स्वच्छ पेयजल,शौचालय, विद्युत और जनरेटर इन्वर्टर की समुचितव्यवस्था सुनिश्चित की जाए।उन्होंने अधिकारियों को केंद्रों पर नियमित निरीक्षण कर सुरक्षा और गोपनीयता बनाएरखने के निर्देश दिए हैं।पुलिस अधीक्षक टी. सर्वानन ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल तैनात रहेगा। स्थानीय थाना पुलिस,क्राइम ब्रांच और सोशल मीडिया टीम सतर्क निगरानी रखेगी।महत्वपूर्ण प्रश्नपत्रों वाले दिनों में विशेष चौकसी बरती जाएगी।प्रशासन का दावा है,कि कड़े इंतजामों के बीच बोर्ड परीक्षा शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराई जाएगी।

## नंदमहरी में 34 वीं पुण्यतिथि पर कार्यक्रम का आयोजन

**तुलसीपुर बलरामपुर।** जनपद बलरामपुर के विकासखंड तुलसीपुर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नंदमहरा स्थित नंदम्हरी मंदिर परिसर में मंदिर के पुजारी स्वर्गीय सोमनाथ योगी की 34 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। जानकारी के अनुसार 15 फरवरी को कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शक्तिपीठ देवीपाटन महंत मिथलेश नाथ योगी पहुंचे। उन्होंने स्व. सोमनाथ योगी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा मां नंदा देवी के दरबार में दर्शन-पूजन कर क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना की। कार्यक्रम में मंदिर सेवादार अरुण कुमार गुप्ता ,अजय नाथ योगी, रोहित कुमार, रितेश कुमार द्विवेदी, अलोक कुमार आदि लोग मौजूद रहे ।

# मोहनगंज में कुल्हाड़ी से अधेड़ की हत्या, तीन आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । तिलोई,अमेठी**



जनपद के मोहनगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव पूरे घीसा में शनिवार देर रात एक अधेड़ की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। घटना से गांव में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।जानकारी के अनुसार गांव निवासी शिव प्रसाद पासी उम्र करीब 45 से 50 वर्ष पर देर रात कुल्हाड़ी से हमला किया गया। परिजनों के मुताबिक हमलावरों ने घर के बाहर हुए विवाद के दौरान उन पर ताबड़तोड़ प्रहार कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपित मौके से फरार हो गए।मामले की गंभीरता को देखते हुए अपर एडिशनल एसपी ज्ञानेंद्र सिंह व पुलिस अधीक्षक सर्वानंद घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों ने परिजनों से बातचीत कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया।पुलिस अधीक्षक ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला आपसी रंजिश से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। परिजनों की तहरीर पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ की जा रही है तथा अन्य बिंदुओं पर भी जांच जारी है।घटना के बाद गांव में एहतियातन पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। पुलिस का कहना है कि शीघ्र ही पूरे घटनाक्रम का खुलासा कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# मातृभूमि सेवा मिशन रायबरेली इकाई में नई कार्यकारिणी गठित, रामराज गिरि बने अध्यक्ष

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



मातृभूमि सेवा मिशन की रायबरेली इकाई में नई कार्यकारिणी का गठन गरिमामय वातावरण में किया गया। यह सेवा-समारोह शहीद स्मारक परिसर में आयोजित हुआ, जहां संस्थापक डॉ. प्रकाश मिश्र की उपस्थिति में नव-निर्वाचित पदाधिकारियों ने अपने दायित्व ग्रहण किए। संस्था, जो हरियाणा के धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र से संचालित एक अध्यात्म-प्रेरित सेवा संगठन है, समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से कार्यरत है। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण के साथ हुआ। इसके बाद नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसमें– रामराज गिरि को अध्यक्ष, प्रदीप पांडेय को संयोजक, रामानुज मिश्रा को सह-संयोजक, देवेंद्रनाथ मिश्रा को महामंत्री, राकेश यादव को सचिव, पंकज प्रजापति एवं अवधेश सिंह को उपाध्यक्ष, तथा आशीष यादव को कोषाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। अन्य सदस्यों को भी संगठनात्मक जिम्मेदारियां प्रदान करते हुए प्रमाण-पत्र और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. प्रकाश मिश्र ने कहा कि मिशन का मूल उद्देश्य निःस्वार्थ समाज सेवा, राष्ट्र निर्माण और आध्यात्मिक मूल्यों का प्रसार है। उन्होंने पदाधिकारियों से अपेक्षा की कि वे अनुशासन, सेवा-भाव और समर्पण के साथ संगठन की गरिमा को आगे बढ़ाएं। रायबरेली इकाई पिछले कई वर्षों से शहीद स्मारक परिसर में दैनिक निःशुल्क योग शिविर संचालित कर रही है। यहां योगाभ्यास के साथ सामूहिक राष्ट्रगान और शहीदों को नमन की परंपरा निभाई जाती है, जिससे स्वास्थ्य, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की भावना विकसित होती है। मिशन द्वारा जरूरतमंद बच्चों के सर्वांगीण विकास, असहाय वर्गों की सहायता और आध्यात्मिक जागरण से जुड़े विभिन्न सेवा कार्य भी निरंतर किए जा रहे हैं। नई कार्यकारिणी से अपेक्षा जताई गई कि इन गतिविधियों का और विस्तार होगा तथा समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार और अधिक प्रभावी ढंग से किया जाएगा।

## नाली का गंदा पानी सड़कों पर, हालात बदतर

**अमेठी।** जनपद के ब्लॉक सिंहपुर अंतर्गत ग्रामसभा भीखीपुर में जल निकासी व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। नालियों की सफाई न होने से गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जगह-जगह जलभराव और कीचड़ से आवागमन दूभर हो गया है।स्थानीय निवासियों का कहना है कि इसी मार्ग से प्रतिदिन स्कूली बच्चों और राहगीरों का आवागमन होता है। सड़क पर भरे गंदे पानी के कारण बच्चों को स्कूल पहुंचने में कठिनाई हो रही है। कई बार फिसलकर गिरने से बच्चे चोटिल भी हो चुके हैं और उनके कपड़े खराब हो जाते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायत के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।गंदगी और ठहरे पानी के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे डेंगू, मलेरिया व अन्य संक्रामक बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीणों ने जन-प्रतिनिधियों और संबंधित अधिकारियों के प्रति आक्रोश जताते हुए कहा कि समस्या का शीघ्र समाधान न हुआ तो वे प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।

# विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया महाशिवरात्रि का पावन पर्व

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**




जनपद बलरामपुर के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पायनियर पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज में रविवार को महाशिवरात्रि पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ।
जानकारी के अनुसार 15 फरवरी को शहर के अंग्रेंजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज में ''महाशिवरात्रि'' का पावन धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा एमपी तिवारी, उप प्रधानाचार्या उप प्रधानाचार्य शिखा पाण्डेय व राघवेन्द्र त्रिपाठी व कोषाध्यक्ष मीता तिवारी ने भगवान शिव के चित्र पर माल्यार्पण तथा द्वीप प्रज्जवलित करके आरती उतारी। प्रबन्ध निदेशक ने बच्चों को बताया कि महाशिवरात्रि भारतीयों का एक प्रमुख त्योहार है। यह भगवान शिव का प्रमुख पर्व है। माघ फागुन कृष्ण पक्ष त्रयोदशी को महाशिवरात्रि पर्व मनाया जाता है। माना जाता है कि सृष्टि का प्रारम्भ इसी दिन से हुआ। पौराणिक कथओं के अनुसार इस सृष्टि का आरम्भ अग्निलिंग (जो महादेव का विशालकाय स्वरूप है) के उदय से हुआ। इसी दिन भगवान शिव का विवाह देवी पार्वती के साथ हुआ था। साल में होने वाली 11 शिवरात्रियों में से महाशिवरात्रि को सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है। भारत सहित पूरी दुनिया में महाशिवरात्रि का पावन पर्व बहुत ही उत्साह के साथ मनाया जाता है। साथ ही यह भी बताया कि शिव पुराण के अनुसार, महाशिवरात्रि पूजा में छह वस्तुओं को अवश्य शामिल करना चाहिए जैसे-शिव लिंग का पानी, दूध और शहद के साथ अभिषेक। बेर या बेल के पत्ते जो आत्मा की शुद्धि का प्रतिनिधित्व करते है। सिंदूर का पेस्ट स्नान के बाद शिव लिंग को लगाया जाता है। यह पुण्य का प्रतिनिधित्व करता है। फल जो दीर्घायु और इच्छाओं की सन्तुष्टि को दर्शाते है। जलती धूप, धन, उपज (अनाज)। दीपक जो ज्ञान की प्राप्ति के लिए अनुकूल है। और पान के पत्ते जो सांसरिक सुखो के साथ सन्तोष अंकन करते है। विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय के किड्ज जोन से भगवान शिव जी की बारातियों में सभी गणों एवं देवी-देवताओं के साथ बारात निकाली गयी। विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 एम0पी0 तिवारी एवं सभी अध्यापक अध्यापिकायें तथा छात्र-छात्राएं शामिल हए जिनका स्वागत विद्यालय के ऑडोटोरियम में विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक तथा उप प्रधानाचार्या उप प्रधानाचार्य व कोषाध्यक्षा सहित सभी अध्यापक/अध्यापिकाओं ने भगवान शिव जी की बारात का पुष्प वर्षा करके स्वागत किया गया। इस अवसर पर आराध्या मिश्रा (भगवान शिव के रूप में), श्रद्धा तिवारी (पार्वती जी के रूप मे), वेदांस (नंदी महराज जी), अंश सोनकर (श्री ब्रह्मा जी), सांराश (श्री विष्णु जी), श्राविका (माँ लक्ष्मी जी), आयुशी (माँ सरस्वती जी), रूहानिका (राधा जी), अर्जुन (भगवान श्री राम), सिविका (सीता जी), रूद्र प्रताप सिंह (लक्ष्मण), आकर्षित (भरत), श्रेयांस (शत्रुध्न), रिया (रूकमणी), रिया (श्रुतिकृति) प्रिया, त्रिशा, अनन्या, अवन्तिका, श्रद्धा, कोमल, श्रृष्टि, नितिका, आस्था, कृतिका (देवी के रूप में) गणों एव भूत-प्रेतों में प्रथमेश, सूर्यांश, एस0के0 सौर्य, अमन, आदित्य, देव, विराट आदि बारातियों में शामिल हुये। इसी क्रम में सज रहे मेरे भोले बाबा निराले दूल्हे में नामक गीत पर एक समूह नृत्य में अनन्या, अवन्तिका, श्रद्धा, कोमल, श्रृष्टि, नितिका, आस्था, कृतिका, प्रिया, त्रिशा, आदि ने बहुत ही मनमोहक नृत्य प्रस्तुत करके सभी का मन मोह लिया।

# महाशिवरात्रि पर लें संकल्प, बुराइयों का करें दहन: बीके ज्योति दीदी

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**




आध्यात्मिक चेतना, अनुशासन और आत्मजागरण के संदेश के साथ शहर के सुभाष नगर स्थित भाग्य भवन केंद्र में 90वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती का नवदशकोत्सव भव्य एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित इस समारोह में महाशिवरात्रि को निराकार परमात्मा शिव के अवतरण दिवस के रूप में मनाया गया। प्रातःकाल से ही श्रद्धालुओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही और पूरा परिसर 'ओम शांति' के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं शिव बाबा के माल्यार्पण के साथ हुआ। बीके ज्योति दीदी, फतेहपुर से आए संतोष भाई, मातृभूमि सेवा मिशन इकाई के संयोजक प्रदीप पांडेय, संरक्षक महेंद्र अग्रवाल एवं मंडल अध्यक्ष भगवत प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर आयोजन का विधिवत उद्घाटन किया। इसके उपरांत राजयोग साधना, मुरली क्लास एवं आध्यात्मिक प्रवचनों की श्रृंखला में उपस्थित श्रद्धालुओं को आत्मचिंतन, सकारात्मक सोच और नैतिक मूल्यों को जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया गया। महिलाओं, युवाओं और बच्चों की सक्रिय सहभागिता ने आयोजन को उत्सव का रूप प्रदान किया। बीके ज्योति दीदी ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि महाशिवरात्रि केवल उत्सव नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि और आत्मपरिवर्तन का दिव्य अवसर है। उन्होंने आह्वान किया कि प्रत्येक व्यक्ति इस पावन दिवस पर संकल्प ले कि वह अपने भीतर की बुराइयों, विकारों और नकारात्मक प्रवृत्तियों का दहन करेगा तथा सत्य, शांति, प्रेम और पवित्रता को जीवन का आधार बनाएगा। उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति स्वयं को बदलने का साहस करता है, तभी समाज और राष्ट्र में सकारात्मक परिवर्तन संभव होता है। राजयोग साधना आत्मा को सशक्त बनाकर जीवन को नई दिशा देती है।अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चों के साथ केक काटकर शिवबाबा की 90वीं वर्षगांठ मनाई गई। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में कलाकारों ने निराकार परमात्मा शिव के स्वरूप और आध्यात्मिक प्रेम को भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। समारोह के अंत में ब्रह्मा भोजन का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।कार्यक्रम में मातृभूमि सेवा मिशन, रायबरेली इकाई के पदाधिकारियों सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। स्थानीय स्तर पर शालिनी दीदी, जागृति दीदी, तुषार भाई, ऋषभ भाई तथा लालगंज, बछरावां,ऊंचाहार, महाराजगंज केंद्र से आईं अंजू दीदी, आरती दीदी, सीमा बहन ब्रह्माकुमारी परिवार के सदस्यों की सक्रिय उपस्थिति ने आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की। आध्यात्मिक ऊर्जा और नैतिक जागरण के संदेश से ओतप्रोत यह नवदशकोत्सव श्रद्धालुओं के लिए आत्मिक शांति, आत्मबल और सकारात्मक जीवन दृष्टि का प्रेरक केंद्र बन गया।

# पं. सूर्यकांत मिश्र की पांचवीं पुण्यतिथि पर वीर नारियों का सम्मान, भावुक क्षणों में छलके आंसू

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

कर्मचारियों, शिक्षकों एवं श्रमिक हितों के सजग प्रहरी और जननायक के रूप में विख्यात स्मृतिशेष पं. सूर्यकांत मिश्र की पाँचवीं पुण्यतिथि पर शनिवार को विकास भवन स्थित महात्मा गांधी सभागार में श्रद्धांजलि एवं सम्मान समारोह का भावपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जहां उनके उल्लेखनीय सामाजिक योगदान और कर्मनिष्ठ जीवन को स्मरण किया गया, वहीं शहीद सैनिकों की वीर नारियों को सम्मानित कर राष्ट्रसेवा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का संदेश दिया गया।श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित जनसमूह ने पं. सूर्यकांत मिश्र के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें कोटि-कोटि नमन किया। वैदिक मंत्रोच्चारण, शंखनाद और भव्य आरती-पूजन के बीच वातावरण श्रद्धा और भावनाओं से सराबोर हो उठा।कार्यक्रम के दौरान उस समय सभागार भावुक हो गया जब बाबूजी की ज्येष्ठ बहू मंजू मिश्रा (पत्नी अनूप कुमार मिश्र) ने शहीद रणबांकुरों की वीर नारियों का पूजन किया। सम्मान के क्षणों में वीरांगनाओं की आंखें नम हो उठीं। मंजू मिश्रा ने उनके आंसू पोंछते हुए कहा कि बाबूजी के आशीर्वाद से उन्हें भारत माता की इन वीर बेटियों का पूजन करने का अवसर मिला है और वह जीवन की अंतिम सांस तक इसी निःस्वार्थ भावना से सेवा करती रहेंगी। यह दृश्य उपस्थित लोगों के लिए अविस्मरणीय बन गया।
पं. सूर्यकांत मिश्र के सुपुत्र अनूप कुमार मिश्र के नेतृत्व में गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन, विकास भवन रायबरेली के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास विभाग के सहयोग से शहीद सैनिकों की पाँच वीर नारियों को 'अटल सम्मान' प्रदान किया गया। सम्मान स्वरूप अंगवस्त्र, माल्यार्पण, प्रशस्ति-पत्र, दक्षिणा एवं मिष्ठान भेंट कर उनके अद्वितीय त्याग और बलिदान को नमन किया गया।सम्मानित वीर नारियों में विनीता यादव, सुमन यादव, ललिता देवी, कृष्णावती तथा ज्ञानवती देवी शामिल रहीं। इस अवसर पर मातृभूमि सेवा मिशन के अध्यक्ष रामराज गिरी, संरक्षक महेंद्र अग्रवाल, संयोजक प्रदीप पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष भगवत प्रताप सिंह सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि पं. सूर्यकांत मिश्र का जीवन समाजहित, नैतिक मूल्यों और कर्मनिष्ठ सेवा का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने कर्मचारियों और श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए जो संघर्ष किया, वह आज भी प्रेरणास्रोत है। मंडल अध्यक्ष भगवत प्रताप सिंह ने पं. सूर्यकांत मिश्र को ÷रायबरेली का रत्न÷ बताते हुए कहा कि उनका व्यक्तित्व जनसेवा का पर्याय था।श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने एक स्वर से कहा कि शहीद परिवारों का सम्मान ही सच्ची राष्ट्रसेवा है। पं. सूर्यकांत मिश्र की स्मृति में आयोजित यह कार्यक्रम सेवा, समर्पण और राष्ट्रभक्ति की उस परंपरा को आगे बढ़ाने का सशक्त माध्यम बना, जिसकी नींव उन्होंने अपने जीवनकाल में रखी थी।कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित जनसमूह ने बाबूजी के आदर्शों पर चलने और समाजहित में निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

# एनएसपीएस त्रिपुला में श्रद्धा एवं आस्था के साथ मनाया गया महाशिवरात्रि का पर्व




**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में महाशिवरात्रि का पावन पर्व अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने भगवान शिव की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर जलाभिषेक किया और रुद्रावतार भगवान भोलेनाथ का भव्य श्रृंगार कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की एवं रुद्राभिषेक कर समस्त विद्यालय परिवार की सुख-समृद्धि एवं समाज के कल्याण की कामना की। उपस्थित शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने भी श्रद्धा भाव से शिव आराधना करते हुए अपने शीश झुकाए और विश्व शांति एवं सद्भाव की प्रार्थना की। विद्यालय परिसर ÷हर-हर महादेव÷ के जयघोष से गूंज उठा। प्रधानाचार्य प्रजापति ने भगवान शिव के करुणामय, कल्याणकारी एवं संहारक रूपों का उल्लेख करते हुए महाशिवरात्रि के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि महाशिवरात्रि आत्मचिंतन, संयम, साधना और सकारात्मक ऊर्जा का पर्व है। यह दिन हमें जीवन में सत्य, धैर्य और करुणा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य फैज़ान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, शाहीन खान, शुभी सिंह, गिरीश श्रीवास्तव सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शिवालयों पर उमड़ा शिवभक्तों का जनसैलाब

**बलरामपुर।** जनपद बलरामपुर में रविवार को महाशिवरात्री के पावन अवसर पर जिले के सभी शिव मंदिरों पर शिवभक्तों का जन सैलाब उमरडा दिखाई दिया ।भर सुबह से ही हर हर बम बम के नारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया ।
जानकारी के अनुसार 15 फरवरी को पूरे जनपद में महाशिवरात्रि का पावन पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ।
जिले के सभी शिव मंदिरों पर भोर सुबह से ही शिव भक्तों की भीड़ उमड़ती दिखाई दी ।जिले के झारखंडेश्वर महादेव मंदिर, जंगली नाथ महादेव मंदिर, प्रकारेश्वर नाथ महादेव मंदिर, पोखरण नाथ महादेव मंदिर, उतरौला के दु:ख हरण नाथ महादेव मंदिर, पचपेड़वा के शिवगढ़ धाम तथा मथुरा बाजार के प्राचीन गौरी–शंकर मंदिर सहित छोटे बड़े सभी शिव मंदिरों पर शिवभक्तों नो जलाभिषेक रुद्राभिषेक व दुग्धाभिषेक करके भगवान शिव का पूजन अर्चन किया ।सभी शिव मंदिरों पर हर हर बम बम के नारों से वातावरण गूंजायमान हो रहा था ।पुलिस–प्रशासन ने सभी महत्वपूर्ण शिव मंदिरों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे।

# नगर में निकाली गई शिव बारात का जगह–जगह किया गया स्वागत

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर रविवार को नगर में भगवान भोलेनाथ की भव्य शिव बारात परंपरागत उल्लास और धार्मिक श्रद्धा के साथ निकाली गई। जानकारी के अनुसार 15 फरवरी को शिव नाट्यकला मंडल के तत्वावधान में आयोजित 57 वें वार्षिकोत्सव के अंतर्गत शिव बारात निर्धारित समय पर रामलीला मैदान से प्रारंभ हुई और नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई पुनः निर्धारित स्थल पर पहुंचकर शिव विवाह के साथ संपन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक पलटू राम, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला, विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष डॉ धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू, ब्लॉक प्रमुख राकेश तिवारी, समिति के अध्यक्ष राज कुमार श्रीवास्तव सहित पदाधिकारियों ने भगवान शिव की आरती उतारी गई। तत्पश्चात शिव बारात की शुरुआत ढोल-नगाड़ों, गाजे-बाजे के साथ हुई। शोभायात्रा में रथों के सवार भगवान भोलेनाथ, माता पार्वती सहित अन्य देवी-देवताओं की आकर्षक झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। शोभा यात्रा में विशेष रूप से बारह ज्योतिर्लिंग, नंदी की भव्य झांकी, मां दुर्गा महिषासुर मर्दन, राम दरबार, श्रवण कुमार और 'ऑपरेशन सिंदूर' की झांकी आकर्षण का केंद्र रहीं। मार्ग भर में ÷हर-हर महादेव÷ के जयघोष से नगर शिवमय हो गुंजायमान हो उठा। समिति अध्यक्ष राजकुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में कार्यक्रम की व्यवस्थाएं सुचारु रहीं। महामंत्री डॉ. तुलसीश दुबे ने शोभायात्रा को आस्था और संस्कृति के समागम का प्रतीक बताते हुए बताया कि दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं ने शांतिपूर्वक दर्शन-पूजन किया। इस बार शोभायात्रा का 57वा वर्ष है। सुरक्षा एवं व्यवस्था के लिए गठित वॉकी-टॉकी टीम ने विशेष भूमिका निभाई, जिससे पूरी यात्रा अनुशासित ढंग से संपन्न हुई। शोभायात्रा राम लीला मैदान से शुरू होकर मेजर चौराहा, अंबेडकर तिराहा, वीर विनय से झारखंडी महादेव मंदिर में दर्शन उपरांत पुनः वीर विनय चौराहे से सराय फाटक, सब्जी मंडी, चौक, गर्ल्स कॉलेज से होते हुए देवी दयाल तिराहा, बड़े पुल, मेन चौक, मेजर चौराहा से होते हुए राम लीला मैदान में शिव विवाह के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। अक्षत शुक्ला ने शिव की भूमिका में अपना अभिनय प्रस्तुत किया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने मंचीय समन्वय संभाला, वहीं सुनील कसेरा और अम्बरीष शुक्ला ने मार्ग व्यवस्था में योगदान दिया। कार्यक्रम के दौरान अम्बरीष शुक्ला, जय प्रकाश, पप्पू गुप्ता और अभय कसेरा ने झांकी संचालन व भीड़ प्रबंधन में अहम भूमिका निभाई। इस दौरान भानु प्रकाश, निशांत चौहान, वेद प्रकाश कारुष, अमित त्रिपाठी और ओम मोदनवाल सहित कार्यकर्ताओं ने विभिन्न व्यवस्थाओं को संभालते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया। परंपरागत मार्ग से होते हुए निकली शिव बारात निर्धारित स्थल पर पहुंचकर विधि-विधान से शिव विवाह के साथ संपन्न हुई, जिसके साथ ही 57 वें वार्षिकोत्सव का भव्य समापन हुआ। नगरवासियों ने आयोजन की प्रशंसा की।

अगर आप भी उन पेरेंट्स में से हैं, जो यह मान कर बैठे हैं कि बच्चों को सब कुछ सिखाने की जिम्मेदारी स्कूल की है, तो अपने को थोड़ा दुरुस्त कर लें। अगर बच्चों को सुनहरे कल के लिए तैयार करना है, तो कुछ बातें आपको भी उन्हें सिखानी होंगी...

# ..बहुत जरूरी है बच्चों को यह सिखाना



## सवाल पूछना

हम बच्चों से क्या चाहते हैं? यही न कि वे चीजों को खुद ब खुद सीखना और समझना जानें। इसके बाद हमें उन्हें हर चीज सिखाने की जरूरत नहीं होगी। जो कुछ उन्हें भविष्य में जानना-सीखना होगा, वे अपने आप उन चीजों को कर पाएंगे। बच्चे ऐसा कर सकें, इसका सबसे बेहतर तरीका यही है कि आप उन्हें सवाल पूछना सिखाएं। हालांकि ज्यादातर बच्चे ऐसा करते भी हैं, ऐसे में पेरेंट्स होने के नाते आपकी यह जिम्मेदारी है कि आप बच्चों के हर सवाल का जवाब यथा-संभव देने की कोशिश करें। वैसे भी बच्चों की आदत होती है कि वे जब भी कुछ नया देखते हैं, उसके बारे में सवाल पूछना शुरू कर देते हैं। लिहाजा जब बच्चे सवाल पूछें तो उन्हें डांटें या दुत्कारें नहीं, बल्कि इनाम दें।

## पैशन खोजना

आपको क्या चीज आगे बढ़ाती है? आपका लक्ष्य, अनुशासन, बाहरी प्रेरणा, इनाम? नहीं, इनमें से एक भी चीज आपको आगे नहीं बढ़ाती। आपको आगे बढ़ाता है आपका पैशन। आप किसी चीज को लेकर इतने उत्साहित रहते हैं, कि हर वक्त उसी के बारे में सोचते रहते हैं। आपको कोई भी चीज करने में मजा आता है और जब वह चीज आकार लेती है तो आपको भीतर से खुशी होती है, यह है आपका किसी भी काम को करने का पैशन। अपने बच्चे की मदद उसका पैशन खोजने में कीजिए। किस काम को करने में उसे बहुत मजा आता है। उसकी रूचियों, उसके काम को हतोत्साहित मत कीजिए और न ही किसी चीज का मजाक उड़ाइए।

## प्रोजेक्ट संभालना

एक किताब लिखना, उसे बेचना, घर का कोई भी काम करना एक प्रोजेक्ट जैसा ही है। आप किसी भी एक प्रोजेक्ट पर अपने बच्चे के साथ काम कीजिए और उसे देखने दीजिए कि कोई भी चीज कैसे पूरी की जाती है। इसके बाद कोई भी काम उसे अपने-आप ज्यादा से ज्यादा करने दीजिए। उसमें आत्मविश्वास बढ़ेगा। उसके बाद उसके सीखने की प्रक्रिया एक प्रोजेक्ट के समान ही होगी।

## समस्याएं सुलझाना

यदि एक बच्चा कोई समस्या सुलझा सकता है तो वह दुनिया का कोई भी काम कर सकता है। कोई भी काम हमें डराने वाला हो सकता है, लेकिन देखा जाए तो वह महज एक समस्या है, जिसका हल होना है। एक नई स्किल, नया वातावरण, एक नई जरूरत किसी भी समस्या की वजह बन सकती हैं। इसलिए अपने बच्चे को समस्याएं सुलझाना सिखाइए। आप बच्चे के सामने साधारण समस्याएं रखिए और उसे कहिए कि वह इन्हें अपने हिसाब से सुलझाए। अगर वह उस समस्या को सुलझा नहीं पा रहा है तो आप तुरंत उसका हल मत बताइए, उसे थोड़ा जूझने दीजिए, उसे उस समस्या के सभी संभावित हल निकालने दीजिए और उसके प्रयासों के लिए उसे पुरस्कृत भी कीजिए। धीरे-धीरे बच्चे में किसी भी समस्या को लेकर आत्मविश्वास पैदा हो जाएगा और फिर शायद ऐसा कुछ नहीं बचेगा, जिसे वह हल नहीं कर सकता हो और आपकी समस्या भी बड़ी आसानी से हल हो जाएगी।

## अपने आप में खुश रहना

सभी पेरेंट्स अपने बच्चों को बहुत लाड़ करते हैं और यह मानकर चलते हैं कि बच्चों की खुशी के लिए उनका बच्चों के साथ होना बहुत जरूरी है। जब बच्चे बड़े हो जाते हैं तो उन्हें पता ही नहीं होता कि खुश कैसे रहा जाए और वे दोस्तों, शॉपिंग, वीडियो गेम्स, इंटरनेट जैसी बाहरी चीजों में अपनी खुशी ढूंढते हैं। जबकि एक बच्चे को आसानी से अपने-आप में खुश रहना सिखाया जा सकता है। वह खुद खेल सकता है, पढ़ सकता है, अपनी कल्पनाओं में खो सकता है। अपने बच्चे को शुरू से थोड़ी निजता की आदत डालें। उसे अकेले थोड़ा वक्त बिताने दें, वह खुद-ब-खुद खुश रहना सीख जाएगा।

सहनशक्ति

घर में बच्चों के चारों ओर सुरक्षित वातावरण होता है, लेकिन जब वे बाहरी दुनिया के संपर्क में आते हैं तो कई बार यह अनुभव उनके लिए डराने वाला, तकलीफदेह हो सकता है। इसलिए अपने बच्चों को शुरू से ही हर तरह के लोगों से मिलने की आदत डालें। उन्हें बताएं कि दुनिया में अलग-अलग तरह के लोग होते हैं और अलग होना कोई बुरी बात नहीं है।

## बदलाव स्वीकार करना

दुनिया हर क्षण बदलती रहती है और जो इस बदलाव को स्वीकार करके उसके साथ-साथ चलता है, वह हमेशा सुखी रहता है। जो लोग बदलाव नहीं चाहते या उससे डरते हैं, वे जिंदगी में बहुत ज्यादा आगे नहीं बढ़ पाते। चार्ल्स डार्विन का सिद्धांत भी यही कहता है। किसी चीज पर अडिग होना अच्छा है, लेकिन उस पर अड़ जाना खराब है, जिंदगी में चीजों को लेकर थोड़ी नरमाई या लोच होना चाहिए। यदि आप बदलाव के अनुकूल बन जाते हैं तो आपको नए-नए अवसर मिलते हैं। ये नए अवसर आपकी प्राथमिकता बन जाते हैं, जबकि ये पहले आपके आस-पास भी नहीं थे। तो बच्चों को सिखाएं कि यदि वे किसी भी तरह के बदलाव को स्वीकार करेंगे तो जिंदगी रोमांच से भरपूर बनी रहेगी।



आप किसी चीज को लेकर इतने उत्साहित रहते हैं, कि हर वक्त उसी के बारे में सोचते रहते हैं। आपको कोई भी चीज करने में मजा आता है और जब वह चीज आकार लेती है तो आपको भीतर से खुशी होती है....

# कैसे सजाएं आशियाना

अपने घर को ज्यादा सजाने के चक्कर में हम कभी-कभी इतना मशगूल हो जाते हैं कि वह बनावटी लगने लगता है। हमें लगता है कि हम हर तरह के सामान से अपने घर को सजाएं, परंतु वह सही नहीं है। कोई एक थीम लें और उसी पर कायम रह कर अपने घर को संवारें। हम आपको बता रहे हैं कुछ सामान्य गलतियां जो हम अपने नए घर को सजाने के वक्त कर बैठते हैं।



## कमरे को हद से ज्यादा ना सजाएं

एक कमरे को फर्नीचर और दूसरे सामानों से भरने में वक्त नहीं लगता, वकत लगता है उसके सही प्लेसमेंट में। कमरे को खचाखच ना भरें। उसमें आराम से आने-जाने की और कुछ खाली जगह हो। साज-सज्जा सोबर रखें और सफाई पर ध्यान दें, क्योंकि कमरा भरा-भरा होगा तो साफ सफाई नहीं हो पाएगी।

## जगह ना होने पर जबरदस्ती सामान जमाना

इसके लिए सबसे पहले अपनी बेकार की खरीददारी पर रोक लगाएं। बाजार में जो अच्छा दिख गया खरीद लाए, यह आदत गलत है। अगर कोई सामान कमरे के लिए फिट नहीं है तो उसे जमाने की कोशिश में समय ना बरबाद करें। एक व्यवस्थित और साफ कमरा ही दिखने में सुन्दर लगता है।

## अव्यवस्था फैलाना

घर में अधिक अव्यवस्था की जरूरत नहीं है। अव्यवस्था से आसानी से बचा जा सकता है, इसके लिए तीन बातें याद रखें -

- चीजें जो महत्वपूर्ण हैं
- चीजें जिनके बिना काम नहीं चल सकता
- अनावशयक चीजों को बाहर निकाल दें

## ये तीन बातें अव्यवस्था को रोक देंगी

## कमरों में रोशनी के स्त्रोत कम होना

प्रकाश एक जरूरत है। यह सजावट के सबसे महत्वपूर्ण तत्वों में से एक है। सबसे पहले तो घर में प्राकृतिक प्रकाश आना चाहिए। पर्दे और सामान के गलत प्लेसमेंट से प्राकृतिक प्रकाश स्रोतों को ब्लॉक मत होने दें। अपने कमरे में एक से अधिक प्रकाश के स्त्रोत लगाएं।

## वेराइटी पर ध्यान ना देना

एक ही दुकान से अपना सारा सामान ना खरीदें। अलग-अलग दुकानों पर जाएं, इससे आपको भाव भी समझ आएगा और सामान की वेराइटी भी मिलेगी।

## बजट के महत्व को कम समझना

बहुत उत्सुक ना बनें और बहुत ज्यादा खरीदी ना करें। थोड़ा-थोड़ा कर के खरीददारी करें। सबकुछ एक बार में खरीदने की जल्दबाज़ी सही नहीं है। वही खरीदें जिसकी हाल-फिलहाल में ज़रूरत हो। एक बजट बनाएं और उस पर कायम रहें।

# चेहरे की झाइयों का कैसे होता है उपचार

झाइयां एक ऐसी अवस्था है जिसमें चेहरे पर भूरे व काले रंग के धब्बे पड़ जाते हैं। यह दोनों गालों से शुरू होकर, बाद में बटर फ्लॉय शेप में होने लगते हैं। कभी-कभी यह नाक और आंख के ऊपरी हिस्से (भौंहे) में भी होते हैं। पिगमेंटेशन कितनी गहराई तक है, उसके अनुसार झाइयों को चार भागों में विभाजित किया गया है, पढें अगले पेज पर ...

## एपीडर्मल झाइयां

इस अवस्था में केवल ऊपरी सतह ही प्रभावित होती है। इस तरह की झाइयों को ठीक करना आसान होता है।

## डर्मल झाइयां

इसमें पिगमेंटेशन त्वचा की गहराई तक होता है। इसका ट्रीटमेंट कठिन होता है।

मिश्रित ~ इस तरह की झाइयों का ट्रीटमेंट काफी कठिन होता है। इसमें लेज़र और पील उपचार आदि को संयुक्त रूप में दिया जाता है।

## अस्पष्ट झाइयां

इस तरह की झाइयां बहुत गहरे रंग की त्वचा में पाई जाती हैं। ऐसी अवस्था में त्वचा की स्थिति के बारे में जानना आसान नहीं होता।

## हार्मोनल असंतुलन

यह झाइयों का मुख्य कारण होता है। गर्भधारण करने की स्थिति में हो सकता है या गर्भ निरोधक गोलियां लंबे समय तक लेने से हो सकता है।

## अनुवांशिक कारण

अनुवांशिक कारणों से। धूप की किरणों से बचाव न करने की वजह से।

एलर्जी ~ कुछ कॉस्मेटिक उत्पाद जिनसे एलर्जी होने के बाद भी उपयोग करने के कारण।

थायरॉइड ~ झाइयां थायरॉइड बीमारी के मरीजों में भी देखी जा सकती है।

रजोनिवृत्ति ~ रजोनिवृत्ति के समय बढ़ जाती हैं।

हार्मोनल असंतुलन होने की वजह से झाइयों का उपचार करना कठिन होता है। सही ढंग से उपचार कराने पर यह ठीक हो जाती है।

## गोरेपन की क्रीम

झाइयां दूर करने के लिए हायड्रोक्विनोन, ट्रेटिनोइन, रेटिनॉइड्स, कोजिक एसिड और विटामिन-सी आदि कई तरह की क्रीम्स का त्वचा की प्रकार व पिगमेंटेशन के अनुसार उपयोग किया जाता है।

## लेजर उपचार-

लेज़र उपचार से भी काफी मदद मिलती है। लेसर में क्यू-स्विच्ड लेज़र का उपयोग करते हैं जिससे मिलेनोसाइट कम हो जाते हैं। यह उपचार लेने के लिए कई बार क्लिनिक पर जाना पड़ता है यानी यह कई सीटिंग्स में किया जाता है। यह सीटिंग्स महीने में एक बार होती हैं।

## केमिकल पील उपचार-

इसमें ग्लाइकोपील, टीसीए पील, मेंडेलिक एसिड पील आदि विभिन्न पील का उपयोग होता है। पील उपचार के लिए कई सीटिंग होती हैं, इनमें 10 दिनों का अंतराल होता है।



## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

## ब्रह्मपुत्र पर प्रोजेक्ट बनाने वाले चीन को मोदी ने दिया जवाब

**यह कदम यह भी बताता है कि भारत पूर्वोत्तर को स्थायी रूप से देश की मुख्यधारा के ढांचे से जोड़ना चाहता है। तेज सैनिक आवाजाही, बेहतर रसद, मजबूत आर्थिक संपर्क और पर्यटन को बढ़ावा, सब एक साथ साधे जा रहे हैं। यह बहुस्तरीय सोच ही किसी क्षेत्र को हाशिये से केंद्र में लाती है। सच यह है कि लंबे समय तक पूर्वोत्तर को नीति में उतनी प्राथमिकता नहीं मिली जितनी मिलनी चाहिए थी। कठिन भूगोल और कम आबादी को बहाना बनाया गया। पर अब ढांचा निर्माण की रफ्तार बदली है। सड़क, रेल, हवाई संपर्क और डिजिटल ढांचा, हर दिशा में काम दिखता है।**

*मोदी सरकार पूर्वोत्तर को सामरिक और आर्थिक शक्ति का केंद्र मानकर योजनाएं बनाती है और स्वयं प्रधानमंत्री जिस तरह लगातार पूर्वोत्तर क्षेत्र के दौरों के माध्यम से इस क्षेत्र के विकास की गति को रफ्तार देते हैं उसकी बदौलत हाल के वर्षों में यहां की दशा दिशा में बड़ा बदलाव आया है। आज भी असम के डिब्रुगढ़ के पास मोरान बाइपास पर चीन सीमा के करीब बनी आपात लैंडिंग सुविधा पर खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उतर कर बड़ा सामरिक संदेश दिया। साथ ही गोहपुर से नुमालीगढ़ तक प्रस्तावित चार लेन हरित मार्ग और ब्रह्मपुत्र के नीचे सड़क और रेल सुरंग परियोजना मिलकर सुरक्षा, संपर्क और समृद्धि की नई कहानी लिख रहे हैं। यह संयोग नहीं, स्पष्ट रणनीति है। मोरान बाइपास पर बना 4.2 किमी का सुदृढ़ खंड अब ऐसा राजमार्ग है जो कुछ ही मिनट में सैन्य रनवे में बदल सकता है। विशेष कंक्रीट से बनी यह पट्टी तेज गर्मी और भारी वजन सहने में सक्षम है। इस पर लड़ाकू विमान, भारी परिवहन विमान और हेलिकाप्टर उतर सकते हैं। यह दोहरे उपयोग वाली परिसंपत्ति है, जो शांति के समय जन सुविधा और संकट के समय सैन्य ताकत का आधार बनती है। प्रधानमंत्री का खुद इस पट्टी पर उतरना एक प्रतीक भर नहीं था। यह साफ संकेत था कि भारत अपनी सीमा सुरक्षा को लेकर सजग, सक्रिय और आत्मविश्वासी है। संदेश यह भी कि अब भारत पहले से तैयारी रखने वाला देश है। सीमा के पास तेज तैनाती, त्वरित रसद और वैकल्पिक हवाई पट्टियां किसी भी संघर्ष की स्थिति में खेल बदल सकती हैं। यह सुविधा चीन सीमा से लगभग 300 किमी दूरी पर है। यदि किसी हालात में मुख्य हवाई अड्डे निशाने पर आएं, तो ऐसी पट्टियां वायु सेना को संचालन जारी रखने का विकल्प देती हैं। अलग अलग राजमार्गों पर ऐसे बिंदु बनाकर भारत एक तरह का फैलाव आधारित वायु रक्षा जाल तैयार कर रहा है, जिसे निष्क्रिय करना किसी भी विरोधी के लिए कठिन होगा। इसका महत्व केवल युद्ध तक सीमित नहीं है। बाढ़, भूकंप या किसी आपदा के समय यही पट्टियां राहत का जीवन मार्ग बन सकती हैं। भारी विमान सीधे राहत सामग्री, बचाव दल और चिकित्सा सहायता लेकर दूर दराज इलाकों तक पहुंच सकते हैं। पूर्वोत्तर जैसे संवेदनशील और भौगोलिक रूप से चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में यह क्षमता अमूल्य है। अब बात दूसरी बड़ी पहल की। केंद्र सरकार ने गोहपुर से नुमालीगढ़ तक लगभग 33.7 किमी लंबे चार लेन नियंत्रित हरित मार्ग को मंजूरी दी है। इसकी लागत 18,662 करोड़ रुपए है। इस परियोजना का सबसे साहसिक हिस्सा है ब्रह्मपुत्र के नीचे 15.79 किमी लंबी टिवन ट्यूब सड़क और रेल सुरंग। यह केवल इंजीनियरिंग का कमाल नहीं, रणनीतिक सोच का उदाहरण है। अभी गोहपुर से नुमालीगढ़ पहुंचने में करीब 240 किमी और छह घंटे लगते हैं। नया मार्ग समय और दूरी दोनों घटाएगा। इससे असम, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड और अन्य राज्यों में माल ढुलाई तेज होगी, लागत घटेगी और व्यापार बढ़ेगा। यह मार्ग कई आर्थिक केंद्र, पर्यटन स्थल, रसद बिंदु, रेलवे स्टेशन, हवाई अड्डे और जलमार्ग टर्मिनल को जोड़ेगा। अनुमान है कि इससे लाखों मानव दिवस का रोजगार बनेगा। इस परियोजना का सामरिक अर्थ भी गहरा है। चीन अक्सर ब्रह्मपुत्र पर या उसके आसपास नई जल और ढांचा परियोजनाओं की घोषणा करता रहा है, जिससे निचले क्षेत्रों में चिंता पैदा होती है। भारत दिखा रहा है कि वह नदी को डर या विवाद का विषय नहीं, बल्कि विकास और संपर्क का माध्यम मानता है।*

### एक्सप्रेस आलेख

**क्या वह अपनी पहचान को केवल धार्मिक राष्ट्रवाद तक सीमित करेगा, या भाषा, संस्कृति और बहुलता की उस विरासत को आगे बढ़ाएगा जिसने उसे जन्म दिया? मुक्ति संग्राम की मूल भावना सामाजिक न्याय और समान अवसर की थी। यदि नई सत्ता उस भावना को पुनर्जीवित करती है, तो यह जनादेश ऐतिहासिक सिद्ध होगा। अन्यथा यह अवसर भी इतिहास की एक और चूकी हुई संभावना बन सकता है। भारत की दृष्टि से भी यह चुनाव महत्वपूर्ण है। नई दिल्ली को प्रतिक्रिया में उतावलापन नहीं, बल्कि धैर्य और कूटनीतिक परिपक्वता दिखानी होगी। पड़ोसी देश की संप्रभुता और जनादेश का सम्मान करते हुए सहयोग का हाथ बढ़ाना ही दीर्घकालिक हित में है।**

# बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन की वैचारिक क्रांति



ललित गर्ग

**नई सरकार कट्टरवाद से मुक्त, समावेशी और विकासोन्मुखी नीति अपनाती है, तो वह बांग्लादेश को स्थिरता और समृद्धि के पथ पर अग्रसर कर सकती है। परंतु यदि वह अतीत की कटु स्मृतियों और वैचारिक आग्रहों में उलझी रही, तो जनादेश की सार्थकता संदिग्ध हो जाएगी। बांग्लादेश को अब नई संभावनाओं, नई सोच और नए संकल्पों के साथ आगे बढ़ना है। यही इस चुनाव का संदेश है।**

बांग्लादेश की राजनीति एक बार फिर इतिहास के मोड़ पर खड़ी है। लगभग दो दशकों के लंबे अंतराल के बाद यदि बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) स्पष्ट बहुमत के साथ सत्ता में लौटती है और तारिक रहमान प्रधानमंत्री पद की दावेदारी तक पहुंचते हैं, तो यह केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि राजनीतिक दिशा परिवर्तन का संकेत होगा। 299 सीटों में से 212 पर विजय का दावा इस बात का प्रमाण है कि मतदाता लंबे समय से चली आ रही अस्थिरता, अंतरिम व्यवस्थाओं और वैचारिक ध्रुवीकरण से बाहर निकलकर एक निर्णायक जनादेश देना चाहता है। छात्र आंदोलन से उपजी नेशनल सिटीजन पार्टी का मात्र छह सीटों पर सिमटना भी इस तथ्य को पुष्ट करता है कि जनभावना प्रयोगधर्मिता से आगे बढ़कर स्थायित्व की ओर झुक रही है। लगभग अठारह महीने से चल रही अंतरिम व्यवस्था के अवसान के साथ बांग्लादेश एक नए अध्याय में प्रवेश करने जा रहा है, पर प्रश्न यह है कि यह अध्याय उदार लोकतंत्र का होगा या किसी नए प्रकार के वैचारिक वर्चस्व का बांग्लादेश का इतिहास संघर्ष, त्याग और पहचान की जिजीविषा से निर्मित हुआ है। 1971 के मुक्ति संग्राम में भारत की निर्णायक भूमिका केवल सैन्य सहायता तक सीमित नहीं थी, वह सांस्कृतिक और मानवीय सहयोग का भी प्रतीक थी। परंतु पिछले कुछ वर्षों में राजनीतिक ध्रुवीकरण, कट्टरवादी विमर्श और बाहरी प्रभावों ने उस ऐतिहासिक आत्मीयता पर धुंध डालने का प्रयास किया। अंतरिम सरकार के दौरान जिस प्रकार वैचारिक कठोरता और प्रशासनिक असमंजस दिखा, उसने अर्थव्यवस्था और सामाजिक ताने-बाने दोनों को प्रभावित किया। ऐसे समय में स्पष्ट जनादेश को स्थिरता का अवसर माना जा सकता है, बशर्ते सत्ता इसे प्रतिशोध का माध्यम न बनाए, बल्कि पुनर्निर्माण का औजार बनाए। तारिक रहमान के सामने सबसे बड़ी चुनौती सांप्रदायिक सौहार्द की पुनर्स्थापना होगी। बांग्लादेश का सामाजिक ढांचा बहुलतावादी है, वहां अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा और सम्मान केवल नैतिक दायित्व नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक विश्वसनीयता की कसौटी है। यदि नई सरकार कट्टरवाद से दूरी बनाकर विकासोन्मुखी एजेंडा अपनाती है, तो वह न केवल आंतरिक स्थिरता ला सकती है, बल्कि दक्षिण एशिया में एक सकारात्मक उदाहरण भी प्रस्तुत कर सकती है। पर यदि चुनावी विजय को वैचारिक वर्चस्व के रूप में प्रस्तुत किया गया, तो यह जनादेश अवसर से अधिक संकट में बदल सकता है। आर्थिक मोर्चे पर बांग्लादेश ने पिछले दशक में उल्लेखनीय प्रगति की थी। वस्त्र उद्योग, निर्यात वृद्धि और महिला सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में उसने मिसाल कायम की। किंतु राजनीतिक अस्थिरता और नीतिगत अनिश्चितता ने निवेशकों के विश्वास को झटका दिया। अब नई सरकार के लिए यह अनिवार्य है कि वह आर्थिक सुधारों को



**बांग्लादेश के लिए यह क्षण आत्ममंथन का भी है। क्या वह अपनी पहचान को केवल धार्मिक राष्ट्रवाद तक सीमित करेगा, या भाषा, संस्कृति और बहुलता की उस विरासत को आगे बढ़ाएगा जिसने उसे जन्म दिया? मुक्ति संग्राम की मूल भावना सामाजिक न्याय और समान अवसर की थी।**

गति दे, रोजगार सृजन पर ध्यान केंद्रित करे और विदेशी निवेश के लिए अनुकूल वातावरण बनाए। विकास की 'नई गंगा' तभी बहेगी जब शासन पारदर्शी, जवाबदेह और समावेशी होगा। केवल नारे या राष्ट्रवाद की तीखी ध्वनियां आर्थिक संकट का समाधान नहीं बन सकतीं। भारत-बांग्लादेश संबंध इस चुनाव के सबसे महत्वपूर्ण आयामों में से एक हैं। दोनों देशों के बीच साझा इतिहास, सांस्कृतिक निकटता और आर्थिक परस्परता है। सीमा प्रबंधन, जल बंटवारा, व्यापार और सुरक्षा सहयोग जैसे मुद्दे परस्पर विश्वास से ही सुलझ सकते हैं। हाल के वर्षों में पाकिस्तान के साथ बढ़ती निकटता और भारत के प्रति संदेहपूर्ण बयानबाजी ने संबंधों में अनावश्यक तनाव पैदा किया। यदि नई सरकार क्षेत्रीय संतुलन की नीति अपनाते हुए भारत के साथ सौहार्दपूर्ण संवाद पुनः स्थापित करती है, तो यह दोनों देशों के हित में होगा। भारत ने बांग्लादेश के निर्माण और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, उस ऐतिहासिक साझेदारी को भावनात्मक नहीं, व्यावहारिक आधार पर पुनर्जीवित करने की आवश्यकता है। यह भी ध्यान रखना होगा कि दक्षिण एशिया की राजनीति अब केवल द्विपक्षीय समीकरणों तक सीमित नहीं है। चीन की बढ़ती उपस्थिति, अमेरिका की रणनीतिक रुचि और पाकिस्तान की पारंपरिक भूमिका-इन सबके बीच बांग्लादेश को संतुलित कूटनीति अपनानी होगी। यदि नई सरकार वैचारिक आग्रहों से ऊपर उठकर राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि रखती है, तो वह क्षेत्रीय शक्ति संतुलन में एक परिपक्व भूमिका निभा सकती है। परंतु यदि विदेश नीति घरेलू राजनीति का विस्तार बन गई, तो अस्थिरता का चक्र फिर दोहराया जा सकता है। इस चुनाव का एक और महत्वपूर्ण संकेत यह है कि बांग्लादेश का मतदाता अब निर्णायकता चाहता है। लंबे समय तक आंदोलन, विरोध और अंतरिम प्रयोगों से थका समाज स्थिर शासन की आकांक्षा रखता है। किंतु स्थिरता केवल बहुमत से नहीं आतीय वह संस्थाओं की मजबूती, न्यायपालिका की स्वतंत्रता और मीडिया की स्वायत्तता से आती है। नई सरकार को यह समझना होगा कि लोकतंत्र केवल चुनाव जीतने का नाम नहीं, बल्कि असहमति को सम्मान देने की संस्कृति का नाम है। यदि विपक्ष को हाशिये पर धकेला गया या आलोचना को देशविरोध का रूप दिया गया, तो लोकतांत्रिक ऊर्जा क्षीण हो जाएगी। बांग्लादेश के लिए यह क्षण आत्ममंथन का भी है। क्या वह अपनी पहचान को केवल धार्मिक राष्ट्रवाद तक सीमित करेगा, या भाषा, संस्कृति और बहुलता की उस विरासत को आगे बढ़ाएगा जिसने उसे जन्म दिया? मुक्ति संग्राम की मूल भावना सामाजिक न्याय और समान अवसर की थी। यदि नई सत्ता उस भावना को पुनर्जीवित करती है, तो यह जनादेश ऐतिहासिक सिद्ध होगा। अन्यथा यह अवसर भी इतिहास की एक और चूकी हुई संभावना बन सकता है। भारत की दृष्टि से भी यह चुनाव महत्वपूर्ण है। नई दिल्ली को प्रतिक्रिया में उतावलापन नहीं, बल्कि धैर्य और कूटनीतिक परिपक्वता दिखानी होगी। पड़ोसी देश की संप्रभुता और जनादेश का सम्मान करते हुए सहयोग का हाथ बढ़ाना ही दीर्घकालिक हित में है। सीमा पार आतंकवाद, अवैध घुसपैठ और तस्करी जैसे मुद्दों पर सख्ती के साथ-साथ आर्थिक और सांस्कृतिक संवाद को भी सुदृढ़ करना होगा। संबंधों में भावनात्मकता के बजाय व्यावहारिकता और पारस्परिक सम्मान की नींव आवश्यक है। अंततः यह चुनाव बांग्लादेश के लिए निर्णायक इसलिए है क्योंकि यह केवल सरकार बदलने का अवसर नहीं, बल्कि शासन की शैली और राष्ट्रीय दिशा तय करने का क्षण है।

### आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | चतुर्दशी 17:30 तक |
| नक्षत्रः | श्रावण 20:36 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | सोमवार |
| योगः | वरीघा, 25:42 |
| सूर्योदयः | 07:02 |
| सूर्यास्तः | 18:07 |
| चंद्रमाः | मकर राशि में |
| राहुकालः | 08:25-09:48 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | फाल्गुन |
| शुभ मुहूर्तः | 12:12-12:57 |

## जन एक्सप्रेस

### जनता का भी मनोरंजन

*ना थमते बयान ।*
*कोशिश सबकी जारी ।।*
*कह जाएं हम कितना ।*
*है इसकी तैयारी ।।*
*सबने सबकी पोल को ।*
*खोलने की ठानी ।।*
*लग रहें आरोप ।*
*करने की मनमानी ।।*
*हो कोई भी खेमा ?।*
*पड़े न तेवर ढ़ीले ।।*
*रुक रूक कर आ जाते ।*
*बयान भी जहरीले ।।*
*जनता का भी मनोरंजन ।*
*है होता भरपूर ।?।*
*भले रहती उनसे ।*
*बहुत कोसो दूर ।।*



- कृष्णेन्द्र राय


### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

## हेल्दी और घने बालों के लिए फायदेमंद है रोजमेरी का पानी

**आज** के समय में बहुत से लोग बालों के झड़ने, टूटने और बालों के पतला होने जैसी कई समस्याओं से परेशान रहते हैं। ऐसा फिजिकल एक्टिविटीज न करने, अनहेल्दी खानपान और कई अन्य बुरी आदतों के कारण हो सकता है। ऐसे में बालों को हेल्दी और घना बनाने के लिए अक्सर लोगों को रोजमेरी के पानी और चावल के पानी जैसी चीजों का इस्तेमाल करने की सलाह दी जाती है, लेकिन कई बार लोगों के मन में सवाल उठता है कि बालों की अच्छी ग्रोथ के लिए इन दोनों में से क्या ज्यादा फायदेमंद हैं?

**बालों के लिए रोजमेरी का पानी:** डॉक्टर चंचल शर्मा बताती हैं कि रोजमेरी के पानी में विटामिन ए, बी, सी और मिनरल्स जैसे पोषक तत्व होते हैं, साथ ही, इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स, एंटीइंफ्लेमेटरी, एंटीबैक्टीरियल और एंटीवायरल के गुण होते हैं। इसका इस्तेमाल करने से स्कैल्प की सूजन को कम करने, बालों को जड़ों से पोषण देने, स्कैल्प में ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर करने, बालों का ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस से बचाव करने, झड़ने से रोकने, बालों को मोटा और घना बनाने में मदद मिलती है।

**बालों के लिए चावल का पानी:**



डॉक्टर चंचल शर्मा आगे बताती हैं कि चावल के पानी में आमीनो एसिड, विटामिन ई, बी और सी जैसे पोषक तत्व होते हैं, साथ ही, इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स और एंटीइंफ्लेमेटरी के गुण होते हैं। बालों पर चावल के पानी को लगाने से बालों को मजबूती देने, बालों को झड़ने और टूटने से रोकने, हेल्दी, शाइनी, सॉफ्ट बनाने, स्कैल्प की सूजन को कम करने, बालों की डैमेज से बचाव करने और स्कैल्प के पीएच को बैलेंस करने में मदद मिलती है।

हेल्दी बालों के लिए रोजमेरी का पानी या चावल का पानी क्या है फायदेमंद? आयुर्वेदिक डॉक्टर चंचल शर्मा के अनुसार, रोजमेरी का पानी और चावल का पानी दोनों ही बालों के लिए अपने-अपने तरीकों से फायदेमंद होते हैं। इनका इस्तेमाल करने से स्कैल्प को गहराई से पोषण देने, बालों की ग्रोथ को बढ़ावा देने, बालों के टेक्सचर में सुधार करने, बालों को स्मूद बनाने, बालों को जड़ों से मजबूती देने और बालों को टूटने से रोकने में मदद मिलती है।

**सावधानियां:** रोजमेरी के पानी या चावल के पानी का इस्तेमाल करने से पहले पैच टेस्ट जरूर करें। किसी भी पानी से एलर्जी होने पर इसका इस्तेमाल करने से बचें। इसके अलावा, बालों से जुड़ी अधिक परेशानी होने पर तुरंत डॉक्टर से सलाह लें।

**निष्कर्ष:** बालों को हेल्दी, घना और शाइनी बनाने के लिए रोजमेरी का पानी और चावल का पानी दोनों की फायदेमंद हैं। इनका इस्तेमाल करने से स्कैल्प के स्वास्थ्य में सुधार करने, बालों को जड़ों से मजबूती देने और बालों की ग्रोथ को बढ़ावा देने में मदद मिलती है। इनसे एलर्जी होने पर इनका इस्तेमाल करने से बचें। ध्यान रहे, बालों से जुड़ी अधिक समस्या महसूस होने पर तुरंत डॉक्टर से सलाह लें। इसके अलावा, हेल्दी और घने बालों के लिए बैलेंस डाइट लें, एक्सरसाइज करें और हेल्दी लाइफस्टाइल को फॉलो करने की कोशिश करें।

### एक्सप्रेस विशेष

## इलाज से वंचित गाँव, सुविधाओं से भरा शहर



प्रो. आरके जैन

**असल में, गाँव से डॉक्टर का गायब होना सिर्फ इलाज की कमी नहीं, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा का पतन है। यह चीख–चीखकर बताता है कि विकास की रोशनी केवल महानगरों तक सीमित है, सुविधाएँ सिर्फ रसूखदारों की बपौती हैं।**

**कोई सामाजिक कार्यकर्ता गाँव–गाँव जाकर जागरूकता फैलाता है, कोई माँ अपनी खोई संतान को आवाज़ बना देती है। ये लोग बताते हैं कि बदलाव अभी संभव है। लेकिन बदलाव तब आएगा, जब ग्रामीण खुद को कमजोर नहीं, जागरूक समझेगा। जब वह नेता से जाति नहीं, इलाज माँगेगा। जब वह शराब और राशन से ऊपर अस्पताल को रखेगा। जब वह वोट को केवल सौदा नहीं, हथियार बनाएगा।**

**भोर** की हवा जब गाँव की सूनी गलियों में बहती है, तो वह केवल मिट्टी की गंध नहीं लाती, बल्कि अधूरी साँसों, टूटी उम्मीदों और अनकहे दर्द की कहानियाँ भी साथ लाती है। यहाँ सूरज हर रोज़ उगता है, पर स्वास्थ्य की रोशनी कभी नहीं पहुँचती। यहाँ जीवन जन्म लेते ही संघर्ष सीख लेता है, और बीमारी आते ही हार मान लेता है। किसी माँ की गोद में तड़पता बच्चा, किसी बुजुर्ग की काँपती देह, किसी युवा की बुझती आँखें–सब एक ही सवाल पूछते हैं, 'क्या हमारा जीवन इतना सस्ता है?' इस गाँव में डॉक्टर नहीं हैं, दवाइयाँ नहीं हैं, इलाज नहीं है, लेकिन सत्ता के पास सुविधाओं का अंबार है। यह केवल अभाव की कहानी नहीं, बल्कि एक सुनियोजित उपेक्षा का दस्तावेज़ है। यहाँ बीमार पड़ना किसी अपराध से कम नहीं माना जाता। क्योंकि बीमार होने का मतलब है, कर्ज़ लेना, ज़मीन गिरवी रखना, या चुपचाप मर जाना। जब रात में किसी को तेज़ बुखार चढ़ता है, तो पूरा परिवार डर के साए में बैठ जाता है। मोबाइल नेटवर्क नहीं, एंबुलेंस नहीं, सड़कें टूटी हुई–और अस्पताल कई कोस दूर। गर्भवती महिला की प्रसव पीड़ा यहाँ जीवन की परीक्षा बन जाती है। कई बार बच्चे रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं, और कई बार माँ लौटकर नहीं आती। यह मौत प्राकृतिक नहीं होती, यह व्यवस्था की हत्या होती है। फिर भी इन मौतों का कोई रिकॉर्ड नहीं बनता, कोई आँकड़ा नहीं बढ़ता, कोई मंत्री बयान नहीं देता। वे चुपचाप मिट्टी में मिल जाती हैं, जैसे कभी थीं ही नहीं। गाँव का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बाहर से देखने में सरकारी उपलब्धि लगता है। नीली दीवारें, टूटा बोर्ड, जंग लगा ताला और भीतर सन्नाटा। यह इमारत इलाज का नहीं, धोखे का प्रतीक बन चुकी है। यहाँ कभी डॉक्टर नहीं आते, नर्सें महीनों गायब रहती हैं, और दवाइयाँ कागज़ों में दर्ज रहती हैं। मरीजों के लिए यह भवन केवल छाया देने वाला खंडहर है। कभी कोई निरीक्षण होता भी है, तो पहले से सूचना देकर। उस दिन ताले खुलते हैं, फाइलें सजती हैं, और झूठ सच बनकर प्रस्तुत होता है। निरीक्षक चले जाते हैं, और फिर वही वीरानी लौट आती है। यह स्वास्थ्य केंद्र नहीं, बल्कि सरकारी संवेदनहीनता का स्मारक है। इसके ठीक विपरीत, गाँव की राजनीति विलासिता में डूबी रहती है। नेता जब आते हैं, तो धूल उड़ाती गाड़ियों का काफिला साथ लाते हैं। दस गाड़ियाँ, दर्जनों समर्थक, महँगे कपड़े और बनावटी मुस्कान। मंच से वे कहते हैं– 'स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता है।' नीचे बैठा बीमार किसान जानता है कि यह झूठ है। क्योंकि उसके बेटे की दवा के लिए पैसे नहीं थे, और नेता के पास नई कार के लिए थे। नेता के परिवार का इलाज बड़े शहरों के आलीशान अस्पतालों में होता है, विदेशों में होता है, लेकिन गाँव के लिए सिर्फ वादे होते हैं। सत्ता और जनता के बीच की खाई इतनी गहरी हो चुकी है कि अब आवाज़ भी वहाँ तक नहीं पहुँचती। सरकारी योजनाएँ यहाँ एक मज़ाक बन चुकी हैं। कागज़ों में सब कुछ है–मुफ्त इलाज, मोबाइल क्लिनिक, मातृत्व सहायता, पोषण अभियान। लेकिन ज़मीनी हकीकत में कुछ भी नहीं। बजट आता है, फाइलें घूमती हैं, टेंडर निकलते हैं, और पैसा रास्ते में ही गायब हो जाता है। कहीं भ्रष्टाचार निगल जाता है, कहीं लापरवाही मार देती है। जो कर्मचारी ईमानदारी से काम करना चाहते हैं, वे अकेले पड़ जाते हैं। उन्हें ट्रांसफर का डर दिखाया जाता है, दबाव में लाया जाता है, और अंततः खामोश कर दिया जाता है। सिस्टम ईमानदारी को दंड देता है, और बेईमानी को पुरस्कार। इस व्यवस्था का सबसे बड़ा शिकार आम ग्रामीण बनता है। वह न मीडिया में है, न संसद में, न अदालत में। उसकी पीड़ा केवल उसके घर की चार दीवारों तक सीमित रहती है। वह इलाज के लिए अपनी भैंस बेच देता है, खेत गिरवी रख देता है, बेटी की पढ़ाई छुड़ा देता है। फिर भी कई बार इलाज नहीं मिल पाता। तब वह खुद को दोष देता है, किस्मत को कोसता है, भगवान से सवाल करता है। उसे कभी यह एहसास नहीं कराया जाता कि यह उसकी नहीं, व्यवस्था की विफलता है। उसे नागरिक नहीं, केवल सहनशील प्राणी बना दिया गया है। फिर भी, इस अँधेरे में कुछ दीपक अब भी जल रहे हैं। कोई युवा मोबाइल से वीडियो बनाकर सच्चाई दिखाता है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# जिला गन्ना अधिकारी की अध्यक्षता में तहसील पूरनपुर में बसंतकालीन गन्ना बुवाई की रणनीति तय

- 3511 हेक्टेयर लक्ष्य हासिल करने को बनी ठोस कार्ययोजना, वैज्ञानिक पद्धति से बुवाई पर जोर

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



किसान सहकारी चीनी मिल परिसर में बसंतकालीन गन्ना बुवाई एवं माइक्रोप्लान की प्रगति की समीक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला गन्ना अधिकारी खुशी राम भार्गव ने की। इस अवसर पर मुख्य गन्ना अधिकारी अमित चतुर्वेदी सहित विभागीय फील्ड स्टाफ एवं गन्ना पर्यवेक्षक मौजूद रहे। बैठक में वर्ष 2026-27 के लिए निर्धारित 3511 हेक्टेयर बसंतकालीन गन्ना बुवाई लक्ष्य को समयबद्ध ढंग से पूरा करने की रणनीति पर विस्तार से मंथन किया गया। जिला गन्ना अधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि बुवाई कार्य स्वीकृत माइक्रोप्लान एवं वैज्ञानिक पद्धति के अनुरूप ही कराया जाए। साथ ही प्रत्येक दिवस की प्रगति रिपोर्ट जिला मुख्यालय को अनिवार्य रूप से भेजी जाए, ताकि नियमित मॉनिटरिंग के माध्यम से लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित की जा सके। कृषकों को उच्च उत्पादकता देने वाली उन्नतशील किस्मों– को.शा. 13235, को.शा. 17231, को.15023, को.शा.13231, को.शा.10239, को.लख.94184, को.98014, को.05125, को.लख.16202, को.लख.18231, को.शा.19231–की सिंगल-बड एवं प्रमाणित बीज उपलब्ध कराया जाएगा। अगेती प्रजातियों में को.शा. 13235, को.शा. 17231 एवं को.15023 को प्राथमिकता के आधार पर वितरित किया जाएगा, ताकि क्षेत्र में अधिक उपज और बेहतर शर्करा प्रतिशत सुनिश्चित हो सके।

### उन्नतशील किस्मों का प्राथमिक वितरण, अभिजनक बीज उपलब्ध

पूरनपुर चीनी मिल क्षेत्र में लक्ष्य पूर्ति के लिए गन्ना विकास परिषद को अभिजनक गन्ना बीज आवंटित कर दिया गया है। बीज की उपलब्धता चीनी मिल प्रक्षेत्र पीलीभीत एवं पुवायां से सुनिश्चित कराई गई है, जिससे किसानों को समय पर गुणवत्तायुक्त बीज मिल सके।

### अप्रचलित किस्मों पर सख्त प्रतिबंध

जिला गन्ना अधिकारी ने स्पष्ट चेतावनी दी कि कृषक केवल प्रमाणित एवं अनुशंसित बीजों से ही बुवाई करें। अस्वीकृत एवं अप्रचलित किस्में को.पी.9302, को.शा.91269, को.पी.के. 5191, को.लख. 8102, को.0235, बी.ओ.91, को.से. 92423, पी.बी.95, को.11015, को.शा.1148–की बुवाई कदापि न की जाए। उन्होंने वैज्ञानिक दृष्टिकोण स्पष्ट करते हुए कहा कि लगातार एक ही किस्म की खेती करने से कीट एवं रोगों का प्रकोप बढ़ता है, जिससे उत्पादन और शर्करा प्रतिशत दोनों प्रभावित होते हैं। फसल विविधता अपनाकर और क्षेत्रानुसार अनुशंसित किस्मों का चयन कर ही अधिक लाभ अर्जित किया जा सकता है।

### पर्यवेक्षकों को सौंपे गए क्षेत्रवार लक्ष्य

बसंतकालीन बुवाई अभियान को गति देने के लिए समस्त गन्ना पर्यवेक्षकों को क्षेत्रवार लक्ष्य आवंटित कर जिम्मेदारी तय कर दी गई है। विभाग की ओर से नियमित समीक्षा एवं फील्ड मॉनिटरिंग की व्यवस्था की गई है, ताकि निर्धारित समयसीमा में शत–प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया जा सके।

### जिला गन्ना अधिकारी की अपील

- 'कृषक भाई बसंतकालीन गन्ना बुवाई केवल प्रमाणित एवं अनुशंसित बीज से ही करें।'
- 'गन्ना विकास परिषद अथवा चीनी मिल से उपलब्ध अभिजनक बीज का ही उपयोग करें।'
- 'वैज्ञानिक विधि अपनाकर अधिक उत्पादन और बेहतर शर्करा प्रतिशत सुनिश्चित करें।'
- 'फसल विविधता अपनाएं और अप्रचलित किस्मों से बचें।'

बैठक के माध्यम से विभाग ने स्पष्ट संदेश दिया है कि वैज्ञानिक खेती, उन्नत बीज और समयबद्ध कार्ययोजना ही क्षेत्र में गन्ना उत्पादन बढ़ाने की कुंजी है। यदि निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य हुआ, तो आगामी पेराई सत्र में पूरनपुर क्षेत्र गन्ना उत्पादन के क्षेत्र में नई उपलब्धि दर्ज कर सकता है।

# तिरुपति कॉलोनी में बंद मकान से लाखों की नकदी चोरी

- इलाज के लिए दिल्ली गया था परिवार, लौटने पर टूटा मिला दरवाजा, छत के रास्ते रस्सी से घुसे बदमाश

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



शहर कोतवाली क्षेत्र की पॉश तिरुपति कॉलोनी में चोरों ने सुनियोजित तरीके से बंद पड़े एक किराए के मकान को निशाना बनाकर लाखों रुपये की नकदी पार कर दी। बदमाश पीछे के खाली प्लॉट की ओर से रस्सी के सहारे छत पर चढ़े और घर के भीतर दाखिल होकर अलमारी में रखी करीब चार से पांच लाख रुपये की नकदी लेकर फरार हो गए। घटना से इलाके में दहशत का माहौल है, जबकि पुलिस ने मामले की गंभीरता से जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार, मूल रूप से न्यूरिया कॉलोनी निवासी धीरज अग्रवाल अपनी पत्नी दीक्षा अग्रवाल के साथ तिरुपति कॉलोनी में किराए के मकान में रह रहे थे। धीरज अग्रवाल पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे हैं। 13 फरवरी को उनकी पत्नी उन्हें उपचार के लिए दिल्ली ले गई थीं। परिवार के दिल्ली रवाना होने के बाद मकान पूरी तरह बंद था और आसपास के लोगों को भी घर में किसी की मौजूदगी की जानकारी नहीं थी। रविवार सुबह जब परिवार दिल्ली से वापस लौटा तो मुख्य दरवाजा टूटा हुआ मिला। अंदर प्रवेश करने पर कमरों का सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। अलमारी के लॉकर को तोड़ा गया था और उसमें रखी चार से पांच लाख रुपये की नकदी गायब थी। यह देखकर परिवार के होश उड़ गए और तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। घटना की खबर फैलते ही कॉलोनी के लोग मौके पर एकत्र हो गए।प्रारंभिक जांच में सामने आया कि चोरों ने घर के पीछे खाली पड़े प्लॉट का फायदा उठाया। पुलिस को मौके से एक रस्सी बरामद हुई है, जिससे अंदेशा जताया जा रहा है कि बदमाश उसी के सहारे छत पर चढ़े और फिर मकान के अंदर दाखिल हुए। वारदात को अंजाम देने के बाद वे उसी रास्ते से फरार हो गए। चोरी की पूरी घटना सुनियोजित प्रतीत हो रही है, जिससे आशंका है कि चोरों को मकान के बंद होने की पूर्व जानकारी थी।सूचना मिलते ही शहर कोतवाल सत्येंद्र कुमार और क्षेत्राधिकारी नगर दीपक चतुर्वेदी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किए। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि संदिग्धों की पहचान की जा सके। क्षेत्राधिकारी नगर दीपक चतुर्वेदी ने बताया कि चोरों ने पीछे की ओर से रस्सी के सहारे घर में प्रवेश किया है। मामले की गहन जांच की जा रही है और शीघ्र ही आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी की जाएगी।

लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से शहरवासियों में रोष और भय व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने पुलिस गश्त बढ़ाने, रात्रि निगरानी सख्त करने और संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष नजर रखने की मांग की है। घटना ने एक बार फिर शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां 'फूलबाबू' सपा में शामिल




- अखिलेश यादव की मौजूदगी में थामा सपा का दामन, बसपा को बड़ा झटका, संगठन में नई ऊर्जा का संचार

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

उत्तर प्रदेश की राजनीति में एक अहम घटनाक्रम ने नई हलचल पैदा कर दी है। प्रदेश के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां 'फूलबाबू' ने समाजवादी विचारधारा में आस्था व्यक्त करते हुए समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की मौजूदगी में आयोजित भव्य कार्यक्रम में उन्होंने सपा का दामन थामा। राजनीतिक जानकार इसे सपा की बड़ी रणनीतिक सफलता और बहुजन समाज पार्टी के लिए करारा झटका मान रहे हैं। सदस्यता ग्रहण समारोह के दौरान पार्टी कार्यालय में भारी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे। जैसे ही अनीस अहमद खां 'फूलबाबू' मंच पर पहुंचे और सपा की सदस्यता ली, पूरा परिसर तालियों और नारों से गूंज उठा। समर्थकों ने फूलमालाओं से उनका स्वागत किया और इसे 'संगठन की ऐतिहासिक मजबूती' बताया।

### अनीस अहमद खां बोले समाजवादी विचारधारा से प्रेरित

पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां 'फूलबाबू' ने कहा कि वे समाजवादी सिद्धांतों और जनहित की राजनीति से प्रभावित होकर सपा में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सामाजिक समरसता, विकास और समान अवसरों की राजनीति को मजबूत करना समय की मांग है।उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ संगठन को मजबूत करने का कार्य करेंगे तथा जनता की आवाज को प्रमुखता से उठाएंगे।

### बदल सकते हैं राजनीतिक समीकरण

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अनीस अहमद खां का सपा में शामिल होना कई क्षेत्रों में राजनीतिक समीकरण बदल सकता है। जिन इलाकों में उनका प्रभाव रहा है, वहां सपा को सीधा लाभ मिलने की संभावना जताई जा रही है। खासकर पारंपरिक वोट बैंक और अल्पसंख्यक वर्ग में इसका असर दिख सकता है। चुनावी रणनीति में नई धार आगामी चुनावों से पहले इस घटनाक्रम ने प्रदेश की राजनीति को और अधिक दिलचस्प बना दिया है। सपा खेमे में जहां उत्साह का माहौल है, वहीं विरोधी दलों में इस राजनीतिक बदलाव को लेकर मंथन शुरू हो गया है। सियासी गलियारों में चर्चा है कि यह कदम आने वाले चुनावी मुकाबले को और अधिक रोमांचक बना सकता है। कुल मिलाकर, अनीस अहमद खां 'फूलबाबू' का सपा में शामिल होना केवल एक सदस्यता कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रदेश की राजनीति में नई दिशा देने वाला घटनाक्रम माना जा रहा है।

### अखिलेश यादव बोले अनुभवी नेतृत्व से मिलेगा बल

इस अवसर पर अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी लगातार प्रदेश में जनाधार बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि अनुभवी और जमीनी नेताओं के जुड़ने से संगठन को नई दिशा और ऊर्जा मिलती है।उन्होंने विश्वास जताया कि अनीस अहमद खां का राजनीतिक अनुभव, संगठनात्मक समझ और जनता के बीच उनकी पकड़ आगामी चुनावों में पार्टी को मजबूत स्थिति में पहुंचाएगी। अखिलेश ने यह भी कहा कि सपा सामाजिक न्याय, विकास और भाईचारे की राजनीति को लेकर प्रतिबद्ध है और इसी सोच के साथ पार्टी आगे बढ़ रही है।

# महाशिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब



- 'बम भोले' के जयघोष से गूंजा जनपद, सुबह से देर रात तक चला जलाभिषेक

**जन एक्सप्रेस । मुकेश कुमार**

**पीलीभीत।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर जनपद भर के शिवालयों में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। ब्रह्ममुहूर्त में मंदिरों के कपाट खुलते ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं। 'हर-हर महादेव' और 'बम भोले' के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा।शिवभक्तों ने जल, दुग्ध, गंगाजल, बेलपत्र, धतूरा, बेर, गन्ना और विविध फल-फूल अर्पित कर भगवान भोलेनाथ का विधिवत जलाभिषेक व पूजन-अर्चन किया। कई स्थानों पर रुद्राभिषेक, महाआरती और भजन-कीर्तन के विशेष आयोजन हुए। शहर के प्रमुख श्री गौरी शंकर मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी रोशनी और पुष्प सज्जा से आकर्षक रूप दिया गया। महंत जय शंकर की अगुवाई में विशेष रुद्राभिषेक और मंत्रोच्चारण के बीच महाआरती संपन्न हुई। आरती के समय घंटों और शंखनाद से पूरा परिसर गुंजायमान हो उठा। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों सहित हजारों श्रद्धालुओं ने शांतिपूर्वक कतार में लगकर दर्शन किए। वहीं अर्धनारीश्वर मंदिर में भी दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। भगवा वस्त्र धारण किए कांवड़िए शिवभक्ति में लीन नजर आए। मंदिर में शिव चालीसा पाठ और भजन-कीर्तन से आध्यात्मिक वातावरण बना रहा। शहर में शिवजी की भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई, जिसमें विभिन्न धार्मिक संगठनों व युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जगह-जगह पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। जनपद के पूरनपुर स्थित इकहत्तरनाथ मंदिर, बीसलपुर के गुलेश्वरनाथ मंदिर तथा बिलसंडा के लिलहर मंदिर सहित अन्य शिवालयों में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में भक्त दर्शन के लिए पहुंचे। कई स्थानों पर भंडारे आयोजित कर प्रसाद वितरण किया गया।

### संजय सिंह गंगवार ने परिवार सहित की पूजा–अर्चना



महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी मिल राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने परिवार सहित पूजा–अर्चना की। उन्होंने विशाल टॉकीज के समीप स्थित श्री गौरी शंकर मंदिर तथा संजय रॉयल पार्क स्थित शिव मंदिर में रुद्राभिषेक कर प्रदेश व क्षेत्र की उन्नति की कामना की।मंदिर पुजारियों ने उनका तिलक लगाकर स्वागत किया और प्रसाद भेंट किया। राज्यमंत्री ने कहा कि महाशिवरात्रि का पर्व आस्था, संयम और आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रतीक है। प्रशासन रहा मुस्तैद, सुरक्षा के कड़े इंतजाम श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। मंदिर परिसरों व प्रमुख मार्गों पर पुलिस बल तैनात रहा, सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की गई तथा यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के विशेष इंतजाम किए गए। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव के साथ पूरनपुर क्षेत्र स्थित इकहत्तरनाथ मंदिर पहुंचकर साफ–सफाई, बैरिकेटिंग, पार्किंग, पेयजल व सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने ड्यूटी पर तैनात कर्मियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। एएसपी विक्रम दहिया ने विभिन्न मंदिरों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। महाशिवरात्रि के इस पावन पर्व पर पूरे जनपद में आस्था, शांति और सौहार्द का अनुपम दृश्य देखने को मिला। दिनभर चले जलाभिषेक और आरती कार्यक्रमों में श्रद्धालुओं ने बढ़–चढ़कर भाग लिया और भगवान भोलेनाथ से सुख–शांति व समृद्धि की कामना की।

# फूड प्वाइजनिंग से एक ही परिवार के नौ सदस्य बीमार

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

- देर रात दाल–चावल खाने के बाद बिगड़ी तबीयत, सुबह अचेत मिले, 108 एंबुलेंस से अस्पताल में भर्ती



जनपद के बिलसंडा थाना क्षेत्र के गांव पहाड़गंज में देर रात उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक ही परिवार के नौ सदस्य संदिग्ध फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो गए। सभी ने रात में घर पर बना दाल-चावल खाया था। भोजन करने के कुछ समय बाद परिवार के लोगों को चक्कर, उलझन और नशे जैसी स्थिति महसूस होने लगी। इसके बाद सभी गहरी नींद में चले गए और सुबह तक कोई भी सदस्य नहीं जागा। सुबह जब काफी देर तक घर से कोई बाहर नहीं निकला तो पड़ोसियों को अनहोनी की आशंका हुई। कई बार दरवाजा खटखटाने के बावजूद अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। इसके बाद पड़ोसियों ने अंदर जाकर देखा तो परिवार के सभी सदस्य अचेत अवस्था में पड़े मिले। सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस सेवा को बुलाया गया। एंबुलेंस से सभी को बीसलपुर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने तत्काल उपचार शुरू किया। डॉक्टरों के अनुसार प्रथम दृष्ट्या मामला फूड प्वाइजनिंग का प्रतीत हो रहा है। समय पर अस्पताल पहुंचाए जाने के कारण सभी की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। मरीजों को चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है। बीमार होने वालों में बुन्दाखां, उनकी पत्नी मरियम, पुत्री शैनाज, रीना, रिश्तेदार अपसीन पुत्री शकील, अंजुम पत्नी हीरा खां, शारिक पुत्र हीरा खां, मनतसा पुत्री साजिद और मुस्कान पुत्री जाहिद खां शामिल हैं। भोजन में संक्रमण की आशंका, जांच की सलाह परिजनों और ग्रामीणों के अनुसार परिवार ने सामान्य रूप से घर में बना दाल-चावल ही खाया था। आशंका जताई जा रही है कि भोजन में किसी प्रकार का संक्रमण या खाद्य पदार्थ के खराब होने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई। चिकित्सकों ने भोजन के नमूने की जांच कराने की सलाह दी है, ताकि वास्तविक कारण स्पष्ट हो सके। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने खाद्य सुरक्षा विभाग से मामले की जांच कराए जाने और लोगों को खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूक करने की मांग की है। स्वास्थ्य विभाग की टीम भी मामले की जानकारी जुटा रही है। स्थानीय प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि भोजन बनाते समय स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें, बासी या संदिग्ध भोजन का सेवन न करें और तबीयत बिगड़ने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें। पड़ोसियों की सजगता और 108 एंबुलेंस की तत्परता से समय रहते सभी को उपचार मिल सका, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। फिलहाल सभी मरीजों की हालत में सुधार बताया जा रहा है।

## डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार की मौत, चालक फरार

**पूरनपुर।** बंडा हाईवे पर घुंघचाई श्मशान घाट के पास रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। तेज रफ्तार डीसीएम की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बंडा की ओर से आ रही डीसीएम ने सामने से आ रहे बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक हाईवे पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के तुरंत बाद चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना पर घुंघचाई पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायल की पहचान कराने का प्रयास किया। सोशल मीडिया के माध्यम से शिनाख्त के प्रयास किए गए।

# भाकियू अराजनीतिक की पंचायत: गन्ना किसानों के शोषण का आरोप, मुख्य गन्ना अधिकारी को हटाने की मांग

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

- चीनी मिल में अव्यवस्था और इंडेंट जारी करने की प्रक्रिया पर उठाए सवाल, गन्ना आयुक्त से शिकायत की चेतावनी
- किसानों ने एक स्वर में कहा कि गन्ना किसानों के उत्पीड़न को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

**पूरनपुर।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक) की एक आवश्यक बैठक रविवार को जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह के आवास पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह ने की, जबकि संचालन सर्वेश कुमार वर्मा ने किया। पंचायत में गन्ना किसानों की समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह ने आरोप लगाया कि दि किसान सहकारी चीनी मिल पूरनपुर में हाल ही में कार्यभार संभालने वाले मुख्य गन्ना अधिकारी सीसीओ अमित चतुर्वेदी के कार्यकाल में किसानों का शोषण बढ़ा है। उन्होंने कहा कि अर्ली और जनरल वैरायटी के नाम पर किसानों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है तथा भारी मात्रा में एक साथ गन्ना आपूर्ति इंडेंट जारी किए जाने से मिल परिसर और गन्ना सेंटरों पर अव्यवस्था की स्थिति बन गई है। उनका कहना था कि मिल गेट पर लगभग 800 ट्रॉलियों की लंबी कतार लगी हुई है। केनयार्ड की क्षमता कम होने से हाईवे पर गन्ना से भरे वाहनों की लंबी लाइनें लग रही हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। उन्होंने बताया कि हाल ही में एक ट्रक ने गन्ना किसानों के वाहनों में टक्कर मार दी, जिसमें एक वाहन पलट गया, हालांकि किसान बाल-बाल बच गया। किसान नेताओं ने आरोप लगाया कि समय से गन्ना न उठने के कारण गन्ना सूख रहा है, जिससे वजन में कमी आ रही है और किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो गन्ना आयुक्त से लखनऊ में मिलकर शिकायत की जाएगी तथा दोषी अधिकारियों से मिल को हुए नुकसान की भरपाई की मांग की जाएगी। पंचायत में बलजीत सिंह चीमा, सर्वेश कुमार, पवन कुमार वर्मा, विजेंद्र कुमार, रघुनंदन कुमार, तरसेम सिंह, निर्मल सिंह सहित कई किसान उपस्थित रहे। किसानों ने एक स्वर में कहा कि गन्ना किसानों के उत्पीड़न को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# नई सड़कों और पुलियाओं से बदलेगी बरखेड़ा की तस्वीर : स्वामी प्रवक्तानंद

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

- लोकार्पण पर उमड़ा जनसैलाब, विधायक ने कहा 'ग्रामीण विकास ही मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता'



128 बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की नई सौगात देते हुए विभिन्न संपर्क मार्गों और पुलियाओं का विधिवत लोकार्पण कर उन्हें जनता को समर्पित किया गया। विधायक एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने नारियल फोड़कर नवनिर्मित सड़कों और पुलियाओं का उद्घाटन किया तथा क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं दीं। लोकार्पण समारोह के दौरान ग्रामीणों का उत्साह देखते ही बनता था। बड़ी संख्या में बच्चे, युवा और बुजुर्ग कार्यक्रम में शामिल हुए। ग्रामीणों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल दिखाई दिया। इन परियोजनाओं से हजारों ग्रामीणों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलने की उम्मीद है। विशेष रूप से बरसात के समय जलभराव और जर्जर मार्गों की समस्या से राहत मिलेगी। इस अवसर पर समारोह को संबोधित करते हुए विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने कहा कि सड़क और पुलिया किसी भी क्षेत्र की प्रगति की आधारशिला होती हैं। उन्होंने कहा 'ग्रामीण अंचल का समग्र विकास ही मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है। जब गांव मजबूत होंगे, तभी प्रदेश और देश मजबूत होगा। सड़कें केवल ईंट और पत्थर का निर्माण नहीं हैं, बल्कि ये विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की राह खोलने वाली जीवनरेखा हैं।' उन्होंने आगे कहा कि किसानों को अपनी उपज मंडियों तक पहुंचाने में अब सुविधा होगी, छात्रों को विद्यालय जाने में परेशानी नहीं होगी और आपातकालीन स्थिति में एंबुलेंस व अन्य सेवाएं समय से गांव तक पहुंच सकेंगी। क्योंकि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी सरकार लगातार सबका साथ सबका विकास को लेकर कार्य कर रही हैं। सड़क, पुलिया और नाली निर्माण को लेकर भाजपा सरकार का कहना है कि गांव और शहरों का बुनियादी विकास उनकी प्राथमिकता है। विधायक ने आश्वासन दिया कि विधानसभा क्षेत्र का कोई भी गांव विकास से अछूता नहीं रहेगा। उन्होंने कहा 'बरखेड़ा विधानसभा को आदर्श और आत्मनिर्भर क्षेत्र बनाना हमारा संकल्प है। आने वाले समय में पेयजल, विद्युत, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में भी व्यापक कार्य कराए जाएंगे। 'उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि विकास कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने में जनसहभागिता करें और किसी भी समस्या की सूचना तुरंत दें। कार्यक्रम के दौरान विधायक बच्चों के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। उन्होंने अपने हाथों से बच्चों को मिठाई वितरित की और उनसे आत्मीय संवाद किया। बच्चों के साथ उनका सहज व्यवहार देख ग्रामीणों ने तालियां बजाकर स्वागत किया। समारोह में मंडल अध्यक्ष प्यारेलाल कश्यप, पूर्व ब्लॉक प्रमुख अशोक गंगवार, हरेंद्र कुमार, संजीव गंगवार, अमित कुशवाहा, ब्रजेश वर्मा, खुशहाल वर्मा, रामेश्वर, तोताराम प्रधान, लालताप्रसाद लोधी, छोटेलाल, पूर्व चेयरमैन अशोक कुमार गुप्ता 'पप्पन', मिथुन कश्यप, प्रेम वर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन निर्माण कार्यों से क्षेत्र की तस्वीर बदलेगी और विकास की नई राह खुलेगी।

### इन मार्गों और पुलियाओं का हुआ लोकार्पण

- बहादुरपुर–हुकमी संपर्क मार्ग – 1.65 किमी (61.38 लाख रुपये)
- जिरौनियाँ–सठरापुर संपर्क मार्ग – 1.25 किमी (47.67 लाख रुपये)
- बरखेड़ा–पिपराखास संपर्क मार्ग – 2.95 किमी (77.21 लाख रुपये)
- अमखेड़ा भगवंतापुर कारबोझी मार्ग – 3.0 किमी (56.72 लाख रुपये)
- सठरापुर–पौटकलां मार्ग (सड़ा नाला) पुलिया निर्माण – 251.63 लाख रुपये
- बरखेड़ा–दौलतपुर–उगनपुर सुहास मार्ग पर बाढ़ से क्षतिग्रस्त पुलिया निर्माण – 127.06 लाख रुपये
- दौलतपुर–करोड़ संपर्क मार्ग विशेष मरम्मत कार्य – 43.31 लाख रुपये।

# डकैतों ने 15 वर्ष की बेटी का किया था अपहरण, 80 वर्ष की उम्र में वह बिटिया लौटी अपने घर

जन एक्सप्रेस । हरदोई



हरदोई के बेहटा गोकुल इलाके के टोलवा आट गाँव में बलदेव के घर वर्ष 1961-62 में डकैतों ने धावा बोला था।डकैतों ने बलदेव और उनके बेटे शिवलाल को हथियारों से घायल कर दिया और घर की 15 साल की बेटी रामश्री उर्फ मिठनी को अगवा कर लिया।मिठनी की शादी हुए अभी सिर्फ एक महीना हुआ था और उसका गौना (विदाई) होना बाकी था। डकैत उसे कई दिनों तक जंगलों में घुमाते रहे और प्रताड़ित किया, जिससे वह सदमे में चली गई थी। जंगलों से निकलकर डकैतों ने मिठनी को अलीगढ़ के पास किसी को सौंप दिया था।जब अलीगढ़ के समेघा गाँव के एक पहलवान सोहनलाल यादव को इसकी भनक लगी,तो उन्होंने अपने साथियों के साथ दबिश देकर मिठनी को छुड़ा लिया।मिठनी उस वक्त अपनी सुध-बुध खो चुकी थी और उसे अपने घर का पता याद नहीं था। सोहनलाल ने उससे विवाह कर लिया।मिठनी के 8 बच्चे हुए और उसने अलीगढ़ में अपनी पूरी जिंदगी गुजार दी,लेकिन उसके मन में हमेशा अपने मायके लौटने की तड़प बनी रही।?मिठनी की सबसे छोटी बेटी सीमा यादव (जो नोएडा में रहती है) ने अपनी माँ के दर्द को समझा। 80 साल की हो चुकी मिठनी को सिर्फ इतना याद था कि उनका घर हरदोई के सकाहा शिव मंदिर के पास है, जहाँ मेला लगता था। सीमा अपनी माँ को लेकर हरदोई पहुँची और मंदिर का रास्ता पूछा। जैसे ही मिठनी ने मंदिर देखा, उसे पुरानी यादें ताजा हो गईं। मंदिर के पास के गाँव में पहुँचकर जब उन्होंने अपने भाइयों (शिवलाल और सूबेदार) का नाम लिया, तो ग्रामीणों ने उन्हें उनके पैतृक घर का रास्ता दिखाया।जब मिठनी अपने भाई के घर पहुँची, तो पता चला कि उसके दोनों भाइयों का निधन हो चुका है। लेकिन घर में मौजूद उसकी भाभी (छोटी बिटिया) ने उसे पहचान लिया, क्योंकि उनके पति शिवलाल ने डकैती और अपनी बहन के अगवा होने की कहानी उन्हें पहले ही बता रखी थी। 65 साल बाद अपनी ननद को जीवित देखकर पूरा परिवार भावुक हो गया और गाँव में रिश्तेदारों का तांता लग गया। मिठनी की एक छोटी बहन भी उससे मिलने पहुँची। इस तरह एक बेटी का अपने मायके की मिट्टी से दोबारा मिलने का सपना 80 साल की उम्र में पूरा हुआ।

## सभासद और उसकी पत्नी सहित चार पर केस दर्ज

जन एक्सप्रेस/शाहाबाद। शाहाबाद कोतवाली पुलिस ने बुध बाजार के सभासद उसकी पत्नी और दो बेटों पर नगर पालिका के पूर्व सेवानिवृत्त सफाई सफाई लिपिक की तहरीर पर केस दर्ज किया है। भूमि विवाद के एक मामले में नायब तहसीलदार के न्यायालय के बाहर गली में मारपीट करने का आरोप लगाया गया। नगर पालिका परिषद के सेवानिवृत्त सफाई लिपिक इक्तेदार खां पुत्र मुस्तफा खां निवासी मोहल्ला मौखेल के अनुसार 13 फरवरी को नायब तहसीलदार के न्यायालय में भूमि विवाद के एक मामले में पैरवी करने गया था। जिसमें विपक्षी पक्षकार कौसर जहां एवं अजहर मसूद पुत्र मसूद खान बुध बाजार ने साजिश के बाद आकिब, आरिश पुत्रगण अजहर मसूद ने 3ः45 पर अपने अज्ञात तीन साथियों के साथ नायब तहसीलदार के न्यायालय के अंदर से बाहर तक लात घूसों से बुरी तरह से मारा पीटा । इक्तेदार ने बताया पीटते समय दबंग लोग यह कह रहे थे कि अगर कोर्ट में न होते तो आज जान से मार देते। घटना तहसील के सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया तहरीर के आधार पर आरोपी सभासद, उसकी पत्नी और दोनों पुत्रों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

# पुलिस ने चोरी की जाली व पाइप सहित दो लोगो को गिरफ्तार कर जेल भेजा



जन एक्सप्रेस । हरपालपुर

स्थानीय थाना पुलिस ने खेत की जाली उखाड़कर चोरी करने के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया हैं।पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई लोहे की जाली के 5 बंडल और 8 लोहे के पाइप बरामद किए हैं।

जानकारी के अनुसार,बड़ागांव निवासी आदेश कुमार ने थाने में तहरीर देकर बताया था कि खसौरा स्थित उनके गाटा संख्या 1948 पर राजस्व टीम ने पुलिस की मौजूदगी में उन्हें कब्जा दिलाया था। सुरक्षा की दृष्टि से उन्होंने वहां लगभग 1.50 लाख रुपये की लागत से टाटा की जाली और लोहे के पाइप लगवाए थे। आरोप है कि 12 फरवरी को विपक्षी अनिल, पवन, मनसुख व उनके परिजनों ने मिलकर जाली व पाइप उखाड़ लिए और सीमेंट के पोल तोड़ डाले थे। पुलिस ने तहरीर के आधार की मुकदमा दर्ज किया था।रविवार को पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर दिवसीपुर गांव निवासी आरोपी अनिल पुत्र स्व.श्यामबाबू और सांडी थाना क्षेत्र के बंडारी गांव निवासी नेतराम पुत्र परमेश्वरदीन 05 बंडल लोहे की जाली और 08 अदद लोहे के पाइप सहित गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की हैं। हरपालपुर के प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कुमार पंकज ने बताया कि कि आरोपियों को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की गई है। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए सार्थक प्रयास किया जा रहा हैं।

## मजदूरी मांगने पर दलित ने मारपीट का आरोप लगाया

जन एक्सप्रेस/शाहाबाद। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मगियावां निवासी दलित युवक ने ऐगवां निवासी दो लोगों पर मजदूरी के पैसे मांगने पर जातिसूचक गाली गलौज कर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर दी है। पुलिस प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच पड़ताल कर रही है। पीड़ित कुलदीप पुत्र पेमन के अनुसार वह मजदूरी करता है। इमरान निवासी ऐगवां और सलमान निवासी लोनी के साथ वह पुताई का कार्य करने शाहजहांपुर गया था। जिसमे 36 दिन की मजदूरी छह सौ रूपये रोज के हिसाब से इक्कीस हजार छह सौ रूपए आरोपियों पर बाकी थे जिसमें से उन्होंने 7, 600 रूपए दे दिए । शेष चौदह हजार रूपए देने में आरोपी आना कानी कर रहे थे। 14 फरवरी को सुबह करीब 9 बजे दोनों आरोपी उसे आंझी स्टेशन पर मिले। उसके द्वारा अपने मजदूरी के पैसे मांगने पर आरोपियों ने उसे जातिसूचक गाली गलौज करते हुए लात घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया और भविष्य में पैसे मांगने पर जान से मार डालने की धमकी दी। पीड़ित ने घटना की लिखित तहरीर कोतवाली पुलिस को दी है। पुलिस ने तहरीर लेकर जाँच शुरू कर दी है।

# उच्च शिक्षा राज्यमंत्री ने टेढ़ेश्वरनाथ महाराज के दरबार मे की पूजा अर्चना

जन एक्सप्रेस । शाहाबाद



उत्तर प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री एवं शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र की विधायक राजनी ने रविवार को महाशिवरात्रि पर्व के चलते दोपहर 1ः00 बजे नर्मदा स्थल स्थित टेढ़ेश्वर नाथ महाराज के दरबार में पहुंचकर मत्था टेका, पूजन अर्चन किया और आशीर्वाद लिया। महाशिवरात्रि पर्व के चलते आज टेढ़ेश्वर नाथ महाराज के दरबार में सुबह से ही महिला, पुरुष भक्त जनों की भारी भीड़ जुट रही है। ऐसे में उच्च शिक्षा राज्य मंत्री ने भी महाराज जी के दरबार में पहुंचकर माथा टेका और आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष अनिल पांडे पिंटू, अंकित मिश्रा, आकाश पांडे, अंकित गुप्ता, आनंद गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# शोभायात्रा के साथ प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव व श्रीमद्भागवत कथा प्रारम्भ

जन एक्सप्रेस । हरपालपुर



पलिया में आयोजित मां दुर्गा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव एवं श्रीमद् भागवत कथा के दौरान रविवार को भक्ति की अविरल धारा बही। कार्यक्रम के विशेष अवसर पर जहाँ एक ओर मां दुर्गा की प्रतिमा का भव्य नगर भ्रमण कराया गया, वहीं दूसरी ओर कथा पंडाल में भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए।

रविवार सुबह गाजे-बाजे और ढोल के साथ मां दुर्गा की शोभायात्रा निकाली गई। माता रानी की प्रतिमा को रथ पर सवार कर पूरे गांव का भ्रमण कराया गया। ग्रामीणों ने जगह-जगह आरती उतारकर और पुष्प वर्षा कर माता का स्वागत किया। जय माता दी के उद्घोष से पूरा वातावरण गुंजायमान रहा।नैमिषारण्य धाम से पधारे कथा व्यास पंडित अशोक जी ने भागवत कथा के दौरान भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं का सजीव चित्रण किया। उन्होंने माखन चोरी, गोचारण और यशोदा मैया के प्रेम के प्रसंग सुनाते हुए कहा कि प्रभु की लीलाएं हमें निस्वार्थ प्रेम और भक्ति का मार्ग दिखाती हैं। पंडित जी के भजनों पर श्रद्धालु झूमने को मजबूर हो गए।इस अवसर पर रामजीवन सक्सेना,सरोज सक्सेना, संजीवन सक्सेना,विश्वमोहन मिश्रा,अनुज यादव,प्रदीप,अश्वनी आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

# महाशिवरात्रि पर्व पर गंगा घाटों पर उमड़ा आस्था का सैलाब,श्रद्धालुओ ने लगाई गंगा में डुबकी



जन एक्सप्रेस । हरपालपुर

महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शनिवार को क्षेत्र के गंगा घाटों पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। हरपालपुर के चियासर घाट से लेकर अरवल के कुसुमखोर और तेरा पुरसौली घाट पर भोर सुबह से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। ठंड के बावजूद हजारों भक्तों ने %हर-हर महादेव% के जयघोष के साथ गंगा में डुबकी लगाई और मां गंगा का आशीर्वाद लिया। स्नान के पश्चात श्रद्धालुओं ने मंदिरों में भगवान भोलेनाथ का विधि-विधान से जलाभिषेक किया। शिवलिंग पर गंगाजल, दूध, बेलपत्र, धतूरा और रुद्राक्ष अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की गई। %ओम नमः शिवाय% के जाप से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। घाटों के किनारे लगे छोटे मेलों और प्रसाद की दुकानों पर भी दिनभर काफी चहल-पहल बनी रही। भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। गहरे पानी की ओर जाने से रोकने के लिए घाटों पर संकेतक लगाए गए थे और स्थानीय पुलिस बल तैनात रहा।

# जमीनी विवाद को लेकर दबंगों ने रिटायर्ड फौजी को मारी गोली

जन एक्सप्रेस । उरई (जालौन)



बीती रात्रि रेंढ़र थाना क्षेत्र के पजौनियां गांव में दबंगई और पुरानी रंजिश के चलते एक रिटायर्ड फौजी जवान को उसे दौरान पहले से ही छिपे बैठे हमलावरों ने गोली मार दी जब वह अपने फार्म हाउस से बाइक पर सवार होकर अपने घर लौट रहे थे। घटना की जानकारी जैसे ही ग्रामीणों को पता चली तो पूरे गांव में हड़कंप मच गया। बताया जाता है कि झांसी मेडिकल कालेज में पेट में लगी गोली को बाहर निकाल दिया गया जिससे फौजी खतरे से बाहर बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पजौनिया निवासी गोधन सिंह भदौरिया 62 वर्ष हर रोज की तरह बीती रात्रि भी अपने फार्म हाउस में फसलों की देखरेख करने जाते थे जहां से वह देर रात्रि बाइक लेकर अपने घर वापस लौटते थे। यह उनका रुटीन का कार्य था। बताया जाता है कि इस बात की जानकारी उनके विरोधियों को पता थी। इसके बाद फौजी गोधन सिंह भदौरिया को रास्ते से हटाने की योजना बनायी और हमलावर रास्ते में छिप कर बैठ गये जैसे गोधन भदौरिया अपने फार्म हाउस से बाइक पर सवार होकर रात्रि साढ़े नौ बजे के लगभग निकले तभी पहले से ही रास्ते में छिपे बैठे हमलावरों ने उनको जान से मारने की नियत से झोंक दिया और मौके से भाग जाने में सफल रहे। बताया जाता है कि फौजी गोधन सिंह के पेट में गोली लगने से वह लहुलुहान होकर जमीन पर जा गिरे तभी गोली चलने की आवाज सुनकर गांव के ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया और फिर जिस ओर से गोली चलने की आवाज आयी थी ग्रामीणों ने साहस दिखाया और उसी ओर चल पड़े तभी रास्ते में गोधन सिंह भदौरिया को लहुलुहान अवस्था में देखा तो उनके घर वालों को सूचना दी तो मौके पर उनका पुत्र हरवेंद्र सिंह भदौरिया अपने साथ कई ग्रामीणों के साथ पहुंचा और फिर खून से लथपथ पिता को लेकर मेडिकल कालेज उरई आये जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने झांसी मेडिकल कालेज के लिये रैफर कर दिया तो मेडिकल कालेज झांसी पहुंचे जहां चिकित्सकों ने ऑपरेशन करके फौजी गोधन सिंह के पेट में फंसी गोली को बाहर निकाल दिया अब वह खतरे से बाहर बताये जा रहे हैं। जैसे ही घटना की जानकारी रेढ़र थाना पुलिस को पता चली तो वह गांव पहुंची जहां घटना स्थल का निरीक्षण कर पूरे मामले से आला अधिकारियों को अवगत कराया।

## क्रोमा के समर सेल में एसी और प्रीमियम टीवी पर पाए 71त्न तक की भारी छूट

आगरा। भारत के प्रमुख ओम्नी-चैनल इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर और टाटा ग्रुप का एक हिस्सा, क्रोमा ने क्रोमा समर सेल 2026 की घोषणा की है। बढ़ते तापमान को देखते हुए, ग्राहकों के लिए कूलिंग सॉल्यूशंस और रोज़मर्रा की टेक एक्सेसरीज पर शानदार डील्स पेश की गई हैं। यह सेल देशभर के क्रोमा स्टोर्स पर 28 फरवरी, 2026 तक चलेगी, जिसमें चुनिंदा प्रोडक्ट्स पर विशेष कीमतें, कैटेगरी ऑफर्स और सीमित समय के लाभ दिए जा रहे हैं। इसके साथ ही, पार्टनर बैंक या फाइनेंस शर्तों के अधीन कैशबैक और आसान ईएमआई के विकल्प भी उपलब्ध हैं। कीमतें और ऑफर्स ब्रांड, मॉडल, स्टोर, शहर और स्टॉक की उपलब्धता के आधार पर अलग-अलग हो सकते हैं। इसके अलावा, एचडीएफसी टाटा नेउ क्रेडिट कार्ड का उपयोग करने वाले ग्राहक चुनिंदा प्रोडक्ट्स पर 10त्न तक की छूट का आनंद ले सकते हैं। गर्मी को मात देना होगा बेहद आसान क्योंकि क्रोमा समर सेल में एयर कंडीशनर्स पर मिल रहे हैं धमाकेदार ऑफर्स, ताकि आप नए सीजन के लेटेस्ट मॉडल्स के साथ घर को रखें एकदम कूल।

# शिवरात्रि पर बम भोले के जयघोष से गूंजा पंचनद संगम क्षेत्र

जन एक्सप्रेस । जगम्मनपुर (जालौन)



महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर पंचनद तीर्थ क्षेत्र में श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। चारों दिशाओं में ÷बम-बम भोले÷ और ÷हर-हर महादेव÷ के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। दूर-दूर से आए कांवड़ियों और श्रद्धालुओं की अपार भीड़ ने इस ऐतिहासिक संगम क्षेत्र को आस्था के विराट उत्सव में बदल दिया।

देश में एक ही स्थान पर पांच सदानीरा नदियों यमुना, चंबल, सिंध, क्वांरी और पहूज के पवित्र संगम के कारण पंचनद तीर्थ का विशेष महत्व है। विभिन्न पुराणों में वर्णित यह क्षेत्र जालौन, इटावा, औरैया और भिंड जनपदों की सीमाओं से जुड़ा हुआ है तथा प्राचीन काल से साधु-संतों की तपोभूमि रहा है। जालौन की पंचनद तट पर स्थित सिद्ध संत श्री मुकुंद वन बाबा साहब महाराज की तपोस्थली एवं इटावा सीमा में स्थित प्राचीन कालेश्वर महादेव मंदिर तथा भारी स्वर महादेव के विशाल शिवालय में प्रातःकाल से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं। सामान्य दिनों में भी यहां श्रद्धालुओं का आगमन होता है, किंतु शिवरात्रि जैसे विशेष पर्व पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। लाखों की संख्या में कांवड़ियों और भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। विशेष रूप से अनेक कांवड़ियों ने पंचनद का पवित्र जल भरकर जनपद जालौन के सरावन स्थित प्रसिद्ध भूरेश्वर महादेव मंदिर में पहुंचकर जलाभिषेक किया। शनिवार रात्रि से लेकर रविवार देर शाम तक कांवड़ियों के पैरों में बंधे घुंघरुओं की रुनझुन और ÷बम भोले÷ के गगनभेदी उद्घोष से समूचा क्षेत्र गुंजायमान रहा। इस अवसर पर कालेश्वर मंदिर, श्री बाबा साहब मंदिर पंचनद, जगम्मनपुर, रामपुरा, माधौगढ़ सहित आसपास के गांवों में समाजसेवियों और श्रद्धालुओं द्वारा जगह-जगह स्वल्पाहार स्टाल लगाए गए। कांवड़ियों को व्रत के अनुरूप पवित्र मिठाई, दूध, फल, मेवा और चाय आदि श्रद्धापूर्वक वितरित की गई। सेवा भाव से ओतप्रोत ग्रामीणों ने कांवड़ियों का स्वागत कर धर्म और मानवता की सुंदर मिसाल प्रस्तुत की। जालौन के रामपुरा थाना पुलिस एवं इटावा के बिठौली थाना पुलिस ने अपनी अपनी सीमाओं में नदी तट पर स्नान करने वाले श्रद्धालुओं व कांवड़ियों की सुरक्षा का समुचित प्रबंध किया।

## चालीस स्वास्थ्य केन्द्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों का आयोजन

उरई (जालौन)। जनपद के 33 ग्रामीण तथा 7 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया गया, जिनमें 52 चिकित्सको तथा 144 पैरामेडिकल स्टाफ द्वारा चिकित्सीय कार्य किया गया। 785 पुरूषो तथा 540 महिलाओं तथा 120 बच्चों सहित 1445 रोगियों का परीक्षण किया गया, तथा 40 आयुष्मान कार्ड बनाये गये तथा 38 रोगियों का मलेरिया कार्ड द्वारा जांच तथा 12 हेपेटाइटिस की जांच की गयी 35 व्यक्तियों की आंखों का परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य मेलों 59 गर्भवती महिलाओं का परीक्षण किया गया 5 रोगियों को उपचार हेतु उच्च केन्द्रों पर संदर्भित कर एम्बुलेंस द्वारा भेजा गया। 94 बुखार के रोगी 229 लीवर सम्बन्धी समस्याओं के 138 श्वसन सम्बन्धी समस्याओं 122 डायबिटीज के रोगी सबसे अधिक 275 त्वचा सम्बन्धी रोगों के 8 रोगी खून की कमी के तथा 63 उच्च रक्तचाप के रोगी देखें तथा उनको उपचार प्रदान किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वीरेन्द्र सिंह द्वारा अपराह्न 12.30 बजे पीएचसी आटा में आयोजित मुख्यमन्त्री आरोग्य मेला का निरीक्षण किया डॉ. अशोक कुमार फार्मासिस्ट और एलटी सहित समस्त स्टाफ उपस्थित मिला।

# क्षमता से अधिक सवारियां न बैठाने, वाहन को निर्धारित गति में चलायें

जन एक्सप्रेस । उरई (जालौन)

''सड़क सुरक्षा माह'' के अंतर्गत को बिना नम्बर प्लेट, कूट रचित नम्बर प्लेट, माल वाहनोंध्यात्री वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाकर जाँच की गयी तथा नियम विरुद्ध पाये जाने पर उनके विरुद्ध प्रवर्तन की कार्यवाही की गयी। सुरेश कुमार वरिष्ठ-सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन, प्रवर्तन), जनपद-जालौन द्वारा शहर के विभिन्न मार्गों पर बिना नम्बर प्लेट, कूट रचित नम्बर प्लेट, माल वाहनों, यात्री वाहनों की जाँच की गयी तथा जो भी वाहन नियमों का उल्लंघन करते हुए पाये गये उनके विरुद्ध नियमानुसार प्रवर्तन की कार्यवाही करते हुए उनके चालान किये गये। समस्त वाहन चालकों को एचएसआरपी नम्बर प्लेट लगाकर वाहन का संचालन करने, वाहन से ओवरलोड माल न ढोने, माल वाहनों में सवारियाँ न बैठाने, वाहनों में रिफ्लेक्टर टेप लगाकर वाहन का संचालन करने की सलाह दी गयी तथा सभी को सुरक्षित परिवहन के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए जागरुक किया गया व सभी से अपील की गयी कि वह समस्त वैध प्रपत्रों के साथ वाहन का संचालन करें, नशे की हालत में वाहन न चलायें, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें, ओवर स्पीड में वाहन न चलायें, गलत दिशा में वाहन न चलायें, बिना नम्बर प्लेट के वाहन का संचालन न करें, क्षमता से अधिक सवारियां न बैठाने, वाहन को निर्धारित गति में चलायें, रात्रि में दृश्यता कम होने की दशा में वाहन का संचालन न करें तथा वाहन को किसी सुरक्षित जगह पेट्रोल पम्प आदि पर खड़ी कर लें।

# ब्रह्माकुमारी का शिवरात्रि महोत्सव शिव ध्वजारोहण के साथ निकली शोभायात्रा

जन एक्सप्रेस । उरई (जालौन)



महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तुलसी नगर स्थित सेवा केंद्र में श्रद्धा और उत्साह के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शिव ध्वजारोहण से हुई। मुख्य अतिथि के रूप में सांसद नारायण दास जी उपस्थित रहे, जिन्होंने ध्वजारोहण कर समारोह का शुभारंभ किया।

इस दौरान परमात्मा का संदेश लिखे गैस गुब्बारों को आसमान में उड़ाया गया, ताकि आध्यात्मिक संदेश जन-जन तक पहुंचे। सांसद नारायण दास जी ने कहा कि शिवरात्रि वास्तव में बुराइयों को समाप्त करने का पावन अवसर है और सभी को अपने जीवन से दुर्गुणों को समाप्त करने का संकल्प लेना चाहिए। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ब्रह्माकुमारीज द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण द्वादश ज्योतिर्लिंग, लक्ष्मी-नारायण की झांकी, शिव-शंकर की झांकी एवं कलश यात्रा रही। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से भाग लेकर वातावरण को शिवमय बना दिया। शोभायात्रा में अजय एल्ड्रिच स्कूल के प्रतिनिधि, संतोष भाई, गोपाल जी पटेल, रामस्वरूप पाठक, रामगोपाल दीक्षित, सुशील गुप्ता, राजू भाई सहित करीब ढाई सौ लोग शामिल हुए। संस्था की ओर से बताया गया कि परमात्मा का संदेश है जीवन में भांग, धतूरा और बेल-पत्र के समान निरर्थक तथा दूसरों को दुःख देने वाली बुराइयों को शिव को अर्पण कर अपने वास्तविक स्वरूप को पहचानें। नर से श्री नारायण और नारी से श्री लक्ष्मी समान गुणों को धारण करने का दिव्य कर्म करें। 'उपासना' का अर्थ समझाते हुए कहा गया कि 'उपा' अर्थात एक और 'सना' अर्थात सानिध्य यानी एक परमात्मा शिव के सानिध्य में रहने का अभ्यास करना ही सच्ची उपासना है। आज झूठी माया और सांसारिक बंधनों को त्यागकर परमात्मा से जुड़ना ही जीवन का वास्तविक उद्देश्य है। कार्यक्रम में यह भी संदेश दिया गया कि वर्तमान परिवर्तनकाल में समस्त मानवात्माओं को स्वयं और परमात्मा को पहचानकर अपने जीवन में दैवी गुणों का समावेश करना चाहिए। शिवरात्रि आत्मा और परमात्मा शिव के मिलन का पर्व है, जिसे उसके आध्यात्मिक रहस्य को समझकर मनाने में ही इसकी सार्थकता है।

# हिंदू संगठित होगा तभी देश को विश्व गुरू बनने का सपना होगा पूरा

जन एक्सप्रेस । कालपी (जालौन)

नगर की अंबेडकर बस्ती में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य वक्ता के रूप में पूरन लाल विभाग सेवा प्रमुख झांसी विभाग ने हिंदुत्व की बात करते हुए कहा यदि हिंदू संगठित होगा तभी इस देश का उत्थान एवं विश्व गुरु बनने का सपना कारगर होगा। उन्होंने बताया कि स्वामी विवेकानंद ने यह सपना देखा था इस सपने की राह पर चल रहे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक अपने शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों में प्रमुख रूप से हिंदू सम्मेलन के आयोजनों में हिंदू एकता एवं शताब्दी वर्ष में संघ द्वारा तय किए गए पांच परिवर्तन और संघ की 100 वर्ष की यात्रा पूर्ण कर शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर चुका है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने शताब्दी वर्ष में कुछ कार्यक्रम अलग से तय किया जिसमें विराट हिंदू सम्मेलन समस्त भारत देश की बस्तियो में हो रहे हैं। जिसमें हिंदू कैसे संगठित हो सिर्फ इसी बात पर जोर दिया जा रहा है विभाग सेवा प्रमुख पूरन लाल ने बताया संघ कि 100 वर्ष की यात्रा कितनी संघर्ष मय रही है। कार्यक्रम में सहवक्ता के रूप में मोहन शुक्ला, नगर कार्यकारिणी से नगर संघ चालक लल्लू राम गुप्ता, सह नगर संघ चालक शिव सिंह राठौड़, नगर प्रचारक लक्ष्मण, नगर शारीरिक प्रमुख मनीष, नगर बौद्धिक प्रमुख रमेश, नगर विद्यार्थी प्रमुख शिवेंद्र भूषण, विशिष्ट अतिथि के रूप में सरस्वती विद्या मंदिर के प्रबंधक हरी भूषण सिंह, प्रधानाचार्य देवेंद बस्ती समन्वयक शिवम सविता कार्यक्रम संयोजक आकाश द्विवेदी एवं समस्त हिंदू समाज की मातृशक्ति एवं हिंदू भाई बहन उपस्थित रहे।

# हर हर महादेव के जयकारे से गूंजा पंचमुखी शिव मंदिर

- शिवलिंग पर डीएम व एसपी ने जलाभिषेक कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा
- मिनी बाबा धाम के नाम से प्रसिद्ध ईटहिया का पंचमुखी शिव मंदिर में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**





हिंदू धर्म का पवित्र पर्व महाशिवरात्रि के दिन मिनी बाबा धाम के नाम से प्रसिद्ध ईटहिया के पंचमुखी शिवलिंग पर विधिविधान से जलाभिषेक व पूजा अर्चना के लिए पूरे जोश के साथ भक्तों का जनसैलाब सुबह भोर से उमड़ने लगा। देखते ही देखते मंदिर परिसर शिव भक्तों से भर गया। ओम नमः शिवाय और हर-हर महादेव के साथ मंदिर के घंटियों की आवाज पूरे दिन गूंजती रही। वही महराजगंज डीएम, एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा भी लिया है।

इंडो नेपाल अंतराष्ट्रीय बार्डर से सटे ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ईटहिया स्थित मिनी बाबा धाम के नाम से विख्यात पंचमुखी शिवमंदिर आस्था का बहुत बड़ा केंद्र है। पवित्र पर्व महाशिवरात्रि के दिन पूजा अर्चना व जलाभिषेक के लिए भारतीय सीमा क्षेत्र के विभिन्न जगहों के साथ बिहार प्रांत व पड़ोसी राष्ट्र नेपाल के दूर दूर से भारी संख्या में आए श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर श्रद्धा उत्साह के साथ ईटहिया के पंचमुखी शिवलिंग पर जलाभिषेक किया, और दूध, बेलपत्र, भांग, धतूरा, मदार का भोग लगाये। इस दौरान पंचमुखी शिवालय में भक्तों का पूरे दिन तांता लगा रहा और शिव भजनों से माहौल भक्तिमय रहा। हालाकि पुलिस प्रशासन के लोग बड़ी मशक्कत से भीड़ को नियंत्रित कर रहे थे। महाशिवरात्रि के एक दिवसीय मेले में लोगों की भारी भीड़ भी देखी गई। सौंदर्य प्रसाधन, खिलौने, मिठाई सहित विभिन्न प्रकार की दुकानों पर सामान खरीदने वाली महिलाएं और बच्चियों की भीड़ लगी रही। मेले में झूले, सर्कस पर लोग रोमांचित हो रहे थे। वही श्रद्धालुओं की सभी प्रकार के वाहनों को मंदिर से करीब एक किलोमीटर पहले रोकने के लिए पश्चिम में लमुहा पुलिस पिकेट के समीप बैरिकेडिंग किया गया था। मंदिर प्रशासन व सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी पूरी तरह से चौकन्ने नज़र आये। मंदिर के अंदर व बाहर सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम किये गये थे।

### डीएम व एसपी ने जलाभिषेक कर सुरक्षा व्यवस्था को देखा

महाशिवरात्रि के दिन महराजगंज जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा व पुलिस कप्तान सोमेंद्र मीणा संयुक्त रूप से पंचमुखी शिव मंदिर ईटहिया पहुंच कर सुरक्षा व्यवस्था और अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। इसके बाद अधिकारियो ने मंदिर परिसर के गर्भ गृह में जाकर पूजा अर्चना कर जलाभिषेक भी किया है। इस मौके पर निचलौल एसडीएम सिद्धार्थ गुप्ता व पुलिस क्षेत्राधिकारी बसन्त सिंह को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया है।

### सीसीटीवी कैमरे के साथ पुलिस की कड़ी निगरानी

ईटहिया में शिवदर्शन व जलाभिषेक करने के लिए महिला व पुरुष श्रद्धालुओं की दो पंक्ति बनाई गई, सुरक्षा को लेकर मंदिर के मुख्य द्वार सहित कई स्थानों पर तीसरी नजर सीसीटीवी कैमरे के साथ पुलिस टीम ने हर गतिविधियो पर नजर बनाए रहे। इस दौरान मेला प्रभारी और सोनौली थानाध्यक्ष महेंद्र मिश्रा, ठूठीबारी कोतवाली के उपनिरीक्षक बृजेश पाण्डेय, विक्की कुमार, लक्ष्मीपुर खुर्द चौकी प्रभारी मनीष पटेल, बरगदवा थानाध्यक्ष शैलेन्द्र शुक्ला, सहित विभिन्न थानों के एसओ और उपनिरीक्षक, महिला व पुरुष पुलिस के जवान के साथ पीएसी बल तैनात रहे।

## जिला कारागार में शिवलिंग की स्थापना कर जलाभिषेक



**जन एक्सप्रेस प्रतापगढ़।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर जिला कारागार के चिकित्सालय प्रांगण में जेल अधीक्षक एवं अन्य अधिकारीगण की उपस्थिति में विधि-विधानपूर्वक शिवलिंग की स्थापना की गयी एवं भगवान शिव की पूजा-अर्चना सम्पन्न हुयी। इस दौरान कार्यक्रम में समस्त बन्दियों ने श्रद्धा एवं उत्साहपूर्वक सहभागिता की। पूजा-अर्चना एवं भजन-कीर्तन से कारागार परिसर भक्तिमय एवं आध्यात्मिक वातावरण में परिवर्तित हो गया। इस आयोजन का उद्देश्य बन्दियों में सकारात्मक ऊर्जा, आत्मसंयम एवं नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा। कारागार प्रशासन द्वारा सुधारात्मक एवं आध्यात्मिक गतिविधियों के माध्यम से पुनर्वास की दिशा में सतत प्रयास किये जा रहे हैं।

## पुलिस ने गैर-इरादतन हत्या के आरोपी को किया गिरफ्तार, भेजा जेल



**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**

कंधई थाना इलाके के वारीकला गांव में जंगली जानवरों से फसलों की सुरक्षा हेतु खेत के चारों तरफ तार लगाने व उसमें करंट प्रवाहित करने वाले को व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

बता दें कि बीते शुक्रवार को कंधई थाना इलाके के वारीकला गांव निवासी मनोज कुमार ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि उसकी पुत्री खेत की मेड़ पर चारा काटते समय गांव के ही लाल बहादुर सरोज द्वारा खेत के चारो ओर लगाए गए 440 वोल्ट करंट प्रवाहित तार की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गई, जिसे उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां चिकित्सकों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी।एसपी दीपक भूकर द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में एएसपी पूर्वी शैलेन्द्र लाल व सीओ पट्टी मनोज कुमार सिंह रघुवंशी के कुशल पर्वेक्षण में कंधई पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त लालबहादुर सरोज को कन्धई थाना इलाके के शनिदेव मंदिर से दुबे का पुरवा जाने वाले तिराहे के पास से गिरफ्तार किया।

# सड़क पर चलती कार पर गिरा पोल, सपा नेता की दर्दनाक मौत

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**





जिले के अंतू थाना इलाके के बाबूगंज बाजार निवासी 48 वर्षीय लाल बहादुर यादव अपनी क्रेटा कार से प्रतापगढ़ जा रहे थे। जैसे ही बाबूगंज स्थित भारत पेट्रोल पंप के सामने पहुंचे ही थे कि पेट्रोल पंप पर भारत पेट्रोलियम के बोर्ड व लाइट के लिए लगाया जा रहा पोल असंतुलित होकर सीधे चलती कार पर गिर पड़ा। जिससे कार का पिछला हिस्सा हवा में उठ गया और अगला हिस्सा पूरी तरह से चिपक गया जिससे कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। लाल बहादुर सीट और पोल के बीच फंस गए। आसपास मौजूद लोगों ने पोल सरका कर उन्हें बाहर निकाला। वह कुछ बोल भी नहीं पा रहे थे। उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहां मौजूद लोगों की मानें तो पोल को खड़ा कर रहे हाइड्रा का पट्टा टूट गया जिससे पोल हाइड्रा के नियंत्रण से बाहर हो गया और सीधे कार पर जा गिरा। वहीं कुछ लोगों ने इसे लापरवाही मानते हुए कहा कि बोर्ड लगाते समय सड़क पर आवागमन को रोककर काम किया जाता तो ये हादसा न होता। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अंतू अभिषेक सिरोही पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मामले की छानबीन करने के साथ ही घटना में शामिल हाइड्रा को कब्जे में लेते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी मिलते ही पूर्व विधायक मुन्ना यादव समेत काफी संख्या में सपाई पीएम हाउस पहुंचे और रोते बिलखते परिजनों को ढांढस बंधाया। वहीं रविवार देर शाम पोस्टमार्टम के बाद जब शव घर आया तो परिजनों में कोहराम मच गया। लाल बहादुर के एक बेटा व चार बेटियां हैं, सभी का रो रोकर बुरा हाल था। सीओ सिटी शिवनारायण वैस ने बताया कि पेट्रोल पंप के मालिक व कर्मचारियों के विरुद्ध तहरीर मिली है। जांच कर विधिक कार्रवाई की जायेगी।

### पहले दिन भेजा गया 60 परीक्षा केंद्रों का प्रश्न पत्र

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाओं के लिए प्रश्न पत्रों को भेजने का काम शनिवार को शुरू हो गया। पहले दिन 60 परीक्षा केंद्रों के प्रश्न पत्र भेजे गए। इस दौरान सुरक्षा का पर्याप्त इंतजाम रहा। यूपी बोर्ड परीक्षा के लिए जिले में 174 विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इन केंद्रों पर 1.15 लाख परीक्षार्थी परीक्षा देने के लिए पंजीकृत हैं। इसके लिए बोर्ड ने पिछले सप्ताह राजकीय इंटर कालेज में बनाए गए जिलास्तरीय स्ट्रांग रूम में प्रश्न पत्र भेज दिए थे। इसे कड़ी सुरक्षा और सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में रखा गया है। शनिवार से इन प्रश्न पत्रों को परीक्षा केंद्रों को भेजने का कार्य शुरू कर दिया गया। नगर के आसपास के परीक्षा केंद्रों के प्रश्न पत्र कार से भेजे गए। प्रत्येक कार में एक सिपाही और एक राजकीय शिक्षक को भेजा गया। वहीं शहर से दूर के परीक्षा केंद्रों के प्रश्न पत्र बसों से भेजे गए। सभी वाहनों पर राजकीय कार्य का स्टीकर चिपकाया गया था। इनमें एक से अधिक परीक्षा केंद्रों के प्रश्न पत्र अपलोड किए गए। इसे रूट के अनुसार अपलोड किया गया।

# शिकायतें बेअसर : ठूठीबारी में गंदगी पर 'चुप्पी' की ढाल

### व्यापारिक कस्बा और सरकारी अस्पताल के पास कूड़े का पहाड़, सफाई व्यवस्था फेल, संक्रमण का खतरा बढ़ा

**जन एक्सप्रेस । ठूठीबारी/महराजगंज**



ठूठीबारी नगर का मुख्य चौराहा इन दिनों कूड़े के अंबार से पटा पड़ा है। भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे इस अति महत्वपूर्ण कस्बे की पहचान जहां चहल-पहल और व्यापारिक गतिविधियों से होती है। ऐसे में जिम्मेदारो की उदाशीनता से अब बदबू और गंदगी ने उसकी तस्वीर बिगाड़ दी है। यही हाल धरमौली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप कूड़े की ढेर ने इलाज के लिए भर्ती मरीजों और उनके तीमारदारों को मजबूरी में इसी बदहाल माहौल में रहना पड़ रहा है, जिससे संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ गया है।

निचलौल ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत ठूठीबारी नगर में रोजाना सैकड़ों लोगों की आवाजाही रहती है। सीमा पार यानी नेपाल राष्ट्र से आने-जाने वाले यात्रियों, पर्यटकों और व्यापारियों के लिए चनने चौराहा पहला पड़ाव माना जाता है। लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते यहां कूड़े का स्थायी डेरा जम गया है। नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष अजय जयसवाल का कहना है कि कई दिनों से सफाई नहीं कराई गई। कूड़े के ढेर से उठ रही दुर्गंध के कारण दुकानदारों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालात ऐसे हैं कि चौराहे पर चलना तक दूभर हो गया है। ग्रामीण कन्हैया विश्वकर्मा, गुड्डू मिर्जा, राजू कसौधन, हरिओम जायसवाल का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद न तो नियमित सफाई हो रही है और न ही कूड़ा निस्तारण की कोई स्थायी व्यवस्था बनाई गई है। ऐसे सवाल उठता है कि सीमा से सटे इस महत्वपूर्ण क्षेत्र की अनदेखी आखिर कब तक होती रहेगी? यदि शीघ्र ही सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई तो यह समस्या जनस्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन सकती है। अब देखना यह है कि जिम्मेदार अधिकारी कब तक आंख मूंदे रहते हैं और कब ठूठीबारी के मुख्य चौराहे को कूड़े के ढेर से मुक्ति मिलती है।

इस संबंध में निचलौल एडीओ पंचायत विनय पाण्डेय ने बताया कि ठूठीबारी में कूड़ा जमा होने की जानकारी मिली है। सरकारी सफाई कर्मियों का ईटहिया मंदिर में ड्यूटी लगी है, अब कल सफाई कर्मियों को भेजकर साफ-सफाई कराने के निर्देश दे दिए गए हैं।

# महाशिवरात्रि : शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब, सुरक्षा के अभेद्य दुर्ग में हुआ जलाभिषेक

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर रविवार को समूचा जनपद शिवमय हो गया। भोर की पहली किरण के साथ चार बजे मंदिरों के कपाट खुलते ही %हर-हर महादेव% और %बम-बम भोले% के जयघोष से वातावरण गुंजायमान हो उठा और शिवालयों में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। कुण्डा के हौदेश्वरनाथ धाम, पट्टी के बाबा बेलखरनाथ धाम, लालगंज ( सांगीपुर ) के बाबा घुइसरनाथ धाम से लेकर बेल्हा देवी मंदिर परिसर स्थित शिव मंदिर व भयहरणनाथ धाम समेत जिले भर के शिव मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें नजर आई। इसके साथ ही ग्रामीण इलाकों के प्राचीन मंदिरों में भी भारी संख्या में लोगों ने मत्था टेका। श्रद्धालुओं ने बेलपत्र, धतूरा, दूध और गंगाजल से महादेव का अभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना की। भीड़ के मद्देनजर प्रशासन व पुलिस ने पहले से ही तैयारियां कर रखी थी। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन में चप्पे-चप्पे पर फोर्स तैनात रही। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस प्रशासन की ओर से कड़े इंतजाम किए गए थे। प्रमुख मंदिरों के पास बैरिकेडिंग की गई थी और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखी जा रही थी। इस दौरान एंटी रोमियो व मिशन शक्ति टीम के साथ ही संदिग्धों पर नजर रखने के लिए सादी वर्दी में भी पुलिसकर्मी भ्रमण करते रहे। शिवालयों में जलाभिषेक व दर्शन पूजन हेतु महिला और पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग कतारों की व्यवस्था की गई थी। यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए कई मार्गों पर रूट डायवर्जन भी लागू किया गया।

### महिला मजदूर से दुष्कर्म, छेड़खानी की रिपोर्ट

**कुशीनगर।** क्षेत्र के ईंट भट्ठे पर काम करने वाली महिला मजदूर ने भट्ठा मालिक पर अपहरण कर पडरौना में एक कमरे में ले जाकर दो साथियों की मदद से दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पुलिस ने दुष्कर्म के आरोप को गलत बताते हुए भट्ठा मालिक और इसके दो साथियों पर छेड़खानी की प्राथमिकी दर्ज की है। आरोपी ईंट भट्ठा मालिक लापता है। महिला पटहेरवा थाना क्षेत्र के भटवलिया गांव में विजय कुशवाहा के ईंट भट्ठे पर पांच साल से काम करती है। वह परिवार के साथ वहीं रहती है। महिला का आरोप है कि उसके पति की मौत कुछ माह पहले हो गई। तभी से भट्ठा मालिक विजय कुशवाहा उस पर बुरी नजर रखने लगा। आए दिन जोर जबरदस्ती करता था। विरोध करने पर धमकाता था। नौ फरवरी की रात चार पहिया वाहन से विजय कुशवाहा अपने दो साथियों के साथ आया और वाहन में जबरन बैठाकर उसे पडरौना के पास ले गया। एक कमरे में करीब 12 घंटे बंद कर दुष्कर्म किया। इसके बाद महिला मजदूर पुलिस को नामजद तहरीर दी।

# महाशिवरात्रि पर्व पर सीओ सिटी ने धार्मिक स्थलों का किया निरीक्षण






**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**

जिले में रविवार को महाशिवरात्रि पर्व के दिन सीओ सिटी शिव नारायण वैस ने मां बेल्हा देवी धाम का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान मंदिर परिसर, प्रवेश एवं निकास मार्ग, बैरिकेडिंग व्यवस्था, पार्किंग स्थल, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, ड्यूटी प्वाइंट तथा भीड़ प्रबंधन संबंधी व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया। इसके बाद उन्होंने थाना कोतवाली देहात इलाके में स्थित देवघाट मंदिर पहुंचकर भी स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को श्रद्धालुओं की सुरक्षा, घाट क्षेत्र में विशेष सतर्कता, महिला सुरक्षा, सुगम आवागमन एवं यातायात व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए गए। सीओ सिटी ने ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को निरंतर भ्रमणशील रहकर संदिग्ध व्यक्तियों व वस्तुओं पर कड़ी निगरानी रखने तथा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया।

# रंगदारी व हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले की देहात कोतवाली थाने की पुलिस ने रविवार को रंगदारी मांगने व हत्या के प्रयास के आरोपी को गिरफ्तार किया है।

देहात कोतवाली थाना इलाके के श्रीकान्त का पुरवा निवासी एक महिला ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि उसके पुत्र के साथ गांव के ही रहने वाले विपिन तिवारी ने मारपीट कर घायल कर दिया साथ ही आरोप है कि रंगदारी भी मांगी गई। जिसके बाद पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी थी। एसपी दीपक भूकर द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी शैलेन्द्र लाल व सीओ नगर के पर्यवेक्षण में देहात कोतवाली थाने की पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर रंगदारी व हत्या के प्रयास के आरोपी विपिन तिवारी उर्फ पिन्टू को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त विपिन तिवारी उर्फ पिन्टू के विरुद्ध जिले के अंतू, जेठवारा व देहात कोतवाली थाने पर गम्भीर धाराओं में कुल तरह मुकमदे दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी विपिन तिवारी को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया।

### अब नहीं होगा जलभराव सड़क किनारे बनेगा नाला

**कुशीनगर।** नगर पंचायत क्षेत्र के लोगों के लिए राहत भरी खबर है। नगर पंचायत की तरफ कस्बा के मुख्य सड़कों के दोनों तरफ नाला का निर्माण के अलावा कस्बा के सात वार्डों में नाली का निर्माण कराया जाएगा। इस निर्माण कार्य को आने वाले बरसात के पहले पूरा करा लिया जाएगा। इसके लिए टेंडर की प्रक्रिया शुरू की गई है। कस्बा से गुजरी मुख्य सड़कों के चौड़ीकरण के बाद पहले से बने कुछ नाला क्षतिग्रस्त तो कुछ नाला पट गए थे। इसके चलते बरसात के दिनों में बारिश होने के बाद जलनिकासी नहीं होने से बारिश का पानी सड़क पर एकत्र रहता था। इससे लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही थी। इसके अलावा कस्बा के सात मोहल्लों में बनी नालियां भी समय पर मरम्मत नहीं होने से क्षतिग्रस्त हो गईं थी, जिसके चलते लोगों के घर से निकाला गंदा पानी सड़क पर पसरा रहता था।

# विकसित भारत के संकल्प को साकार करने वाला बजट : जिलाध्यक्ष

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले में रविवार को जिंजर होटल में केंद्रीय बजट- 2026 को लेकर ÷व्यापारी संवाद÷ कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। सदर विधानसभा के व्यापारियों के साथ आयोजित इस संगोष्ठी में बजट के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई और इसे देश की अर्थव्यवस्था के लिए ÷मील का पत्थर÷ बताया गया। ??कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सदर विधायक राजेन्द्र कुमार मौर्या एवं जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं वन्देमातरम गायन के साथ हुआ। कार्यक्रम का कुशल संचालन राघवेन्द्र शुक्ला ने किया। इस दौरान सदर विधायक राजेन्द्र कुमार मौर्या ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सिद्ध करने वाला है। बजट में एमएसएमई सेक्टर, स्टार्टअप्स और स्वरोजगार को विशेष प्राथमिकता दी गई है। ?छोटे एवं मध्यम व्यापारियों के लिए सरल नीतियों से व्यापार जगत को नई गति मिलेगी। ?यह बजट केवल आंकड़ों का लेखा-जोखा नहीं, बल्कि 2047 तक विकसित भारत की नींव है। जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि इस बजट का सीधा लाभ जनपद के व्यापारियों, युवाओं और किसानों को मिलेगा। बुनियादी ढांचे में निवेश से हमारा जनपद भी विकास की अग्रणी पंक्ति में खड़ा होगा। ?कार्यक्रम के समापन से पूर्व भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व एमएलसी विन्ध्यवासिनी कुमार के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर संतोष मिश्र, शिवानी मातनहेलिया, छाया श्रीवास्तव, पिंकी दयाल, सुनील गोयल, संजय आहूजा, रमेश जायसवाल, सुरेश केडिया, श्यामजी जायसवाल सहित सैकड़ों की संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

# महाशिवरात्रि पर सुजानगंज के गौरी शंकर धाम पहुंचे जिलाधिकारी, विधिवत पूजन कर लिया व्यवस्थाओं का जायज़ा

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



जौनपुर महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर जनपद के सुजानगंज स्थित गौरी शंकर धाम में आस्था और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चन्द्र ने मंदिर पहुंचकर भगवान शिव का विधिवत दर्शन-पूजन किया तथा जनपदवासियों की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। जिलाधिकारी ने पूरे विधि-विधान से जलाभिषेक किया और बेलपत्र, पुष्प एवं माल्यार्पण अर्पित कर भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं ने भी इस दौरान 'हर-हर महादेव' के जयघोष से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। पूजन-अर्चन के पश्चात जिलाधिकारी ने मंदिर परिसर का भ्रमण कर श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन, स्वच्छता, पेयजल तथा प्रकाश व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि जैसे प्रमुख धार्मिक पर्व पर किसी भी श्रद्धालु को असुविधा न हो, यह प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को सतर्कता बरतने और निरंतर निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए, ताकि पर्व शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

### दिया सौहार्द और शांति का संदेश

जिलाधिकारी ने जनपदवासियों को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व श्रद्धा, आस्था और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि त्योहार को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं और प्रशासन का सहयोग करें। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी बदलापुर सुनील तिवारी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारीगण एवं मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति 5.0 के तहत बहू-बेटी सम्मेलन, पुलिस ने महिलाओं को किया जागरूक

जन एक्सप्रेस । बस्ती



बस्ती पुलिस द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत जनपद के विभिन्न थानों में बहू-बेटी सम्मेलन आयोजित कर महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, स्वावलंबन और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस अधीक्षक बस्ती के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रमों में साइबर अपराध, महिला उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, छेड़छाड़ और आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। थाना लालगंज की मिशन शक्ति टीम ने ग्राम कचनी में सम्मेलन आयोजित कर महिलाओं को पंपलेट वितरित किए और 1090, 181, 112 जैसे हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। टीम ने उपस्थित महिलाओं से अपील की कि वे अपने आसपास हो रहे अपराधों के खिलाफ आवाज उठाएं और पुलिस को तुरंत सूचना दें। इसी क्रम में थाना वाल्टरगंज की टीम ने ग्राम जमदाशाही में बहू-बेटी सम्मेलन कर महिला अपराधों की रोकथाम और साइबर ठगी से बचाव के उपाय बताए। बालिकाओं को सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग और अज्ञात कॉल/लिंक से सावधान रहने की सलाह दी गई। वहीं थाना छावनी क्षेत्र के ग्राम प्रतापगढ़ कला में आयोजित सम्मेलन में आपात स्थिति में हेल्पलाइन नंबरों के प्रयोग की विस्तृत जानकारी दी गई। पुलिस टीम ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की समस्या होने पर बेझिझक पुलिस से संपर्क करें। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों ने कहा कि मिशन शक्ति का उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ाना और उन्हें कानून द्वारा प्रदत्त अधिकारों की जानकारी देना है, ताकि वे निर्भीक होकर समाज में आगे बढ़ सकें।

# शानदार संघर्ष के बावजूद जर्नलिस्ट क्लब की हार



जन एक्सप्रेस । जौनपुर

जौनपुर नगर के शिया कालेज मैदान पर खेले गए रोमांचक मैत्री क्रिकेट मैच में अधिवक्ता 11 ने जर्नलिस्ट क्रिकेट क्लब को करीबी मुकाबले में हराकर जीत अपने नाम कर ली। हालांकि हार के बावजूद पत्रकार खिलाड़ियों ने जुझारू खेल और शानदार बल्लेबाजी से दर्शकों का दिल जीत लिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी कप्तान राजन मिश्रा की जर्नलिस्ट क्रिकेट क्लब टीम ने निर्धारित 12 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर मजबूत 166 रन बनाए। टीम की ओर से ओपनर शिवम उपाध्याय ने विस्फोटक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 86 रनों की धमाकेदार पारी खेली। उनकी पारी में आकर्षक चौकों-छक्कों की भरमार रही और उन्होंने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। सुशील तिवारी ने 32, आलोक सिंह ने 16 तथा इमरान ने 17 रन बनाकर टीम को सम्मानजनक और चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। 167 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कप्तान सत्यवीर सिंह की अधिवक्ता 11 की टीम ने भी दमदार प्रदर्शन किया। टीम ने 11 ओवर 3 गेंद में महज 3 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। अधिवक्ता 11 की ओर से सुंदरम ने 71 रनों की शानदार पारी खेली। अमित तिवारी (33), अनिल (21), अखिल (14 नाबाद) और रोहित (20 नाबाद) ने महत्वपूर्ण योगदान देकर टीम को जीत दिलाई। मुकाबला अंतिम ओवर तक रोमांचक बना रहा और मैदान पर दर्शकों की सांसें थमी रहीं। पत्रकार खिलाड़ियों ने अपनी टीम भावना और संघर्षशील खेल से खेल भावना का उत्कृष्ट परिचय दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अतुल सिंह ने विजेता एवं उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर ट्रॉफी प्रदान की। जर्नलिस्ट क्रिकेट क्लब के कोच मोहम्मद अब्बास ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। वहीं अंकित जायसवाल की प्रभावी कमेंट्री ने मैच में अतिरिक्त रोमांच भर दिया। एम्पायर अनिल अस्थाना एवं रानू सिंह की उपस्थिति भी उल्लेखनीय रही। मैत्री मैच ने खेल के साथ-साथ आपसी सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया। मैच के समापन पर कोच मोहम्मद अब्बास का जन्मदिन खिलाड़ियों द्वारा केक काटकर उत्साहपूर्वक मनाया गया, जिससे आयोजन का समापन खुशनुमा माहौल में हुआ।

## त्रिलोचन महादेव मंदिर श्रद्धालुओं के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र है लाखों के संख्या में दर्शन करने आए श्रद्धालुओं



जन एक्सप्रेस । जौनपुर

जौनपुर जलालपुर क्षेत्र त्रिलोचन महादेव रविवार को महाशिवरात्रि के दिन यहां लाखो की संख्या में श्रद्धालु पूरे श्रद्धाभाव से अपनी मनोकामना लेकर आते है,भगवान भोलेनाथ उनकी मनोकामना अवश्य पूर्ण करते है। इसे काशी क्षेत्र के सबसे प्राचीन शिव मंदिरों में गिना जाता है।मान्यता है कि यहां शिवलिंग स्वयंभू रूप में प्रकट हुए थे। महाशिवरात्रि पर भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के दृष्टिगत भारी पुलिस बल की व्यवस्था की है। जगह जगह बेरिकेड्स लगाकर किसी भी वाहन को मंदिर परिसर के आस पास अंदर आने नही दिया जा रहा है। इसे 500 मीटर दूर ही रोक दिया गया है।सुरक्षा में महिला पुलिसकर्मियों की विशेष ड्यूटी लगाई गई है। केराकत तहसील अंतर्गत त्रिलोचन महादेव मंदिर का उल्लेख पौराणिक ग्रंथों में भी मिलता है। कहा जाता है कि यह मंदिर त्रेतायुग से अस्तित्व में है और इसकी महिमा द्वापर और कलियुग में भी अपरिवर्तित बनी हुई है।

# पुलिस लाइन में 'परीक्षा पर चर्चा', तनावमुक्त तैयारी के दिए गए टिप्स



जन एक्सप्रेस । बस्ती

बस्ती पुलिस की पहल पर रविवार को पुलिस लाइन सभागार में 'परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन, प्रभारी वामा सारथी तथा सेंट्रल एकेडमी के मनोविज्ञान अध्यापक ने पुलिस परिवार के बच्चों से संवाद कर परीक्षा की तैयारी को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव दिए। वक्ताओं ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि परीक्षा को किसी भी प्रकार का बोझ न समझें, बल्कि इसे सीखने और स्वयं को परखने का उत्सव मानें। उन्होंने तनावमुक्त होकर पढ़ाई करने, नियमित दिनचर्या बनाने और समय प्रबंधन पर विशेष जोर दिया। बच्चों को समझाया गया कि अत्यधिक दबाव लेने से एकाग्रता प्रभावित होती है, इसलिए संतुलित दिनचर्या, पर्याप्त नींद और सकारात्मक सोच बेहद जरूरी है।

कार्यक्रम में परीक्षा की प्रभावी तैयारी के लिए छोटे-छोटे लक्ष्य निर्धारित करने, दोहराव (रिवीजन) की आदत विकसित करने तथा कठिन विषयों को प्राथमिकता देने के व्यावहारिक उपाय बताए गए। मनोविज्ञान अध्यापक ने आत्मविश्वास बढ़ाने और असफलता के डर से उबरने के लिए जीवन कौशल आधारित मार्गदर्शन दिया।

अधिकारियों ने कहा कि बच्चों की मानसिक मजबूती और सकारात्मक दृष्टिकोण ही सफलता की कुंजी है। कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं ने भी अपने प्रश्न रखे, जिनका विशेषज्ञों द्वारा समाधान किया गया। आयोजन का उद्देश्य पुलिस परिवार के बच्चों को परीक्षा के प्रति सकारात्मक, संतुलित और आत्मविश्वासी बनाना रहा।

# महाशिवरात्रि पर गो-आश्रय स्थलों में नंदी पूजन, डीएम ने किया गोवंश का पूजन-अर्चन

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



जौनपुर शासन के निर्देश के क्रम में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर जनपद के समस्त विकास खंडों में संचालित गो-आश्रय स्थलों पर नंदी पूजन कार्यक्रम श्रद्धा एवं विधि-विधान के साथ आयोजित किया गया। इसी क्रम में जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने शाहगंज क्षेत्र के ग्राम पंचायत सराय ख्वाजा स्थित अस्थायी गो-आश्रय स्थल पहुंचकर नंदी पूजन कार्यक्रम में सहभागिता की। जिलाधिकारी ने गोवंश का विधिवत पूजन-अर्चन, माल्यार्पण एवं तिलक कर भगवान शिव के वाहन नंदी की आराधना की। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने गोवंश को अपने हाथों से गुड़, केला एवं हरा चारा खिलाया। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि पर नंदी पूजन का विशेष धार्मिक महत्व है। गोसेवा को भारतीय संस्कृति की महत्वपूर्ण परंपरा बताते हुए उन्होंने कहा कि गौसंरक्षण हमारी सनातन परंपरा का अभिन्न अंग है और समाज के प्रत्येक व्यक्ति को इसमें सक्रिय सहभागिता निभानी चाहिए। जिलाधिकारी ने गो संरक्षण केंद्र की व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण भी किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी गो-आश्रय स्थलों पर स्वच्छ पेयजल, पर्याप्त चारा, नियमित चिकित्सा सुविधा एवं साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही केंद्रों के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक संसाधनों को और सुदृढ़ करने पर बल दिया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने गोवंश की देखभाल कर रहे गो-सेवक को अंगवस्त्रम पहनाकर सम्मानित किया और उनके कार्य की सराहना की। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी पीयूष त्रिपाठी, गो संरक्षण केंद्र के कर्मचारी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और सेवा भाव के वातावरण में संपन्न हुआ।

# सारनाथ साहिनाथ मंदिर में महाशिवरात्रि पर लाखों ने किया जलाभिषेक

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



जौनपुर नौपेड़वां के बक्शा थाना क्षेत्र स्थित शक्तिपीठ सारनाथ साहिनाथ महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व पर लाखों श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। देर शाम तक मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही। श्रद्धालुओ अपने हाथों में दूध, बेलपत्र और धतूरा लेकर मंदिर पहुंचे। मुख्य द्वार से एक किलोमीटर दूर तक लंबी कतारों में खड़े होकर भक्तों ने जलाभिषेक किया। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर दर्शन-पूजन किया। मंदिर की पुजारिन संरक्षिका माला शुक्ला ने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व पर लाखों श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन और जलाभिषेक किया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने जानकारी दी कि कड़ी सुरक्षा के बीच श्रद्धालु दर्शन कर रहे हैं। थानाध्यक्ष बक्शा विक्रम लक्ष्मण सिंह भारी पुलिस बल के साथ लगातार मंदिर परिसर का भ्रमण कर व्यवस्था बनाए हुए थे। मेले का जायजा लेने के लिए सीओ सदर देवेश सिंह और सदर तहसीलदार सौरभ कुमार भी मंदिर परिसर पहुंचे। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण कर मौके पर मौजूद सुरक्षा बलों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहे। श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए सिकरारा और बक्शा के स्वास्थ्य विभाग की टीमें तैनात की गई थीं। सिकरारा से डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ. कृष्ण कुमार गुप्ता, डॉ. रंजना, डॉ. सुनील राय, डॉ. सूरज मौर्या और कंपाउंडर विनय कुमार गोंड मौजूद थे। बक्शा से डॉ. जनार्दन यादव और कंपाउंडर राधेश्याम अपनी टीम के साथ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहे थे। सुरक्षा व्यवस्था में कानूनगो अशोक द्विवेदी और हल्का लेखपाल मृत्युंजय यादव व पत्रकार पंकज विश्वकर्मा, अभिनव सिंह, आशुतोष उपाध्याय, निलेश पाण्डेय सहित अन्य सहयोगी भी उपस्थित रहे।

# शिव जी के अयोध्या आगमन की कथा सुन भक्त हुए भावविभोर





जन एक्सप्रेस । जौनपुर

जौनपुर शाहगंज नगर के रामलीला मैदान में आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा के चौथे दिन श्रद्धालु भगवान श्रीराम के जन्म स्थान अयोध्या भगवान शिव की लीला का मार्मिक वर्णन सुन श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा व्यास राजन जी महाराज ने शाहगंज को पवित्र भूमि बताते हुए कहा कि यहां से सौ सौ किलोमीटर की दूरी पर तीन तीर्थ अयोध्या, काशी व प्रयागराज स्थित है। इससे बड़ा सौभाग्य क्या हो सकता है। शाहगंज की धरा को अर्पण, तर्पण और समर्पण की भूमि बताया। कथा के दौरान उन्होंने ने बालक राम के मनोहारी लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि बालक श्रीराम बाल्य अवस्था में ऐसी ऐसी लीलाएं करते थे कि माता कौशल्या पिता राजा दशरथ समेत पूरा महल आनंदित हो उठता था। उनके करतब से माता-पिता समेत गुरुजन आश्चर्य चकित हो उठते थे। आगे कहा कि भगवान शिव को जब ज्ञात हुआ कि स्वयं श्रीहरि ने राम रुप में अयोध्या में अवतरित हुए हैं तो उनके दर्शन की इच्छा ले साधु भेष में अयोध्या पहुंच गए। माता कौशल्या ने जब जब साधु से बालक राम का भाग्य देखने को कहा तब शिव जी भावविभोर हो उठे। उन्होंने ने संकेत मे बताया कि यह कोई सामान्य बालक नहीं अपितु स्वयं परमब्रह्म है। *राजा जी खजनवा देदा,* *रानी जी गहनवा देदा* प्रस्तुत कर माहौल को पूरी तरह भक्तिभाव से भर दिया। कथा में जिलाधिकारी दिनेश कुमार सिंह भी पहुंच आशीर्वाद लें कथा का रसपान किया। इस दौरान विधायक रमेश सिंह उपजिलाधिकारी कुणाल गौरव, तहसीलदार आशीष कुमार सिंह, पुलिस उपाधीक्षक अजीत सिंह चौहान, अधिशासी अधिकारी प्रदीप गिरी, नपा अध्यक्ष रचना सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि वीरेंद्र सिंह बंटी, आयोजक श्रीश अग्रहरि, आनन्द अग्रहरि, अमित अग्रहरि, सुनील अग्रहरि टप्पू, भुवनेश्वर मोदनवाल, श्रीष मोदनवाल, अजितेश अग्रहरि, सुमित अग्रहरि, अश्वनी अग्रहरि, विशाल अग्रहरि कृष्ण कांत सोनी, राम अवतार, विवेक सोनी, शीम प्रकाश अग्रहरि आदि मौजूद रहे। सभी ने भक्तों को कथा मे आने व प्रसाद ग्रहण करने का आह्वान किया। उक्त श्रीराम कथा 20 फरवरी तक चलेगा।

## पेड़ पर लटका मिला युवक का शव, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**कन्नौज।** जिले में छिबरामऊ क्षेत्र के ग्राम कुंअरपुर के पास एक पेड़ पर युवक का शव लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सुबह ग्रामीणों ने शव को पेड़ पर लटका देखा, तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मृतक की पहचान सौरभ वाल्मीकि (18) पुत्र मिंटू वाल्मीकि उसके पास मिले मोबाइल फोन के आधार पर की गई। पुलिस ने मोबाइल से संपर्क करने पर मृतक के पिता और परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। मौके पर पहुंचे पिता ने आरोप लगाया कि एक दिन पहले युवक के किसी घर में घुसने की बात को लेकर विवाद हुआ था। उनका कहना है कि घरवालों ने उनके बेटे को जान से मारने की धमकी दी थी। पिता के अनुसार उन्होंने स्वयं हाथ जोड़कर माफी भी मांगी थी, लेकिन इसके बावजूद उनके बेटे की हत्या कर शव को पेड़ पर लटका दिया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाल विष्णुकांत तिवारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# एमएजे पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव संपन्न, सांस्कृतिक कार्यक्रम व मेधावी छात्र हुए सम्मानित

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



जौनपुर (बक्शा) क्षेत्र के सुंगुलपुर, लखौवा बाजार स्थित रू.छ्र. पब्लिक स्कूल में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वार्षिकोत्सव समारोह का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें छात्र व छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया स्कूली बच्चों ने बढ़-चढ़कर विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक और शैक्षिक कार्यक्रमों की धूम समारोह के दौरान छात्रों के बीच सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए विद्यालय प्रबंधक साइमा बानो द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र, गोल्ड मेडल, वस्तु देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। अतिथियों का स्वागत इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुंवर विरेन्द्र प्रताप सिंह ( चेयर सहकारिता बैंक, पूर्व राज्यमंत्री) का विद्यालय परिवार की ओर से भव्य स्वागत किया गया। परंपरा के अनुसार, मुख्य अतिथि को माला पहनाकर और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

**मुख्य बिन्दुः** स्थानः रू.छ्र. पब्लिक स्कूल, सुंगुलपुर (लखौवा बाजार), जौनपुर अवसरः वार्षिक उत्सव समारोह व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

**प्रतिभागः** स्कूल के बच्चो कुशल यादव, दिशा उपाध्याय, विभिन्न प्रतियोगिताओं में लिया हिस्सा।

**सम्मानः** बच्चों को प्रमाण पत्र, वस्तु व गोल्ड मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया और मुख्य अतिथि को वस्त्र व माला पहनाकर सम्मानित किया गया। समारोह के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश कुमार अग्रहरी ने आए हुए अतिथियों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया तथा बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### इस मौके पर उपस्थित रहे

मुख्य अतिथि कुंवर वीरेंद्र प्रताप सिंह चेयर सहकारिता बैंक) पूर्व राज्य मंत्री,सुधाकर उपाध्याय (जिला उपाध्यक्ष भाजपा), सरफराज खान चेयरमैन जाफराबाद, संस्थापक अब्दुल सलाम खान, प्रधानाचार्य राकेश कुमार अग्रहरी, प्रबंधक साइमा बानो, उप प्रबंधक अब्दुल कलाम खान, संरक्षक सरफराज खान पूर्व प्रत्याशी लोकसभा सदर, मोहम्मद सलाउद्दीन, सतीरामराम यादव, स्वागतकांक्षी अजहरुद्दीन खान, तालिब खान, अशरफ, अध्यापक डॉक्टर अशोक कुमार सिद्धार्थ, रामेश्वर, अध्यापिका पिंकी यादव माला गौतम आदि लोग उपस्थित रहे।

# हसेरन में पुलिस से भिड़े ग्रामीण, चौकी इंचार्ज से हाथापाई, महिला को मायके भेजने पर हुआ था विवाद

जन एक्सप्रेस । कन्नौज




एक विवाहिता के पति से नाराज होकर मायके जाने की जिद पर ससुराल पक्ष के लोगों से कहासुनी हो गई। मामला बढ़ता देख पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस से भी ग्रामीणों की भिड़ंत हो गई। इसके बाद धक्का-मुक्की और मारपीट हुई। ग्रामीणों ने चौकी प्रभारी के साथ हाथापाई कर दी। पुलिस ने रविवार को कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। क्षेत्र के उदैयापुर गांव निवासी सुशील कुमार की पत्नी पुष्पा का पति से विवाद हो गया। इसके बाद वह मायके जाने की जिद पर अड़ गई। मायके पक्ष से पुष्पा का भाई नयापुरवा ठठिया निवासी रवि 13 लोगों को दो गाड़ियों में लेकर गांव पहुंचा। पुलिस के मुताबिक ससुराल पक्ष के लोगों ने महिला को रोकने का प्रयास किया पर वह डेढ़ वर्ष के बच्चे के साथ मायके जाने पर अड़ी रही। इसी बीच, किसी ने पुलिस चौकी को सूचना दे दी। हसेरन चौकी प्रभारी राजेश कुमार उदैयापुर गांव पहुंचे। उस समय गांव के सियाराम के घर के पास महाशिवरात्रि पर भंडारे का कार्यक्रम चल रहा था जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। पुलिस के पहुंचने पर माहौल और बिगड़ गया। चौकी प्रभारी ने गांव के ही प्रमोद और प्रदीप से समन के संबंध में पूछताछ शुरू की। आरोप है कि ग्रामीणों ने समन छीनकर फाड़ दिए। चौकी प्रभारी राजेश ने रोका तो भीड़ में शामिल कुछ युवकों ने चौकी प्रभारी के साथ हाथापाई कर दी। सूचना मिलते ही इंदरगढ़ थानाध्यक्ष नीलम सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं और स्थिति को संभाला। पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में ले लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि घटना की जांच सीओ तिर्वा कुलवीर सिंह को दी गई है। इस मामले में कार्रवाई की जाएगी।

## रणवीर सिंह को पर्दे पर देखना बेहद खूबसूरत अनुभव, एक्टर की तारीफ में बोलीं

# आयशा खान



रणवीर सिंह को लंबे समय से अपनी पीढ़ी के बेहतरीन अभिनेताओं में गिना जाता है, और उनकी तारीफ सिर्फ दर्शक ही नहीं, बल्कि उनके सह-कलाकार और इंडस्ट्री के लोग भी खुलकर करते हैं। उनकी जबरदस्त एनर्जी, ईमानदारी और हर किरदार में पूरी तरह ढल जाने की काबिलियत उन्हें सबसे अलग बनाती है। इसी कड़ी में अब धुरंधर के लोकप्रिय गीत 'शरारत' में नजर आ चुकीं अभिनेत्री आयशा खान ने भी रणवीर सिंह की जमकर प्रशंसा की है।

**रणवीर सिंह एक अभिनेता के तौर पर बेहद पसंद :आयशा**

हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में आयशा खान ने रणवीर सिंह के प्रति अपना सम्मान और उनके काम के लिए अपनी सच्ची सराहना जाहिर की। उन्होंने कहा, मुझे रणवीर सिंह एक अभिनेता के तौर पर बेहद पसंद हैं। मुझे लगता है कि उन्हें स्क्रीन पर देखना बिल्कुल-बिल्कुल खूबसूरत अनुभव है। मैंने उनकी लगभग सारी फिल्में देखी हैं लेडीज़ वर्सेस रिकी बहल, जिसमें वो मुझे बहुत पसंद आए; बैंड बाजा बारात, गली बॉय, दिल धड़कने दो, बाजीराव मस्तानीज हर फिल्म में मुझे ऐसा लगता है कि वो सच में वही किरदार बन जाते हैं। मुझे उन्हें स्क्रीन पर देखना बहुत अच्छा लगता है, वो बेहद प्यारे लगते हैं। मैं दिल से चाहती हूं कि कभी हमें साथ में फिल्म करने का मौका मिले।



**ऑफ-स्क्रीन भी सादगी और गर्मजोशी**

आयशा के ये शब्द वही बात दोहराते हैं जो रणवीर के साथ काम कर चुके कई कलाकार और फिल्ममेकर अक्सर कहते हैं कि रणवीर हर रोल में पूरी तरह डूब जाते हैं और स्क्रीन पर एकदम सच्चाई के साथ नजर आते हैं। चाहे वो रंगीन मिज़ाज ठग हों, सड़क से निकला रैपर, उलझा हुआ अमीर वारिस या फिर ऐतिहासिक योद्धा रणवीर की परफॉर्मेंस में अभिनेता और किरदार के बीच की दूरी लगभग मिट जाती है। यही उनकी सबसे बड़ी पहचान और ताकत बन चुकी है। ऑफ-स्क्रीन भी रणवीर सिंह अपनी सादगी और गर्मजोशी के लिए जाने जाते हैं। इंडस्ट्री के लोग उन्हें विनम्र, सम्मान देने वाला और सेट पर हर किसी से जुड़ाव रखने वाला इंसान बताते हैं। सुपरस्टार होने के बावजूद, सिनेमा के प्रति उनका जुनून, मेहनत और ईमानदारी आज भी उतनी ही मजबूत है।

वर्क फ्रंट की बात करें तो रणवीर सिंह का दबदबा लगातार बढ़ता जा रहा है। धुरंधर के साथ उन्होंने पहले ही कई बॉक्स-ऑफिस रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं और खुद को मौजूदा दौर का बॉक्स-ऑफिस सम्राट साबित किया है। वहीं धुरंधरः द रिवेंज की रिलीज़ को लेकर इंडस्ट्री में जबरदस्त उत्साह है। माना जा रहा है कि अगर सीक्वल भी पहले पार्ट जैसा इतिहास रचता है, तो रणवीर सिंह का राज पूरी तरह निर्विवाद हो जाएगा।

## कॉन्सर्ट में लड़कियों से बदसलूकी देख 'धुरंधर' सिंगर जैस्मीन ने रोका शो, बोलीं- मैं गाना नहीं गाऊंगी




जैस्मीन सैंडलस म्यूजिक की दुनिया का जाना माना नाम हैं, उन्होंने कई कमाल के गाने गाए हैं. जिनमें से हालिया गाने की बात करें, तो उन्होंने बॉलीवुड की सुपरहिट फिल्म 'धुरंधर' के टाइटल ट्रैक और शरारत जैसी ब्लॉकबस्टर गाने लोगों का दिल फिर से जीता है. कमाल के गानों से पहचान बनाने वाली सिंगर जैस्मीन सैंडलस ने हाल ही में ना सिर्फ अपनी आवाज बल्कि अपने सपोर्टिव नेचर की वजह से भी लोगों के बीच सुर्खियां बटोर रही हैं.हाल ही में दिल्ली के एक लाइव कॉन्सर्ट में जैस्मीन सैंडलस को सुनने के लिए भारी भीड़ इकट्ठा हुई थी. इस दौरान परफॉर्म करते हुए उनकी नजर नीचे भीड़ पर गई तो, उन्होंने देखा कि कुछ लोग लड़कियों के साथ बदसलूकी कर रहे थे. ये देखते ही उन्होंने तुरंत अपनी परफॉर्मेंस रोक दी और सिक्योरिटी गार्ड्स को उन आदमियों को हटाने को कहने लगी. सिंगर का ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होकर सबका दिल जीत लिया है.

**गाने से कर दिया था मना**

वीडियो में जैस्मीन ने कहा कि अगर लड़कियां सेफ नहीं फील करेंगी, मैं गाना नहीं गाऊंगी. जिसको सुनने के बाद लोगों की तालियों की आवाज आने लगती है. जैस्मीन सैंडलस, जिन्हें 'धुरंधर' फिल्म के टाइटल ट्रैक और शरारत जैसे गानों के लिए खूब सराहा गया है. 7 फरवरी को दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में अपने लाइव शो में परफॉर्म कर रही थीं. वायरल हो रही क्लिप को लोग खूब पसंद कर रहे हैं और जैस्मीन की तारीफों के पुल बांध रहे हैं.

**आएशा खान का सरप्राइज**

जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में हुए लाइव शो की बात करें, तो फैंस को सरप्राइज देने के लिए एक्ट्रेस आएशा खान भी स्टेज पर पहुंच गईं. जिसके बाद उन्होंने शरारत ट्रैक पर जैस्मीन के साथ परफॉर्म किया, जिससे लोगों में एक्साइटमेंट और भी ज्यादा बढ़ गई. 'धुरंधर' के गाने से पहले भी जैस्मीन की फैन फॉलोइंग काफी ज्यादा थी, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सिंगर को 7 मिलियन से ज्यादा लोग फॉलो करते हैं और उनके गानों को पसंद करते हैं.

## हर घर में टीवी चल रहा था, सब हंस रहे थे...पिता के निधन के बाद डिप्रेशन में थे कपिल, फिर ऐसे बदली लाइफ




कपिल शर्मा कॉमेडी जगत के सबसे फेमस कॉमेडियन हैं. उन्हें 'द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज' और फिर 'द कपिल शर्मा शो' के जरिए एक अलग पहचान मिली. इसके साथ ही अब वो एक्टिंग की दुनिया में भी कदम रख चुके हैं. पिछले कुछ समय से वो अपने फिल्म 'किस किस को प्यार करू 2' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं. कपिल शर्मा इस समय नेटफ्लिक्स पर अपने टॉक शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' को होस्ट कर रहे हैं. हाल ही में उन्होंने डिप्रेशन को लेकर बात की है.

एक न्यूज एजेंसी से बात करते समय कपिल ने अपने डिप्रेशन फेज का जिक्र किया है. किस तरह से उन्होंने उस समस्या का मुकाबला किया. अपनी लाइफ के उतार-चढ़ाव के बारे में बात करते हुए कपिल ने कहा,हर दौर का अपना अलग चार्म होता है. बचपन अलग था, जब मेरे पिता मेरे साथ थे, वो दौर अलग था, 2004 में उनके निधन के बाद, लाइफ पूरी तरह पटरी से उतर गई थी.

**36 साल की उम्र में डिप्रेशन**

कपिल शर्मा ने डिप्रेशन के बारे में बात करते हुए कहा, 36 साल की उम्र में डिप्रेशन हुथा था और मैं पूरी तरह टूट गया था. लोग कहने लगे, अब तो उसका करियर खत्म हो गया है. फिर मेरी शादी हुई.

फिर शो वापस आया. फिर से मैंने 300 प्लस एपिसोड किए. उन्होंने अपने पिता को हर दिन याद करने के बारे में भी बात कि और कहा, अतीत कभी नहीं बदलता. जो चले गए वो वापस नहीं आते. जब मैंने 'द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज सीजन 3' की ट्रॉफी जीती और मुझे 10 लाख रुपये का चेक मिला, तो मैं ये सोचकर रो पड़ा कि काश पिता आज यहां होते.

**पापा को हर दिन करते हैं याद**

उन्होंने बताया, जब मेरा शो शुरू हुआ, तो मुझे याद है कि मैं रात 9 बजे अपने घर के बाहर चुपचाप खड़ा था. सोसायटी के हर घर में टीवी चल रहा था और मैं लोगों की हंसी सुन सकता था. मैंने मन में सोचा, अगर पापा जिंदा होते तो वो कितने खुश होते. मैं उन्हें हर दिन याद करता हूं, लेकिन कुछ पल ज्यादा मुश्किल होते हैं.



# प्रियंका चोपड़ा

## और रणवीर सिंह की वो HIT फिल्म, 3 से भी कम है जिसकी IMDb रेटिंग

बॉलीवुड सुपरस्टार रणवीर सिंह ने हाल ही में बॉक्स ऑफिस पर अपनी ब्लॉकबस्टर फिल्म 'धुरंधर' से धूम मचाई है. दुनियाभर में इस पिक्चर ने 1300 करोड़ रुपये की शानदार कमाई की है. वहीं 'देसी गर्ल' प्रियंका चोपड़ा इन दिनों 1300 करोड़ रुपये के बजट में बन रही फिल्म 'वाराणसी' में काम कर रही हैं. रणवीर और प्रियंका अपने सफल और लंबे करियर में स्क्रीन भी शेयर कर चुके हैं. आज हम आपको दोनों की एक ऐसी फिल्म के बारे में बता रहे हैं जो बॉक्स ऑफिस पर तो हिट रही थी, लेकिन IMDb रेटिंग में इसका जादू नहीं चल पाया था.प्रियंका चोपड़ा और रणवीर सिंह की जिस फिल्म की यहां बात हो रही है उसने सिनेमाघरों में 12 साल पहले दस्तक दी थी. एक दशक ज्यादा पुरानी ये फिल्म दर्शकों को काफी पसंद आई थी. इसमें रणवीर और प्रियंका की केमिस्ट्री ने फैंस का दिल जीत लिया था. एक्शन और रोमांस से भरपूर इस पिक्चर ने अपने बजट से डबल कलेक्शन किया था. इसमें रणवीर और प्रियंका के साथ-साथ एक और एक्टर ने लीड रोल निभाया था.




**2012 में रिलीज हुई थी फिल्म**

प्रियंका चोपड़ा और रणवीर सिंह की ये फिल्म है 'गुंडे'. इसमें अभिनेता अर्जुन कपूर ने भी काम किया था. 14 फरवरी 2014 को रिलीज हुई गुंडे का डायरेक्शन अली अब्बास जफर ने किया था. रणवीर ने विक्रम और अर्जुन ने बाला नाम का किरदार निभाया था. गुंडे का हिस्सा इरफान खान, सौरभ शुक्ला, दीपराज राणा और दर्शन गुर्जर जैसे कलाकार भी थे.

**कलेक्शन और आईएमडीबी रेटिंग**

जहां अली अब्बास जफर गुंडे के डायरेक्टर थे तो वहीं इसके प्रोड्यूसर थे आदित्य चोपड़ा. यशराज फिल्म्स के बैनर तले बनी इस फिल्म पर मेकर्स ने 51 करोड़ रुपये खर्च किए थे. पहले दिन 16.10 करोड़ रुपये कमाने वाली गुंडे ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर टोटल 78.61 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था. जबकि दुनियाभर में पिक्चर की टोटल कमाई 130.90 करोड़ रुपये दर्ज की गई थी.

# फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों का तीन दिवसीय भारत दौरा, पीएम मोदी से होगी मुलाकात

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



भारत और फ्रांस के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों भारत आ रहे हैं। वह अपनी पत्नी ब्रिगिट मैक्रों के साथ तीन दिवसीय दौरे पर रहेंगे। यह दौरा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पिछली फ्रांस यात्रा के बाद हो रहा है। मैक्रों का यह दौरा कई मायनों में अहम माना जा रहा है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, राष्ट्रपति मैक्रों 16 फरवरी की देर रात करीब 11:30 बजे मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे। उनके दौरे के आधिकारिक कार्यक्रमों की शुरुआत 17 फरवरी से होगी। इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच कई अहम मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है।

## मुंबई और दिल्ली में कई कार्यक्रम

17 फरवरी को राष्ट्रपति मैक्रों की मुलाकात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से होगी। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच कई समझौतों का आदान-प्रदान होगा और एक संयुक्त बयान भी जारी किया जाएगा। शाम को वह होटल ताज महल पैलेस में भारत-फ्रांस इनोवेशन फोरम में हिस्सा लेंगे। इसके बाद रात में गेटवे ऑफ इंडिया पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। अगले दिन 18 और 19 फरवरी को राष्ट्रपति मैक्रों नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। यहां वह एआई इम्पैक्ट समिट के उद्घाटन समारोह में शामिल होंगे। इसके अलावा, वह कई देशों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक और वर्किंग लंच में भी हिस्सा लेंगे। 19 फरवरी को दोपहर 3:45 पर वह फ्रांस के लिए रवाना हो जाएंगे।

### एआई समिट और इनोवेशन पर जोर

इस दौरे का बड़ा आकर्षण नई दिल्ली में आयोजित हो रहा एआई इम्पैक्ट समिट है। यह ग्लोबल साउथ में होने वाला पहला एआई समिट है, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। भारत सरकार का मानना है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) देश के विकास, शासन और सार्वजनिक सेवाओं को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभा सकता है। इस दौरे के दौरान दोनों नेता 'भारत-फ्रांस ईयर ऑफ इनोवेशन' का भी उद्घाटन करेंगे, जिसे 2026 तक मनाया जाएगा। दोनों देशों के बीच होराइजन 2047 रोडमैप के तहत सहयोग बढ़ाने पर भी चर्चा होगी। साथ ही, हिंद-प्रशांत क्षेत्र समेत आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी बातचीत की जाएगी।

'हमने सुधार को पूरी प्रतिबद्धता के साथ लागू किया', पीएम ने कहा

# यह बजट 'हम तैयार हैं' वाला

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीटीआई को दिए एक विशेष इंटरव्यू में कहा कि उनकी सरकार ने सुधार को पूरी प्रतिबद्धता के साथ लागू किया है और यह सिर्फ बातों तक नहीं बल्कि काम में भी दिखा है।

## बजट पर क्या बोले मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस साल का बजट भारत के विकसित राष्ट्र बनने की आकांक्षा को दर्शाता है। उनके मुताबिक यह बजट किसी मजबूरी में लिया गया 'अब या कभी नहीं' जैसा फैसला नहीं है, बल्कि यह देश की तैयारी और आत्मविश्वास का संकेत है- यानी 'हम तैयार हैं' वाला बजट है।

## निवेश और व्यापार समझौतों पर बयान

पीएम मोदी ने कहा कि राजनीतिक



स्थिरता और नीति की स्पष्टता से निवेशकों का भरोसा भारत में बढ़ा है। इसी कारण भारत अब मजबूत स्थिति में व्यापार समझौते कर रहा है। उन्होंने बताया कि देश ने 38 देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) किए हैं। उन्होंने कहा कि मजबूत मैन्युफैक्चरिंग, सेवाओं का क्षेत्र और एमएसएमई सेक्टर ने भारत को वैश्विक व्यापार वार्ताओं में ताकत दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस दौरान बताया कि भारत के एफटीए खास तौर पर छोटे और मध्यम उद्योगों के लिए बनाए गए हैं ताकि टेक्सटाइल, लेदर, केमिकल, हस्तशिल्प, जेम्स-ज्वेलरी जैसे क्षेत्रों को ज्यादा विदेशी बाजार मिल सके।

### सरकार का रुख


पीएम मोदी ने कहा कि सरकार देश की सुरक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाएगी। उन्होंने रक्षा बजट में बढ़ोतरी का जिक्र करते हुए कहा कि मौजूदा जरूरतों के अनुसार रक्षा क्षेत्र का आधुनिकीकरण करना सरकार की जिम्मेदारी है।

### पूर्ववर्ती सरकार पर हमला

पीएम मोदी ने आगे कहा है कि यूपीए सरकार के दौर में आर्थिक कुप्रबंधन की वजह से भारत अंतरराष्ट्रीय मंच पर आत्मविश्वास के साथ बातचीत नहीं कर पाता था। उन्होंने कहा कि उस समय अक्सर बातचीत शुरू होती थी लेकिन ठोस नतीजे नहीं निकलते थे और लंबे-लंबे समझौते भी बिना खास उपलब्धि के खत्म हो जाते थे।

# कर्नाटक में छठा भारत-फ्रांस वार्षिक रक्षा संवाद

## फ्रांसीसी समकक्ष के साथ राजनाथ करेंगे सह-अध्यक्षता



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 17 फरवरी, 2026 को कर्नाटक के बंगलूरू में फ्रांस की सशस्त्र सेना और पूर्व सैनिक मामलों की मंत्री कैथरीन वॉट्रिन के साथ छठे भारत-फ्रांस वार्षिक रक्षा संवाद की सह-अध्यक्षता करेंगे। इस बैठक में द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के संपूर्ण पहलुओं की समीक्षा की जाएगी, जिसमें औद्योगिक सहयोग के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

## बैठक में हो सकते हैं यह बड़े फैसले

दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग समझौते को अगले 10 साल के लिए बढ़ाया जा सकता है। वहीं हैमर मिसाइल के संयुक्त निर्माण के लिए एक समझौता साइन होने की संभावना है। इसके साथ ही भारतीय सेना और फ्रांसीसी थल सेना के प्रतिष्ठानों में एक-दूसरे के अधिकारियों की तैनाती को लेकर भी घोषणा हो सकती है।

## प्रोजेक्ट का उद्घाटन

दोनों रक्षा मंत्री एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम भी देखेंगे, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों वर्चुअल माध्यम से कर्नाटक के वेमगल में टाटा-एयरबस के ॥125 लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर असेंबली यूनिट का उद्घाटन करेंगे।

### मजबूत है भारत-फ्रांस रक्षा संबंध

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि भारत-फ्रांस संबंधों में रक्षा हमेशा से एक मजबूत स्तंभ रहा है। पिछले कुछ वर्षों में दोनों देशों के बीच कई बड़े स्तर की मुलाकातें हुई हैं। बता दें कि, पीएम मोदी जुलाई 2023 में फ्रांस के बैस्टील डे परेड में मुख्य अतिथि थे। जबकि जनवरी 2024 में फ्रांस के राष्ट्रपति भारत के गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि बने।

### नियमित सैन्य अभ्यास

भारत और फ्रांस के बीच सैन्य सहयोग लगातार बढ़ रहा है। दोनों देश नियमित रूप से तीन बड़े संयुक्त अभ्यास करते हैं। इसमें शक्ति - थल सेना के बीच, वरुण - नौसेना के बीच और गरुड़ - वायु सेना के बीच अभ्यास है। इसके अलावा भी कई सैन्य स्तर की गतिविधियां चलती रहती हैं।

### फ्रांसीसी मंत्री की पहली भारत यात्रा

कैथरीन वॉट्रिन के अक्तूबर 2025 में रक्षा मंत्री बनने के बाद यह उनकी पहली भारत यात्रा होगी। यह वार्षिक रक्षा संवाद एक मंत्री-स्तरीय बैठक है, जिसमें दोनों देश रक्षा और सुरक्षा सहयोग की दिशा तय करते हैं। पिछली यानी 5वीं बैठक अक्तूबर 2023 में फ्रांस में हुई थी।

# मतदाता सूची संशोधन पर ओवैसी ने बीजेपी को घेरा

## कहा, एसआईआर के जरिए नागरिकता छीनने की कोशिश कर रही सरकार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। हैदराबाद

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर को लेकर सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। एआईएमआईएम अध्यक्ष ओवैसी ने भाजपा नीत केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि एसआईआर प्रक्रिया के जरिए नागरिकता अधिकार छीनने की कोशिश हो रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि जब भी यह प्रक्रिया शुरू हो, तो अपने नाम सही तरीके से मतदाता सूची में दर्ज कराएं। उन्होंने यह बयान पार्टी के 68वें पुनरुत्थान दिवस कार्यक्रम के दौरान दिया। ओवैसी ने कहा कि बिहार के बाद अब तेलंगाना और महाराष्ट्र में भी मतदाता सूचियों का विशेष गहन



पुनरीक्षण किया जाएगा। उनके अनुसार यह प्रक्रिया निष्पक्ष तरीके से होनी चाहिए, लेकिन उन्हें आशंका है कि इसका इस्तेमाल गलत ढंग से किया जा सकता है। ओवैसी ने आरोप लगाया कि भाजपा चुनाव आयोग के जरिए एसआईआर कराकर लोगों के अधिकारों को प्रभावित करना चाहती है। उन्होंने कहा कि असली मतदाताओं के नाम हटने नहीं चाहिए और जनता को सतर्क रहना होगा।

### तेलंगाना में कब शुरू हो सकती है प्रक्रिया


चुनाव अधिकारियों के मुताबिक तेलंगाना में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अप्रैल-मई के दौरान घोषित किया जा सकता है। इस प्रक्रिया में घर-घर सत्यापन और दस्तावेज जांच जैसे कदम शामिल होते हैं। ओवैसी ने कहा कि लोगों को पहले से तैयार रहना चाहिए और जरूरी कागज पूरे रखने चाहिए। उन्होंने दावा किया कि यदि लोग सतर्क नहीं रहे तो कई वैध नाम सूची से बाहर हो सकते हैं।

## मेड़ारम जातरा घटना पर भी उठाई आवाज

ओवैसी ने अपने भाषण में मेड़ारम जातरा मेले के दौरान एक मुस्लिम बन बेचने वाले विक्रेता के साथ कथित दुर्व्यवहार का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि कुछ यूट्यूबरों ने विक्रेता को परेशान किया और इसे सांप्रदायिक रंग दिया। ओवैसी ने तेलंगाना पुलिस से मांग की कि ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त केस दर्ज किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी को भी डराने या निशाना बनाने की इजाजत नहीं दी जानी चाहिए और कानून के तहत कार्रवाई जरूरी है।

# अमित शाह ने राहुल को दी चुनौती: ट्रेड डील को लेकर लगाया गुमराह करने का आरोप, कहा, किसी भी मंच पर कर लें बहस

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। अहमदाबाद



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को गुजरात के गांधीनगर स्थित महात्मा मंदिर में भारत की पहली सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) आधारित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी पर जमकर प्रहार किया और अमेरिकी व्यापार समझौते (ट्रेड डील) पर देश की जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि राहुल गांधी देश को गुमराह कर रहे हैं कि यूरोपीय यूनियन, इंग्लैंड के साथ एफटीए और अमेरिका के साथ हुई ट्रेड डील में पीएम मोदी ने किसानों के हित को नुकसान पहुंचाया है। मैं राहुल गांधी को चैलेंज देना चाहता हूं, कोई भी मंच तय कर लीजिए, भाजपा के युवा मोर्चा का अध्यक्ष आकर बहस कर लेगा कि किसानों का नुकसान किसने किया है।

## 'राहुल गांधी झूठ बोलकर गुमराह कर रहे हैं'

उन्होंने कहा कि मैं देश के किसानों से कहना चाहता हूं कि राहुल गांधी झूठ बोल रहे हैं और आपको गुमराह कर रहे हैं। इंग्लैंड और यूरोपीय यूनियन के साथ हुए एफटीए और अमेरिका से हुई ट्रेड डील में पीएम मोदी ने किसानों के हितों की सुरक्षा की है। तीनों समझौतों में डेयरी क्षेत्र को भी पूरी तरह सुरक्षा देने का काम प्रधानमंत्री मोदी ने किया है। इसके माध्यम से हमारे कृषि उत्पाद और मत्स्य उत्पादों को दुनिया के बाजार में पहुंचाने का रास्ता भी खोला है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मैं फिर से एक बार भारत के मछुआरों, पशुपालकों और किसानों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कभी भी आपके हितों के साथ समझौता नहीं किया है, न ही कर सकते हैं, यह असंभव है। यह काम तो मनमोहन सिंह की सरकार ने डंकल प्रस्ताव पर साइन करके किया था। देश की जनता ने 2014 में कांग्रेस को टाटा बाय-बाय कर दिया, पीएम मोदी आए और उस समझौते को बदल दिया। मनमोहन सरकार ने पूरे विश्व के लिए भारत का कृषि बाज़ार खोल दिया था। आज पीएम मोदी किसानों की सुरक्षा के लिए चट्टान की तरह खड़े हैं।

### 70 साल में एक बार कर्जमाफी का झुनझुना पकड़ाकर किसानों को गुमराह किया: शाह

उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि इन्होंने 70 साल में एक बार कर्जमाफी का झुनझुना पकड़ाकर किसानों को गुमराह किया। पीएम मोदी ने 10 साल से 6,000 रुपए प्रति वर्ष देकर किसानों को लोन लेने की नौबत ही न आए, ऐसी व्यवस्था की। कांग्रेस का नेतृत्व हमेशा झूठ बोलकर जनता को गुमराह करता रहा है। कांग्रेस के 'शहजादे' राहुल गांधी संसद में किसानों की बात करते हैं। आपने किसानों का कितना अनाज खरीदा था? 10 साल यूपीए सरकार के और 10 साल मोदी सरकार की तुलना करें तो हमने आपसे 15 गुना अधिक अनाज किसानों का एमएसपी पर खरीदा है।

### महाराष्ट्र के दो जिलों के 21 ठिकानों पर एटीएस की छापेमारी, आतंकी गतिविधियों के शक में तलाशी अभियान

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

महाराष्ट्र आतंकवाद विरोधी दस्ते (एटीएस) ने संदिग्ध आतंकी गतिविधियों की खुफिया जानकारी के मद्देनजर दो जिलों में ताबड़तोड़ तलाशी अभियान चलाया। एटीएस ने यवतमाल और अहिल्यानगर जिलों के 21 ठिकानों पर छापेमारी करते हुए पूछताछ के लिए कई संदिग्धों को हिरासत में लिया है। दरअसल, एटीएस को खुफिया जानकारी मिली थी कि कुछ युवाओं को आतंकी संगठनों से संपर्क करके सक्रिय करने की कोशिश की जा रही है। एक अधिकारी ने बताया कि एटीएस ने आधी रात के आसपास शुरू किए गए छापों में दोनों जिलों में 20 से अधिक स्थानों की तलाशी ली और एक दर्जन से अधिक संदिग्धों को हिरासत में लिया है। एटीएस ने यवतमाल जिले के पुसद और उमरखेड़ में 14 जगह और अहिल्यानगर (अहमदनगर) में सात जगहों पर सर्च ऑपरेशन चलाया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि राज्य में युवाओं के कट्टरपंथीकरण के बारे में मिली विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर एटीएस ने जिला पुलिस टीम के साथ मिलकर यवतमाल के पुसाद और उमरखेड़ शहरों में अभियान चलाया। अधिकारी ने बताया कि संदिग्धों से जुड़े घरों, कार्यालयों और अन्य स्थानों सहित 14 जगहों पर तलाशी जारी है।

# 'भारत के पास एआई सुपरपावर बनने की पूरी क्षमता'

- ऑल्टमैन के मुताबिक, भारत के पास बेहतरीन टेक टैलेंट, राष्ट्रीय रणनीति और इस टेक्नोलॉजी को लेकर सकारात्मक सोच है

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

चैटजीपीटी बनाने वाली कंपनी ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने भारत को लेकर एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का एक बड़ा लीडर बनने की पूरी क्षमता है। ग्लोबल एआई इम्पैक्ट समिट के लिए भारत आने से पहले उन्होंने यह बात कही। ऑल्टमैन के मुताबिक, भारत के पास बेहतरीन टेक टैलेंट, राष्ट्रीय रणनीति और इस टेक्नोलॉजी को लेकर सकारात्मक सोच है। ओपनएआई के सीईओ ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में घरेलू विशेषज्ञता के साथ-साथ बड़े पैमाने पर एआई को लागू करने के लिए सरकारी नीतियां भी हैं। उन्होंने सरकार के इंडियाएआई मिशन का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इस मिशन का मकसद कंप्यूटिंग क्षमता का विस्तार करना, स्टार्टअप्स को सपोर्ट देना और स्वास्थ्य, कृषि और सार्वजनिक सेवाओं में एआई के इस्तेमाल को बढ़ावा देना है।

## भारत में एआई का तेजी से इस्तेमाल

सैम ऑल्टमैन ने आगे कहा कि भारत में एआई टूल्स को बहुत तेजी से



अपनाया जा रहा है। देश में अब 10 करोड़ साप्ताहिक एक्टिव यूजर्स हैं, जो अमेरिका के बाद दुनिया में सबसे ज्यादा हैं। उन्होंने यह भी कहा कि दुनिया भर में चैटजीपीटी पर सबसे ज्यादा छात्र भारत से हैं। ओपनएआई के रिसर्च टूल प्रिज्म के इस्तेमाल में भी भारत दुनिया में चौथे स्थान पर है। उन्होंने लिखा, 'भारत के पास एआई लीडर बनने के सभी गुण हैं। यहां एआई को लेकर आशा है, देश में टैलेंट है और टेक्नोलॉजी को व्यापक रूप से शामिल करने के लिए एक राष्ट्रीय रणनीति भी है।' उन्होंने जोर देकर कहा कि एआई के फायदों को बढ़ाने के लिए इसकी पहुंच, इसे अपनाने और इसके इस्तेमाल की क्षमता पर काम करना जरूरी है।

## सफलता के लिए तीन चीजें जरूरी

ऑल्टमैन ने कहा कि अगर एआई की पहुंच और इसे अपनाना असमान रहता है, तो इसके फायदे भी असमान होंगे। उन्होंने कहा, 'ओपनएआई भारत में, भारत के साथ और भारत के लिए एआई बनाने में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है।' कंपनी ने लोगों तक पहुंच बढ़ाने के लिए अपने टूल्स मुफ्त में उपलब्ध कराए हैं। उन्होंने तीन मुख्य प्राथमिकताओं पर जोर दिया। पहला, एआई के बारे में लोगों को साक्षर बनाना। दूसरा, कंप्यूटिंग और ऊर्जा के लिए बुनियादी ढांचा तैयार करना। और तीसरा, एआई को असल कामकाज में शामिल करना। उन्होंने कहा कि बुनियादी ढांचा ही भविष्य तय करता है। यह सब भरोसे के बिना काम नहीं कर सकता।

### भारत के लिए ओपनएआई की योजना

सैम ऑल्टमैन ने बताया कि ओपनएआई ने हाल ही में भारत के चार शहरों में 200 से अधिक गैर-लाभकारी लीडर्स से मुलाकात की थी, ताकि उन्हें चैटजीपीटी का उपयोग करने में मदद मिल सके। कंपनी ने पिछले साल अगस्त में दिल्ली में अपना पहला ऑफिस खोला था और इस साल इसका और विस्तार करने की योजना है। उन्होंने कहा, 'हम जल्द ही भारत सरकार के साथ साझेदारी के नए तरीकों की घोषणा करेंगे।' इसका मकसद देश के ज्यादा से ज्यादा लोगों तक एआई और इसके लाभों को पहुंचाना है। ऑल्टमैन ने अंत में कहा, एआई भारत के भविष्य को परिभाषित करने में मदद करेगा, और भारत एआई के भविष्य को परिभाषित करने में मदद करेगा।'

# राहुल गांधी ने ट्रेड डील को बताया किसानों के साथ विश्वासघात

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर देश के किसानों के साथ विश्वासघात करने का बड़ा आरोप लगाया है। इसी के साथ भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पांच सवाल पूछे। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि अमेरिका ट्रेड डील के नाम पर हम भारत के किसानों के साथ विश्वासघात होते हुए देख रहे हैं। राहुल गांधी लगातार अमेरिका के साथ हुई डील पर सवाल उठा रहे हैं। वो हर दिन समझौते से जुड़े कुछ ना कुछ तथ्यों का दावा करते हुए सरकार को घेरने का काम रहे हैं। इसी के साथ केंद्र सरकार की मंशा पर सवाल भी उठा रहे हैं। अब इस कड़ी में कांग्रेस नेता में एक बार फिर सवाल उठाए हैं। उन्होंने अपने



पोस्ट में पांच सवालों का जिक्र करते हुए लिखा कि डीजीजी इंपोर्ट करने का वास्तव में क्या मतलब है? क्या इसका मतलब यह है कि भारतीय मवेशियों को जीएम अमेरिकी मक्का से बने डिस्टिलर्स अनाज खिलाए जाएंगे? क्या इससे हमारे दूध उत्पाद प्रभावी रूप से अमेरिकी कृषि उद्योग पर निर्भर नहीं हो जाएंगे? अगर हम जीएम सोया तेल के आयात की अनुमति देते हैं, तो मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और देशभर के हमारे सोया किसानों का क्या होगा?

# गाजियाबाद के महरौली की बेटी ने सलफास खाकर की आत्महत्या

- परिवार का आरोप बचपन की सहेली ने लाखों का किया गबन

जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद

गाजियाबाद के महरौली निवासी एक युवती ने सल्फास खाकर अपनी जान दे दी है। पैसे डबल करने का लालच देकर मृतका की मित्र और एक अन्य व्यक्ति उससे 25 लाख रुपए डबल करने का लालच देकर लिया था। जिसके बाद वापसी को लेकर युवती को परेशान किया जा रहा था। मृतिका



करिश्मा पुत्री पवन वर्मा स्नातक तक पढ़ाई किया था। पिता पवन वर्मा का आरोप है बेटी के बैंक खाते में रखी 25 से 30 लाख रुपयों की रकम पर उसके मित्र और अन्य की नज़र थी। मृतक करिश्मा की बचपन की सहेली शिवांगी और शिवांगी की भाभी सपना तथा शिवांगी का मित्र राहुल जैन तीनों ही इस घटना के लिए आरोपी है। मृतक के पिता पवन वर्मा ने बताया करिश्मा के खातों से लाखों रुपये की रकम शिवांगी और उसकी भाभी के खातों में करिश्मा को बहला फुसला कर ली गई। जिसके दबाव में लगभग 7 महीने पहले भी करिश्मा ने ऐसा ही खतरनाक कदम पहले भी उठाया। जिसकी शिकायत गाजियाबाद के थाना वेव सिटी में पूर्व में की गई थी। जिस पर कुछ खास कार्यवाही नहीं किया गया था। इसके बाद कोर्ट में पहुंच इसकी शिकायत की गई तब जाकर मृतक के पिता को शिवांगी और उसकी भाभी द्वारा कई लाखों के चेक दिये गये थे। परिवार का आरोप है कि उपरोक्त इन्हीं चारों द्वारा षड्यंत्र कर पैसे की ठगी और आत्महत्या करने के लिए मजबूर किया गया।

# डंपिंग ग्राउंड को लेकर किसान हुए आक्रोशित पुलिस से हुई भिड़ंत



जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद

गाजियाबाद के लोनी थाना ट्रोनिका सिटी क्षेत्र अन्तर्गत आने वाले मीरपुर हिंदू गांव में रविवार को मामला बिगड़ गया। डंपिंग ग्राउंड का विरोध कर आंदोलित किसानों और निवासियों की तीखी झड़प हो गई। जिसके बाद पुलिस को स्थिति पर नियंत्रण करने में बड़ी मशक्कत करनी पड़ी। स्थिति को अनियंत्रित होता देख पुलिस द्वारा किसानों और प्रदर्शनकारियों पर बल लाठी चार्ज कर दिया। जिसके चपेट में एक महिला प्रदर्शनकारी चपेट में आकर घायल हो गई। पुलिस लाठी चार्ज के बाद गांव और आसपास इलाकों में तनाव व्याप्त हो गया है। मामले का असर सीमित करने के लिए भारी पुलिस बल की तैनाती किया गया है। प्रदर्शनकारियों और किसानों ने प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि हमारे आंदोलन को कुचलने के लिए जानबूझकर ऐसा कृत्य किया है। जिसका विरोध हर स्तर पर होगा। हम अपने रिहायशी इलाकों में जीडीए और नगर निगम की मनमानी नहीं चलने देंगे।

### जीडीए और गाजियाबाद नगर निगम की लापरवाही पड़ी भारी

ज्ञात हो जनपद गाजियाबाद में कूड़ा निस्तारण को लेकर तमाम शिकायत और प्रार्थना पत्र प्रशासनिक कार्यालय और हरित न्यायालय तक पहुंचे हैं। हरित न्यायालय द्वारा जुर्माना तक लगाया गया। इसके बाद भी प्रशासनिक अधिकारियों की इस मामले को लेकर कोई खास सक्रियता नहीं दिखी। इधर अस्थाई रूप से लोनी क्षेत्र के हिन्दू मीर इलाके में डंपिंग ग्राउंड बनाने का प्रयास किया। जिसके बाद किसान आंदोलन पर उतर आए। डंपिंग ग्राउंड के विरोध में केवल हिन्दुमीर इलाके के ही नहीं पंचायरा,मीरपुर और बदरपुर सहित आस पास के किसान विरोध कर रहे हैं। किसानों की माने तो पुलिस बल जानबूझकर ऐसा हठ प्रयोग किया जिससे मामला खराब हुआ। आने वाले समय में अब गाजियाबाद की राजनीति किस करवट लेगी यह भविष्य के गर्त में है। लेकिन 2027 चुनावों की राजनीतिक बिसात पर खेल होगा यह तय लगने लगा है।